26 मई 2025 | रांची, सोमवार | वर्ष-26, अंक- 113, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 14, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

₹3.00

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

वट सावित्री की हार्दिक शुभकामनाएं

### जय हिंद, जय हिंद की सेना

## भारतीय सेना के बल पर ही हम विश्व में गौरवान्वित हुए



**रोजलिन लकड़ा**
पूर्व केंद्र निदेशक, आकाशवाणी रांची।

हमारे देश पर हम सभी को गर्व है। भारतीय सेना ने हमारे सिर को गर्व से और ऊंचा किया है। देश के नौजवान, महिला, पुरुष, बेटियां हम सभी भारतीय सेना का नमन करते हैं। आज सेना के बल पर ही हमारा देश विश्व में गौरवान्वित हुआ है। हम देश की बहादुर सेना के प्रति आभार प्रकट करते हैं। देश की सेवा करते हुए प्राणों की आहुति देने वाली सेना के जवानों के प्रति हम सभी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं और उनके परिवार को भी नमन करते हैं। हम सेना का वंदन व अभिनंदन करते हैं। पहलगाम हमला पड़ोसी देश की कायरता को दर्शाता है। वहीं, हमारे देश की सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में जो कारवाई की, वह देश की वीरता को प्रदर्शित करता है। जय हिंद, जय हिंद की सेना!

### पहली बार झारखंड दौरे पर आए लोकसभा अध्यक्ष, बिरसा मुंडा को किया नमन, कहा

# जनजातीय समुदाय की प्रगति के साथ विकास की राह पर झारखंड

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पहली बार झारखंड दौरे पर रविवार को रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित कई भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने बिरसा चौक स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और बिरसा मुंडा संग्रहालय जाकर धरती आबा की स्मृतियों का अवलोकन भी किया। ओम बिरला ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को मैं प्रणाम करता हूं। ये धरती जनजातीय समुदाय की संस्कृति है। बिरसा मुंडा ने जनजातीय समुदाय, जंगल-जमीन, आदिवासी की संस्कृति को बचाने के लिए उन्होंने एक लंबी लड़ाई लड़ी। उनके इस संघर्ष से ही आज जनजातीय समाज को सम्मान मिलता है। झारखंड जनजातीय समुदाय की प्रगति के साथ विकास की ओर भी आगे बढ़ रहा है। बिरसा मुंडा की यह धरती हम लोगों के लिए प्रेरणा है।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शेष पेज 11 पर

**धरती आबा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की**



## भारत बनेगा औद्योगिक महाशक्ति : ओम बिरला

- कहा, उद्योग हितैषी नीतियों से अर्थव्यवस्था और तेजी से आगे बढ़ेगी
- सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्लेटिनम जुबली समारोह में हुए शामिल

**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित लोयोला स्कूल के फेसी ऑडिटोरियम में रविवार को सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एससीसीआई) के प्लेटिनम जुबली समारोह का भव्य आयोजन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला थे। इस मौके पर देश के विकास, उद्योग जगत की भूमिका और आतंकवाद पर भारत की नीति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत अब तकनीकी, अनुसंधान और उद्योगों के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बना रहा है। हम सहयोगी नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता की भूमिका में आ रहे हैं। उन्होंने भारत को 'अवसरों की धरती' बताते हुए कहा कि उद्योग हितैषी नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था और तेजी से आगे बढ़ेगी। 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के सख्त रुख को शेष पेज 11 पर

### बीज दिवस पर राज्य में बीज वितरण का हुआ शुभारंभ

# किसान जागरूक होंगे, तो खत्म होंगे बिचौलिए : मंत्री

**बोलीं कृषि मंत्री**

किसानों से किए गए वादे के प्रति सजग है **राज्य सरकार**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** बीज दिवस पर रविवार से झारखंड में एक बार फिर बीज वितरण की शुरुआत हो गई। कृषि निदेशालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों के बीच बीज वितरण का शुभारंभ किया। विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में खरीफ फसल के बीज वितरण का लक्ष्य 80 हजार क्विंटल रखा है। ये आंकड़ा पिछले दो वित्तीय वर्ष से दोगुना है। इस अवसर पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार किसानों से किए गए वादे के प्रति सजग है। यही वजह है कि बीज दिवस के दिन से ही राज्य भर में बीज वितरण की शुरुआत कर दी गई है। कमजोर राज्यों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए ज्यादा काम करना जरूरी है। झारखंड भी इसी रास्ते पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। अगर किसान विभाग की योजनाओं प्रति जागरूक होंगे, तो राज्य से बिचौलिए खत्म हो जाएंगे। ऐसा किसानों की जागरूकता और उनकी सूझबूझ से ही संभव है।

कृषि मंत्री ने कहा कि विभाग किसानों को 50 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक अनुदान पर बीज उपलब्ध करवा रहा है। लेकिन, इसका लाभ लेने के लिए समय पर सही जानकारी और प्रक्रिया को अपनाना होगा। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक किसानों से योजनाओं का फीडबैक ले रही है, ताकि कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। राज्य में छोटे बदलाव से विकसित झारखंड का निर्माण संभव है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि फसल के पटवन के लिए विभाग ने नदी पर 'बिरसा पक्का चेक डैम योजना' की शुरुआत करने का निर्णय लिया है। विभाग किसानों के अनुरूप योजना को रूप देना चाहती है।

शेष पेज 11 पर




**छोटे बदलाव से संभव है विकसित झारखंड का निर्माण**

### बीज खरीद में अपना ओटीपी भूल से भी दूसरे व्यक्ति से साझा ना करें

बीज वितरण कार्यक्रम में विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने किसानों को सचेत करते हुए कहा कि भूल से भी बीज खरीद के लिए अपना ओटीपी किसी दूसरे से साझा ना करें। एक भूल से आप खुद का नुकसान कर सकते है। बीज वितरण के लिए प्रखंड स्तर पर मॉनीटरिंग टीम का गठन किया गया है। इतना ही नहीं, ब्लॉक चेन सिस्टम को भी विभाग ने विकसित किया है।

### किसानों का विकास और बेहतरी है हेमंत सोरेन सरकार की प्राथमिकता



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन किसानों के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। किसानों की बेहतरी उनकी प्राथमिकता में शामिल है। हेमंत सोरेन सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग के लिए 4 हजार 587 करोड़ शेष पेज 11 पर

### कोविड के नए वेरिएंट पर झारखंड सरकार अलर्ट

## भीड़ में लगाएं मास्क, सतर्कता ही सुरक्षा : डॉ इरफान अंसारी

**बोले स्वास्थ्य मंत्री**



- झारखंड सरकार केंद्र की नई गाइडलाइंस का कर रही इंतजार
- निर्देश मिलते ही तुरंत आवश्यक कदम उठाएगी राज्य सरकार

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** देश में कोविड के मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रविवार को कहा कि यह एक सामान्य स्थिति है। घबराने की कोई जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग पूरी स्थिति पर नजर रहे हुए है। डॉ अंसारी ने कहा, भीड़-भाड़ वाले इलाकों में मास्क पहनना जरूरी है। इससे न केवल कोविड, बल्कि अन्य बैक्टीरियल और वायरल संक्रमणों से भी बचाव होता है। उन्होंने कहा, सतर्क रहें, सुरक्षित रहें और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।



स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि झारखंड सरकार, केंद्र सरकार द्वारा जारी होने वाली नई गाइडलाइंस का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि निर्देश मिलते ही राज्य सरकार तुरंत आवश्यक कदम उठाएगी। डॉ अंसारी ने कहा, लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है। झारखंड सरकार और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क एवं तैयार हैं। नागरिकों से अपील है कि वे अफवाहों से दूर रहें, आधिकारिक सूचना पर ही विश्वास करें और आवश्यक एहतियात बरतें।

### साहिबगंज पुलिस लाइन में कांस्टेबल की हत्या

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में बैरक के पास कांस्टेबल सुरजीत यादव का शव रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया। उनके शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान थे। एक हाथ में फ्रैक्चर है। इसलिए आशंका जताई जा रही है कि किसी रंजिश में उनकी हत्या की गई है। परिवार के लोगों ने भी हत्या की आशंका जताई है। मामले में पुलिस ने संदेह के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। सदर अस्पताल में मेडिकल बोर्ड की निगरानी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। जिस बैरक के पास शव मिला है, वहां पंकज यादव नामक कांस्टेबल अपने परिवार के साथ रहता है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## कोकर में फर्नीचर दुकान में लगी आग

### लाखों का हुआ नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में सदर थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित एक फर्नीचर दुकान एवं गोदाम में रविवार को अचानक आग लग गई। इस अगलगी में दुकान में रखे हुए फर्नीचर के लगभग सभी स्टॉक जल कर राख हो गए। आग कैसे लगी, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि, आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। शेष पेज 11 पर



**शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका, कोई हताहत नहीं**

### मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में पीएम मोदी ने कहा

# 'ऑपरेशन सिंदूर' है बदलते भारत के संकल्प की तस्वीर

**नई दिल्ली (हि.स.)**



**बोले प्रधानमंत्री**

- साहसिक योगदान से संभव हुआ माओवादी क्षेत्र में विकास का नया अध्याय
- 'स्काई वॉरियर्स' हैं ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल करने वाली ग्रामीण महिलाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय सेनाओं ने सीमा पार आतंकवादी ठिकानों पर सटीक कार्रवाई कर हर भारतीय को गौरव से भर दिया है। यह सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं, बल्कि बदलते भारत की ताकत, संकल्प और 'आत्मनिर्भर भारत' की तस्वीर भी है। प्रधानमंत्री ने माओवादी क्षेत्र में हो रहे विकास और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भी अपने मन की बात रखी। उन्होंने बताया कि वह इस बार विशाखापट्टनम में योग दिवस से जुड़े मुख्य आयोजन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के 122वें एपिसोड की शुरुआत 'ऑपरेशन सिंदूर' से करते हुए मिशन में उपयोग में लाई गई देश की तकनीकी ताकत और घरेलू निर्माण क्षमताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इसे लेकर जोश देखा गया, तिरंगा यात्राएं, कविताएं, चित्रकला और नवजात शिशुओं को 'सिंदूर' नाम देने की परंपरा तक शुरू हो गई।

प्रधानमंत्री मोदी ने माओवादी क्षेत्र में विकास की नई बयार का उल्लेख किया और कुछ उदाहरण दिए। उन्होंने कहा कि माओवादी क्षेत्रों में सामान्य जीवन और विकास का यह नया अध्याय समाज के साहसिक योगदान से संभव हुआ। उन्होंने महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के काटेझरी गांव का उदाहरण दिया, जहां पहली बार बस सेवा शुरू हुई। शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# जिसने कोई जहरीला बयान नहीं दिया, आगे आए

नियमों और कानूनी बंधनों या जिम्मेदारी से बंधे प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अवसान की खबरों के बीच बिना एडिटिंग बिना जिम्मेदारी के सबसे तेज 'समाचार' सोशल मीडिया में अपढ़, अनपढ़ और एकतरफा तथ्यों से प्रभावित लोगों से लेकर सुविधाभोगी पढ़े लिखे लोगों तक पहुंच रहे हैं जिससे कई विकासशील बर्बाद होने के बाद अब भारत में सूचना क्रांति लाई जा रही है। हमें वर्जित फल की तरह चटपटे प्रसंग मिल रहे हैं जिसमें कौन सच है और कौन एआई से बना ट्रंप के नारियल बेचने वाले फर्जी वीडियो की तरह जाली जानना आसान नहीं पर सभी के बीच महिलाओं से लेकर राष्ट्रपति राज्यपाल तक के लिए अपमानजनक टिप्पणी करने वाले नेताओं के बयानों के बाद ऑपरेशन सिंदूर पर आपत्तिजनक बयान दिए जाने को खूब प्रचारित किया जा रहा है क्या हम लोग मुलायम सिंह यादव और लालू राबड़ी देवी के भूल गए या बिहार के एक नेता का शर्मनाक बयान जो उन्होंने कारगिल युद्ध के शहीद पर दिया था? ये बड़बोले और बददिमाग नेता किसी भी पार्टी के हों कानून से ऊपर नहीं इन्हें दंडित करना सर्जिकल स्ट्राइक की तरह आवश्यक है। एक प्रसिद्ध सोवियत कहावत है 'आप मुझे चेहरा दिखाओ, मैं आपको कानून दिखा दूंगा', तो यह भारत में 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' से संबंधित घटनाक्रम पर पूर्णतः सटीक बैठेगी। अशोका विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद और मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री कुंवर विजय शाह-दोनों ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर अपमानजनक बयान दिए। परंतु विरोध का स्वर एकसमान नहीं है, जो गुट विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग कर रहा है, वही अली के पक्ष में खड़ा है। यही दोहरापन 2022 में नूपुर शर्मा के मामले में भी सामने आया था। वास्तव में, इस कथित उदारवादी बुद्धिजीवी वर्ग की निष्ठा 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' या लोकतांत्रिक मूल्यों से नहीं, बल्कि अपनी वैचारिक निष्ठा से निर्देशित होती है। इनके लिए अपराध या नैतिकता व्यक्ति की मजहबी, जातिगत और राजनीतिक पहचान से तय होती है-न कि आरोपी के कृत्य से।



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

विजय शाह का इस्तीफा मांगने वाले कांग्रेसी प्रवक्ता पवन खेड़ा के लिए अली का विवादित पोस्ट 'विचारशील' है। उनके अनुसार, 'अली की एकमात्र गलती यह है कि उन्होंने यह पोस्ट लिखी दूसरी गलती उनका नाम है।' यहां खेड़ा अली के मुस्लिम होने का संकेत दे रहे हैं। क्या यह सच नहीं कि कांग्रेस, वामपंथी, तृणमूल और अन्य कई स्वघोषित बुद्धिजीवी अली का समर्थन केवल उनकी मजहबी पहचान के कारण ही कर रहे हैं? उनका 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' से कोई भी सरोकार अपने राजनीतिक हितों और विचारधारा की सेवा का एक आवरण मात्र है।अली खान महमूदाबाद, विजय शाह और नूपुर शर्मा- तीनों का उनकी पहचान के आधार पर समर्थन या विरोध हो रहा है। अली खान सामंतवादी जागीरदार परिवार से हैं। इसके बावजूद वह 'समाजवादी' हैं। वर्ष 2019-22 के बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता रह चुके हैं। दो दशक पहले उनके परिवार की संपत्ति 50 हजार करोड़ रुपए आंकी गई थी। इस खानदान के कई राजनीतिक-वैचारिक अवतार रहे हैं। अली के पिता मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान दो बार उत्तर प्रदेश से कांग्रेस के विधायक थे। महमूदाबाद परिवार की जड़ें भारत में हैं, परंतु उनका पाकिस्तान से प्रेम भी गहरा है। अली के दादा मोहम्मद अमीर अहमद खान मुस्लिम लीग के प्रमुख सदस्य, खजांची और मोहम्मद अली जिन्ना के करीबी थे। विभाजन के बाद उन्होंने पाकिस्तान की नागरिकता स्वीकारी। अली के परदादा मोहम्मद अली मोहम्मद खान उस अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पहले कुलपति थे, जिसने भारत के विभाजन और पाकिस्तान के निर्माण में महती भूमिका निभाई। आज इस वंश के लख्त-ए-जिगर अली हरियाणा स्थित अशोका विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं, जबकि उनके पूर्वजों के पाकिस्तान आंदोलन में योगदान के कारण कराची में एक क्षेत्र का नाम 'महमूदाबाद' रखा गया है, और उनके सम्मान में पाकिस्तान द्वारा 1990 में एक डाक टिकट भी जारी किया जा चुका है। राजनीतिक लोकाचार की भाषा में महमूदाबाद परिवार को 'सेकुलर' कह सकते हैं।कुंवर विजय शाह की पहचान क्या है, जो अपने बड़बोलेपन के कारण संकट में हैं। वह 1990 से लगातार आठ बार के विधायक हैं। राजगोंड आदिवासी समाज से आते हैं। चूंकि कुंवर विजय भाजपा से हैं, इसलिए वह एक राजनीतिक-वैचारिक वर्ग (कांग्रेस-वामपंथी सहित) के लिए घोषित 'सांप्रदायिक' हैं और उनकी एक भी गलती 'माफी' योग्य नहीं है। नूपुर शर्मा की पहचान भी कमोबेश यही है और उनका मामला इस पक्षपात को और अधिक स्पष्ट करता है। निष्कासन से पहले वह भी भाजपा की मुखर सदस्य थीं। मई 2022 में एक न्यूज चैनल की बहस में नूपुर ने उकसावे पर उन्हीं बातों को दोहराया, जिसका उल्लेख अक्सर मुल्ला-मौलवी और जाकिर नाइक जैसे विवादित इस्लामी विद्वान अपनी तकरीरों में करते हैं। फिर भी नूपुर को सांप्रदायिक घोषित कर दिया गया। कई खाड़ी-मध्यपूर्व देशों में भारत-विरोधी प्रस्ताव पारित हुए। इस्लामी संगठनों ने नूपुर के खिलाफ फतवे जारी कर दिए। देश में मजहबी उन्माद की लहर दौड़ गई। तब सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें देश के कुछ क्षेत्रों में फैली अराजकता, यहां तक कि उदयपुर में एक नूपुर समर्थक दर्जी की दो जिहादियों द्वारा निर्मम हत्या के लिए भी 'एकमात्र जिम्मेदार' ठहरा दिया। आज भी नूपुर अपनी जान बचाने हेतु सुरक्षाबलों के साए में भूमिगत जीवन जीने को विवश हैं। सितंबर, 2023 में तमिलनाडु सरकार में तत्कालीन मंत्री और द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन ने 'सनातन धर्म' को डेंगू व मलेरिया जैसा बताते हुए इसके 'समूल विनाश' की बात कही थी। यह कोई भावावेश में दिया गया वक्तव्य नहीं था, बल्कि पूर्वनियोजित व लिखित भाषण था। अदालत ने इसे 'सांविधानिक सिद्धांतों के खिलाफ' बताया।




## लालू प्रसाद ने बड़े बेटे तेज प्रताप को पार्टी से निकाला

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**



- राजद प्रमुख ने कहा परिवार में भी कोई भूमिका नहीं रहेगी

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। उन्होंने खुद अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के जरिए यह जानकारी सार्वजनिक की है।

लालू प्रसाद ने बताया कि ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी और छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतः उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है। उन्होंने आगे लिखा, अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे, वे स्वविवेक से निर्णय लें।

शेष पेज 11 पर

## सरना धर्म कोड भाजपा कांग्रेस कर रही राजनीति : विजय शंकर नायक



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने सरना धर्म कोड पर आदिवासी समाज को भ्रमित कर वोट की राजनीति पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड पर कांग्रेस और भाजपा सिर्फ पाखंड करने का कार्य कर रही है। सरना धर्म कोड के मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा की ढोंग भरी राजनीति की आदिवास मूलवासी जनाधिकार मंच कड़े शब्दों में निंदा करती हैं। दोनों दल आदिवासी समुदाय की धार्मिक पहचान को लेकर केवल वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। श्री नायक ने कहा कि कांग्रेस ने 2014 में यूपीए सरकार के दौरान सरना धर्म कोड को खारिज कर आदिवासियों की धार्मिक पहचान को नजर अंदाज किया था।

## न्यू मधुकम में बालक के गले से सोने की चेन और लॉकेट छिनतई

**रांची।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के न्यू मधुकम रोड नंबर दो में रहने वाले अखिलेश ठाकुर के पुत्र से स्कूटी पर सवार तीन उचक्कों ने शनिवार को दिन में गले में पड़ी सोने की चेन और लॉकेट छिन ली। इसके बाद उचक्के मौके से भाग निकलने में कामयाब हो गए। मामले में बालक के पिता की लिखित शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। बताया गया है कि घटना के समय बालक घर के बाहर गली में खड़ा था। इससे पूर्व भी उससे पता पूछने के बहाने चेन छिनतई का प्रयास किया गया था, लेकिन उचक्के घटना को अंजाम देने में सफल नहीं हो सके थे। केस दर्ज किए जाने के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए उचक्कों की पहचान का प्रयास कर रही है।

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का रांची में हुआ अभिनंदन, कहा

# दुनिया हमारी नेतृत्व की प्रशंसा कर रही है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** धरती आबा भगवान विरषा मुंडा की पावन पवित्र धरती पर राजस्थान फाऊंडेशन, रांची चैप्टर के तत्वाधान में आयोजित राजस्थान और भारत के लोकप्रिय, जन-जन के प्रिय और सभी भारतवासियों के दिलों पर राज करने वाले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार को रांची के स्वर्णभूमि के सभागार मे पहुंचे जहां उनका नागरिक अभिनंदन और स्वागत किया गया।

स्वर्ण भूमि के सभागार के द्वार पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का मारवाड़ी महिला युवा समिति की महिलाओ द्वारा मंगल तिलक, आरती के और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया ।

श्री गणेश वंदन व शंखनाद के साथ अभिनंदन स्वागत का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। राजस्थान फाउंडेशन रांची चैप्टर के अध्यक्ष अजय मारू, पुनीत पोद्दार, कार्यक्रम संयोजक मुकेश काबरा, ऐश्वर्य सेठ और आयोजन समिति के सदस्यों ने ओम बिरला को पगड़ी, अंग वस्त्र, पुष्प पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

फाउंडेशन की ओर से गौ माता स्वरूप स्मृति चिन्ह उन्हें भेंट कर उनका अभिनंदन और स्वागत किया। वहीं, फाउंडेशन के द्वारा सांसद व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का भी अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन और स्वागत किया गया। राजस्थान फाउंडेशन ,रांची चैप्टर के अध्यक्ष अजय मारू ने



▸ 2047 में सामूहिक प्रयासों से विकसित भारत बनेगा : ओम बिरला

अपने स्वागत भाषण में कहा की आज हम लोगों के लिए सबसे बड़ा महत्वपूर्ण दिन है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत अभिनंदन करने का रांची को सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने विचारों को रखते हुए कहा कि झारखंड व बिरसा मुंडा की धरती समृद्धि राज्य, संस्कृति की धरोहर है। झारखंड प्रदेश ऐसा प्रदेश है जहां पर प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा है व्यापार यहां का तेजी से आगे बढ़ रहा है आर्थिक व सामाजिक जीवन में बड़ा परिवर्तन यहाँ देखने को मिल रहा है। हमें गर्व है हमारे देश की सेना ने दुनिया को अपना सौर्य दिखाया हम हमेशा शांति का संदेश दुनिया वालों को देते आये है लेकिन कोई देश अगर हमारे इस संरक्षण का गलत फायदा उठाता है तो भारत आतंकवादियों का आतंक का सफाया करेगा।

आतंकवाद के गंभीर परिणाम होंगे।अब नए भारत के सपनों को पूरा करने का समय सरकार कर रही है। झारखंड आगे बढ़ेगा तब देश आगे बढ़ेगा। इसके लिए हमेशा प्रयास करना होगा। आज पूरी दुनिया में भारत का विश्वास बढ़ा है।। हम तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। विकसित भारत और विकसित भारत के संकल्प की ओर हम आगे बढ़ रहे है। भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। भारत के हर क्षेत्र में तेजी से बदलाव आ रहा है। दुनिया के लिए भारत निवेश में सबसे बड़ा देश माना जाता है । हर क्षेत्र में हम दुनिया से आगे हैं। दुनिया की सबसे बड़ी अगर कोई कंपनी है तो उसमें इंडिया का ही सीओ है । देश मे विकास का काम हो रहा है । यातायात ,वायु जैसे सभी क्षेत्रों में झारखंड को बुनियादी सुविधा भी उपलब्ध हुई मिली है। आज पब्लिक सेक्टर ,बैंकिंग सेक्टर में भारत स्ट्रांग है। योग और आयुर्वेद जो हमारी उपज है पूरी दुनिया उसका इस्तेमाल कर रही है। भारत की सेना ने आतंकवादियों के स्थल पर जाकर उन्हें मिट्टी में मिलाने का कार्य किया। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ एक नीति बनाई है जो भी आतंकी हमला करेगा भारत उसे कभी नहीं छोड़ेगा आतंकवाद की कोई भी घटना अगर हमारे देश में होगी हम आतंकीयो के देश में घुसकर पूरी तत्परता के साथ जवाब देकर उसे नष्ट करेंगे। मंच पर मुख्य रूप से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ,आदित्य साहू ,सी पी सिंह,नवीन जायसवाल,पूर्व सांसद महेश पोद्दार,अजय मारू,गोवर्धन गाड़ोदिया, पुनीत पोद्दार, मुकेश काबरा थे। रांची की 180 से भी ज्यादा धार्मिक, सामाजिक , ब्यापारियों के पदाधिकारियो ने माननीय ओम बिड़ला जी सहित रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ, संस्था का मोमेंटो देकर अभिनंदन , स्वागत किया।

## ऑपरेशन सिंदूर को पूरी दुनिया ने देखा : सेठ



रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि रांची वासियों को जिनका वर्षों से इंतज़ार था वो क्षण आज आया है जो आज हमें अपार जन समूह की उपस्थिति में लोकसभा अध्यक्ष का अभिनंदन और स्वागत करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा यह कार्यकाल हम सबो व रांची के लिए इतिहास बनेगा कि आप सभी धार्मिक, सामाजिक और व्यापारिक संस्थाओं सहित प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में राजस्थान के अति लोकप्रिय, मृदुभाषी, यशस्वी लोकसभा अध्यक्ष का स्वागत और अभिनंदन करने का स्वर्णिम साथ हमें प्राप्त हो रहा है । संजय सेठ ने कहा देश पूरा उत्साहित है ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना का पराक्रम जो 23 मिनट का था। अब हजारों सैनिकों के ऑपरेशन को पूरी ने देखी। दुनिया ने देखा हम मजबूती के साथ लड़े हैं। हम दुनिया की तीसरी सबसे शक्ति शाली ताकत है। पीएम ने एक देश एक चुनाव का भी नारा लगाया उन्होंने कहा करोड़ों लाखों रुपए खर्च होते हैं समय और व्यापार में नुकसान होता है एक साथ चुनाव कराकर लाखों करोड़ों का बचत और आने वाले पीढ़ी को भी इसका लाभ दे सकते हैं।

## विस अध्यक्ष ने बिड़ला का किया स्वागत



**रांची।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के रांची आगमन पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर उनसे शिष्टाचार भेंट की। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने उनके आगमन पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होने कहा कि पीठासीन अधिकारियों की बैठक में मेरी मुलाक़ात उनसे हमेशा होती रही है। आज झारखंड में उनका स्वागत करने का मौका मिला। देश की सर्वोच्च पंचायत लोक सभा के अध्यक्ष का झारखंड की धरती पर आगमन हम सभी के लिए हर्ष का विषय है।

## ओम बिरला का राजभवन में हुआ स्वागत



**रांची।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के राज भवन आगमन पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने स्वागत किया गया। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी मौजूद थे।

## 15 जून को आरटीआई वर्कशॉप

● निवर्तमान सूचना आयुक्त हिमांशु शेखर चौधरी होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** थड़पखना स्थित सिटी फोटो लैब में आयोजित बैठक में संयोजक विनोद जैन बेगवानी और संयोजिका रेणुका तिवारी ने 15 जून, 2025 को रांची प्रेस क्लब में होने वाले आरटीआई वर्कशॉप की जानकारी दी। वहीं उपस्थित लोगों को बताया कि उक्त कार्यक्रम में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 और उसके अंतर्गत बने नियमावली पर विस्तृत रूप से एक कार्यशाला प्रख्यात आरटीआई एक्टिविस्ट और रिसोर्स पर्सन दीपेश निराला द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान सूचना आयुक्त हिमांशु शेखर चौधरी उपस्थित रहेंगे। उक्त बैठक में उमाशंकर सिंह, स्वरूप कुमार सेठी, शाहिद आलम, हरीश नागपाल, राजकुमार, संतोष मृदुला उपस्थित हुए, और कार्यक्रम को लेकर जिम्मेवारी एवं दायित्व दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन हरीश नागपाल ने दिया।

## अड्डेबाजी करने वालों पर पुलिस की कार्रवाई

**रांची।** राजधानी रांची में बेवजह अड्डेबाजी करने वालों पर रांची पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। असमाजिक तत्वों और अड्डेबाजी करने वालों के खिलाफ सख्ती करते हुए सार्वजनिक स्थानों के साथ-साथ कई अन्य जगहों पर रात में अड्डेबाजी करने वाले लोगों के खिलाफ शनिवार की रात पुलिस ने अभियान चलाया और 50 से अधिक लोगों को पकड़ा। यह अभियान डीआईजी सह रांची एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा के निर्देश पर चलाया गया। पंडरा ओपी के फ्रेंड्स कॉलोनी चौक पर देर रात में चखना खाने वालों की भीड़ लगी रहती है उसपर भी मोहल्लेवासियों ने कार्रवाई की मांग की है।

## नगर निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस ने बनाए पर्यवेक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में होने वाले आगामी नगर निकाय चुनाव को देखते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पर्यवेक्षक बनाए हैं। सांसद, मंत्री, विधायक और गत लोकसभा-विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार रहे नेताओं को नगर निगम, नगर पंचायत और नगर परिषद क्षेत्रों के पर्यवेक्षक के रूप में मनोनीत किया है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव को गंभीरता से लेते हुए संगठन को मजबूत करने की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई करें, ताकि हम नगर निकाय चुनाव में अपेक्षित सफलता प्राप्त कर सकें। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि विभिन्न नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत के लिए वरीय नेताओं को जिम्मेवारी दी गई है। देवघर नगर निगम, मधुपुर नगर परिषद व गोड्डा नगर परिषद के लिए कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव, महगामा नगर परिषद के लिए दीपिका पांडेय सिंह, बासुकीनाथ नगर परिषद के लिए बादल पत्रलेख, चतरा नगर परिषद व लातेहार नगर पंचायत के लिए केएन त्रिपाठी, चास नगर निगम के लिए श्वेता सिंह, चिरकुंडा नगर परिषद के लिए अनुपमा सिंह, धनबाद नगर निगम के लिए अजय दुबे, रांची नगर निगम व कपाली नगर परिषद के लिए यशस्विनी सहाय, बुंडू नगर पंचायत व खूंटी नगर पंचायत के लिए कालीचरण मुंडा, सिमडेगा नगर परिषद के लिए भूषण बारा, गुमला नगर परिषद के लिए सुखदेव भगत, लोहरदगा नगर परिषद के लिए डॉ रामेश्वर उरांव, बचरा नगर पंचायत के लिए अंबा प्रसाद, रामगढ़ नगर परिषद के लिए ममता देवी, हजारीबाग नगर निगम के लिए मुन्ना सिंह, पाकुड़ नगर परिषद के लिए निशत आलम, मिहिजाम नगर परिषद व जामताड़ा नगर पंचायत के लिए डॉ इरफान अंसारी, फुसरो नगर परिषद के लिए कुमार जय मंगल, मानगो नगर निगम के लिए बन्ना गुप्ता, बिश्रामपुर नगर परिषद व माझियांव नगर पंचायत के लिए सुधीर कुमार चंद्रवंशी, छतरपुर नगर पंचायत के लिए राधाकृष्ण किशोर, मेदिनीनगर नगर निगम के लिए केएन त्रिपाठी को पर्यवेक्षक मनोनीत किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी नगर निकाय चुनाव को कांग्रेस पूरी गंभीरता से ले रही है और इन चुनाव में बेहतरीन प्रदर्शन कर शहरी जनमानस के बीच अपनी भूमिका तय करना चाहती है।

## अज्ञात बाइक ने बुजुर्ग को मारा धक्का हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चुटिया के स्टेशन रोड में एक बुजुर्ग की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात की है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात बुजुर्ग व्यक्ति स्टेशन रोड स्थित अमृत होटल के रास्ते से गुजर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात बाइक ने बुजुर्ग को धक्का मार दिया, जिससे बुजुर्ग गिर गया। बाइक सवार घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। कुछ देर में बुजुर्ग व्यक्ति दोबारा उठा और चलने लगा। इसी क्रम में एक ऑटो गुजर रहा था, जिस पर बुजुर्ग व्यक्ति गिर गया। आसपास में मौजूद लोगों ने शोर मचाते हुए ऑटो चालक को पकड़ लिया। चालक अपनी गाड़ी बुजुर्ग को लेकर अस्पताल ले जाने लगा। हालांकि, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद चुटिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। छानबीन में पुलिस को पता चला कि बुजुर्ग व्यक्ति स्टेशन रोड में भीख मांगकर गुजारा किया करता था। वहीं, पुलिस की टीम बुजुर्ग की पहचान करने में जुट गई है।

## जागरुकता और समय पर स्क्रीनिंग से ब्लड कैंसर का सफल इलाज संभव : डॉ कोतवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित तीन दिवसीय 9वीं वार्षिक ईस्टर्न हेमेटोलॉजी ग्रुप ईएचजी कॉन्फ्रेंस का रविवार को समापन हुआ। इस आयोजन में देशभर से 60 से अधिक हेमेटोलॉजी विशेषज्ञ शामिल हुए। कार्यक्रम में झारखंड के 120 चिकित्सक समेत कुल 450 से अधिक डॉक्टरों ने भाग लिया। सम्मेलन में सिकल सेल एनीमिया, ल्यूकेमिया, जीन थेरेपी, लिम्फोमा, थैलेसीमिया और बोन मैरो ट्रांसप्लांट जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। डॉ चेयरपर्सन एवं प्रोफेसर, गंगाराम हॉस्पिटल दिल्ली कर्नल ज्योति कोतवाल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मेलन हेमेटोलॉजी के क्षेत्र में ज्ञानवर्धन और तकनीकी अद्यतन का एक सशक्त मंच बना है।

डॉ कोतवाल ने झारखंड में सिकल सेल मिशन के तहत हो रहे कार्यों की प्रशंसा की। बताया कि राज्य में एचपीसीएल मशीन और सेल काउंट जांच की सुविधा बढ़ी है। लेकिन, मरीजों की संख्या को देखते हुए एक और रेफरल सेंटर की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ब्लड कैंसर का समय पर निदान और इलाज संभव है, जरूरत है जागरुकता और स्क्रीनिंग की। देर से पहुंचते हैं मरीज, इसलिए स्थिति गंभीर किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के डॉ शैलेंद्र वर्मा ने बताया कि मरीज अक्सर देर से इलाज के लिए पहुंचते हैं, जिससे उनकी स्थिति गंभीर हो जाती है। उन्होंने कहा कि कॉन्फ्रेंस में प्लेटलेट्स की कमी, एप्लास्टिक एनीमिया और बोन मैरो ट्रांसप्लांट जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ अभिषेक रंजन ने कहा कि झारखंड में हेमेटोलॉजी क्षेत्र को विकसित करने की आवश्यकता है। वहीं, को-सेक्रेट्री डॉ अजय के महलका ने बताया कि सम्मेलन में नई तकनीकों और प्रोटोकॉल्स पर चर्चा की गई, जिससे भविष्य में राज्य को लाभ होगा।

## कृतिवास मंडल की सुरक्षा सुनिश्चित करे राज्य सरकार : डॉ. सूरज मंडल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पूर्व सांसद डॉ. सूरज मंडल ने राष्ट्रीय सुढी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष कृतिवास मंडल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उन्हें धमकी देनेवाले की गिरफ्तारी की मांग की है. डॉ. मंडल ने कहा कि यह झारखंड की विडंबना ही कही जाएगी कि यहां न तो पत्रकार सुरक्षित है और ना ही सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता ही निडर होकर अपना काम कर सकते हैं। उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुढी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष कृतिवास मंडल का यह मामला पोटका प्रखंड कार्यालय से आरटीआई मांगने से जुड़ा हो सकता है और यह जनहित से जुड़ा मामला है। इसलिए इस मामले की जांच पूर्वी सिंहभूम के वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा अविलम्ब करते हुए दोषी तत्वों की अविलंब गिरफ्तारी होनी चाहिए। साथ ही इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि इस मामले में पोटका प्रखंड कार्यालय के किसी पदाधिकारी या कर्मचारी की संलिप्ता तो नहीं है।

## जेपीएससी मुख्य परीक्षा के परिणाम में आरक्षण का उल्लंघन : देवेंद्र



रांची। जेएलकेएम के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने जेपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के परिणाम में आरक्षण के उल्लंघन का और परीक्षाफल में मनमानी करने का आरोप लगाया है। रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर उन्होंने कहा कि जेपीएससी की ओर से 11 माह बाद 20 मई को 11वीं से 13वीं सिविल सेवा परीक्षाफल प्रकाशन किया गया। परीक्षाफल प्रकाशन के बाद विवाद उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि परिणाम में एसटी, एससी, ओबीसी आरक्षण से छेड़छाड़ की गई है। इसमें नियम का उल्लंघन किया गया है। नियम में मुख्य परीक्षाफल से इंटरव्यू के लिए चयनित सूची में विज्ञापन के प्रावधान के अनुसार अनारक्षित कुल सीट की 2.5 गुना सूची तैयार की जानी थी।

अंतिम अभ्यर्थी का प्राप्त अंक अनारक्षित श्रेणी का कट ऑफ मार्क्स होगा और कट ऑफ मार्क्स से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले किसी भी प्रकार के आरक्षण का लाभ नहीं लेने वाले आरक्षित श्रेणी के एसटी, एससी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, दिव्यांग सभी श्रेणी के आरक्षित अभ्यर्थी को शामिल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विज्ञापन में प्रावधान के अनुसार सभी आरक्षित श्रेणी की कोटिवार प्रावधान सीट के अनुसार उसी कैटेगरी से 2.5 गुना अभ्यर्थियों को चयनित कर इंटरव्यू लिया जायेगा, लेकिन आयोग ने नियम का पालन नहीं किया। बिना कट ऑफ मार्क्स और मार्कशीट के मुख्य परीक्षाफल प्रकाशन कर इंटरव्यू की तिथि की घोषणा कर दी है। देवेंद्र नाथ महतो ने यह भी दावा किया है कि जिस दिन कट ऑफ मार्क्स जारी होगा, उस दिन और भी गड़बड़ी सामने आएगी।

उन्होंने मांग की है कि सरकार और आयोग मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल आरक्षण और नियमावली का पालन करते हुए कोटिवार परीक्षाफल और कट ऑफ मार्क्स जारी करे।

### सिरमटोली-मेकन फ्लाईओवर के रैंप विवाद

# पथ निर्माण प्रधान सचिव, डीसी व नगर निगम प्रशासक को समन, मांगा जवाब

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिरमटोली-मेकन फ्लाईओवर के रैंप विवाद को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने नगर विकास विभाग सह पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, रांची जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री व रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह को समन जारी किया है।समन के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्यालय में 29 मई 2025 (गुरुवार) को समय दोपहर 02:00 बजे उपस्थित होने का निर्देश जारी किया गया है। केंद्रीय सरना समिति व चडरी सरना समितिकीओरसे चारमईको राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डा. आशा लकड़ा से सिरमटोली-मेकान -फ्लाईओवरके रैंप निर्माण के कारण सिरमटोली स्थित केंद्रीय सरना स्थलके संरक्षण को लेकर शिकायत पत्र सौंपा गया था। इस मामले को लेकर आयोग की ओर से राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी को निर्देश दिया गया था कि 13 मई को श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में बैठक आयोजित की जाए, लेकिन 12 मई को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचितजाति, अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग विभाग के सचिव कृपानंद झा ने आयोग को पत्र के माध्यम से सूचित किया कि अपरिहार्य कारणों से 13 मई को बैठक आयोजित नहीं कीजा सकती है। इसके बाद मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में एनसीएसटी की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने आर्यभट्ट सभागार में आदिवासी समाज के बुद्धिजीवियों के साथ बैठक की। बैठक में रांची जिले के आइटीडीए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर भी उपस्थित थे। बैठक के बाद एनसीएसटी की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने पत्र के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया था कि तीन दिनों के अंदर सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर व कनेक्टिंग फ्लाईओवर का डीपीआर समेत आदिवासी समाज के लोगों पर की गई प्राथमिकी व अन्य वास्तविक दस्तावेज आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। साथ ही यह भी कहा गया था कि निर्धारित समयावधि के दौरान किसी प्रकार का जवाब नहीं मिलने पर संबंधित अधिकारियों को आयोग के समक्ष 29 मई 2025 (गुरुवार) को समय दोपहर 02:00 बजे उपस्थित होने के लिए समन जारी किया गया है ।

## आदिवासी समाज के लोगों पर हुए प्राथमिकी की मांगी रिपोर्ट



**बैठक** के दौरान आदिवासी समाज के बुद्धिजीवियों ने एनसीएसटी की सदस्य डा. आशा लकड़ा को बताया था कि ई-टेंडर पोर्टल पर सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर का डीपीआर उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा डीपीआर तैयार करने से पूर्व संबंधित अधिकारियों ने सरना स्थल की वर्तमान स्थिति का भी आकलन नहीं किया। साल 2020 में राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि पूर्व में मेकान की ओर से तैयार किए गए डीपीआर में कई खामियां है। बैठक के दौरान पूर्व मंत्री गीता श्री उरांव व सविता कच्छप ने बताया था कि गलत आरोप लगाकर आदिवासी समाज के लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। केंद्रीय सरना स्थल पर सरहुल व करमा पूजा के दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न अखड़ा व आदिवासी समाज के लोग एकत्रित होते हैं। सरना धर्मावलंबियों के लिए यह प्रमुख स्थल है। सिरमटोली फ्लाई ओवर के रैंप निर्माण के कारण सरना स्थल तक पहुंच पथ संकीर्ण हो गया है। इससे आदिवासी समाज की सांस्कृतिक गति विधि व सुरक्षा प्रभावित होगी। इस मामले को लेकर आदिवासी समाज के लोगों ने अपने अधिकार व सरना स्थल के संरक्षण को लेकर विरोध-प्रदर्शन, मानव श्रृंखला बनाकर, धरना देकर, पुतला दहन कर व काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया था। फिर भी राज्य सरकार ने आदिवासी समाज के लोगों को अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया।

## क्षत्रिय समाज अमर्यादित टिप्पणी पर भड़का, थाने में की लिखित शिकायत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** क्षत्रिय संगठन की कई इकाई के प्रतिनिधियों ने रविवार को कोतवाली थाने में आजसू पार्टी के नेता लोबिन चंद्र महतो पर कार्रवाई को लेकर लिखित शिकायत देकर कानून सम्मत कार्रवाई की मांग की। बताया कि शनिवार की रात आजसू पार्टी आईटी सेल से संबद्ध लोबिन चंद्र महतो ने सोशल मीडिया पर गौरवशाली क्षत्रिय समाज के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी की। समाज के विरुद्ध अमर्यादित, घृणास्पद व भड़काऊ टिप्पणी की गई। जह जातीय विद्वेष फैलाने, सामाजिक सौहार्द खराब करने के अलावा कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है। लिखित शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की गहराई से छानबीन शुरू कर दी है।

इधर, संगठन के लोगों ने चेतावनी दी है कि आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने पर समाज के आक्रोशित लोग विरोध प्रदर्शन व आंदोलन करेंगे। मामले में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो से भी लोबिन चंद्र महतो को संगठन से बाहर करने की मांग की गई है। लिखित शिकायत करने वालों में नंद किशोर सिंह चंदेल, प्रो डॉ धीरज सिंह सूर्यवंशी, महावीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, दिलीप सिंह, मनोज सिंह, रवि सिंह, विकास सिंह, कृष्णा सिंह, शशिकांत, सयत, रत्नेश, बिपिन, टी के मुखर्जी, बैधनाथ सिंह, दिवाकर शाहदेव, गणेश सिंह,नीतीश, मुकेश, अभिषेक सिंह, सिंधु सिंह, भोला सिंह और अन्य शामिल थे।




# श्याम प्रभु के दर्शन कर भाव विभोर हुए लोकसभा अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आज लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने दर्शन कर समस्त देश वासियों के लिए मंगल कामना कर अपनी हाजिरी लगाई। एयरपोर्ट से राजभवन जाने के क्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में दर्शन किए उनके साथ रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ ने भी दरबार में दर्शन किया। सर्वप्रथम मंदिर के मुख्य गेट पर मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, वरिष्ठ सदस्य राजीव मित्तल, मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, अमित सरावगी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंदिर की सीढ़ियों पर मत्था टेककर बाबा के दरबार को निहारते हुए अंदर की ओर प्रवेश किया। जिससे सुनकर लोकसभा अध्यक्ष ने मंडल के सभी सदस्यों की सराहना की। मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी, वरिष्ठ सदस्य अजय मारू, वरिष्ठ सदस्य राजीव मित्तल , मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, अमित सरावगी , कविता मित्तल, सुशील पाटोदिया, अरुण बुधिया, मुकेश काबरा, मदन बगड़िया, वेद भूषण जैन , कौशल चौधरी, मनीष लोधा एवं सैकड़ो लोगों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।



● मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी सहित वरिष्ठ सदस्यों ने स्वागत किया
● ओम बिरला ने मंदिर में मत्था टेककर बाबा के दरबार में प्रवेश किया
● रांची के सांसद संजय सेठ भी दर्शन के दौरान मौजूद रहे

**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बाबा श्याम मंदिर में भव्य पूजा-अर्चना की**

लोकसभा अध्यक्ष ने बाबा श्याम के मुख्य मंड के सामने अपनी अर्जी लगा कर पंचमेवा भोग प्रसाद चढ़ाया इत्र लगाया एवं बाबा का प्राकृतिक पंखा डुलाया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू का दुपट्टा पहना कर अभिनंदन किया। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ने बालाजी महाराज के दर्शन कर बाबा भोले नाथ श्यामेश्वर महादेव पर जल अर्पण किया। स्फटिक की शिवलिंग देख कर उन्होंने इसकी जानकारी ली। मंडल के वरिष्ठ सदस्य अजय मारु ने ओम बिरला को मंदिर एवं मंडल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारु ने उनको बताया कि हर शनिवार को श्री श्याम भंडारे का वृहद रूप से आयोजन होता है।



## मारवाड़ी कॉलेज में एलएससी 0513 के लिए इंडक्शन मीटिंग आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

● डॉ. चित्तरंजन कुमार ने दी शैक्षणिक जानकारी

एलएससी 0513 मारवाड़ी कॉलेज, रांची में जनवरी 2025 सत्र के लिए इंडक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. चित्तरंजन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समन्वयक डॉ. बैद्यनाथ कुमार ने सभी अतिथियों और शिक्षार्थियों का स्वागत करते हुए केंद्र के संचालन समय, असाइनमेंट की तैयारी, प्रायोगिक कक्षाएं एवं परीक्षा प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर मुकेश कुमार शर्मा ने भी विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण शैक्षणिक निर्देश एवं अन्य सूचनाएं प्रदान कीं। डी.सी. मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए मार्गदर्शन दिया और नियमित रूप से अध्ययन तथा समयबद्ध कार्य निष्पादन पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. जीतू लाल कुमार एवं अन्य सभी कार्यकारी सदस्य उपस्थित रहे। सह-समन्वयक डॉ. खतिर हेमरूम ने भी छात्रों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अंत में डॉ. एस. महापात्रा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस इंडक्शन मीटिंग का उद्देश्य नए सत्र में नामांकित विद्यार्थियों को शैक्षणिक प्रक्रियाओं, अनुशासन और परीक्षा संबंधित दिशा-निर्देशों से अवगत कराना था, जिससे वे अपने शिक्षण सत्र की बेहतर शुरुआत कर सकें।

## हाइपोथायरायडिज्म में योग व ध्यान की भूमिका पर कॉन्क्लेव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान, हरमू रोड में हाइपोथायरायडिज्म में योग और ध्यान की भूमिका पर झारखंड फिजियोलॉजी सम्मेलन आयोजन किया गया। मौके पर डॉ अतुल प्रकाश ने कहा कि आज के समय में थायरॉइड की बीमारी बहुत तेजी से बढ़ रही है। इसके वजह से शरीर में हार्मोन्स का बैलेंस बिगड़ जाता है और इसके कारण कई तरह की बीमारियां हो रही है। इसकी रोकथाम के लिए हमें जागरूक होने की जरूरत है। जागरुकता ही बचाव डॉ प्रोफेसर सुहाश टेटरवने ने कहा जब जीवन जीने की या जीवन शैली की बात आती है तो बहुत सी पद्धतियाँ हमारे सनातन देश में उपलब्ध है और उनमें एक बहुत ही प्रतिष्ठित बहुआयामी सर्वंगी संस्थान के रूप में ब्रह्म कुमारी संस्थान है जो लोगों को सरल तरीके से राजयोग ध्यान सिखाता है ताकि उनका जीवन तनाव मुक्त रह सके यह इस संस्थान की एक परिकल्पना है जिसे इन लोगों ने दशकों के प्रयास से आज सफल बनाया। केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि आज शरीर संरचना वैज्ञानिकों के इस सम्मेलन में सभी ने बहुत बहुमूल्य विचार दिए। साइंस की शक्ति के साथ-साथ साइलेंस की व राजयोग मेडिटेशन की शक्ति भी बड़ी शक्ति है। इस शांति की शक्ति से मन को मौन अवस्था में रख कर आत्मा अपने पारलौकिक देश में जाकर परम उजले सुप्रीम एनर्जी के सामने जब विराजमान होती है तो उसके सभी दाग धब्बे मिट जाते हैं। अनचाहे पदार्थ रोग बिमारियों में भी कमी आती है। जिस प्रकार विज्ञान की लेजर किरणें, शरीर के अनचाहे पदार्थ जला देती है।

## भौतिकी के कुछ प्रश्नों ने किया परेशान जीएस का पेपर आसान

**रांची।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) रविवार को रांची के 48 केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई है। पेपर वन (सामान्य अध्ययन) सुबह 9:30 बजे से शुरू होकर 11:30 बजे समाप्त हुआ। पेपर टू, (सीसैट) दोपहर 2:30 से शाम 4:30 बजे तक चला। रांची के 48 केंद्रों परीक्षा केंद्रों के लिए 21800 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। परीक्षा देकर केंद्र से बाहर निकलनेवाले अभ्यर्थियों का कहना था कि इस वर्ष फिजिक्स के कुछ प्रश्नों ने परेशान किया। पूर्व की तुलना में सवाल कठिन थे। जीएस का पेपर अभ्यर्थियों को अपेक्षाकृत आसान लगा। कड़ी जांच व्यवस्था से गुजरे अभ्यर्थी दोनों पालियों में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की जांच की गई। सभी अभ्यर्थियों की एडमिट कार्ड और पहचान पत्र की सघन जांच की गई। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को लेकर सख्त तलाशी के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी गई। परीक्षा से डेढ़ घंटे पहले से केंद्रों के बाहर भीड़ होने लगी थी। एक घंट पहले मुख्य गेट खोला गया, जिसके बाद अभ्यर्थियों का प्रवेश शुरू हुआ।

**मोरहाबादी के चौपाल से**

## हरी व ताजी सब्जियां बेचने वालों को बार-बार उजाड़ा गया है

मोरहाबादी के चौपाल में आज अहम मुद्दे पर चर्चा हुई। वहीं कहा गया कि मौसम की मार झेलते हुए भी, हम लोगों की रसोई में हरी व ताजी सब्जियां यही लोग ला करके देते हैं। दुर्भाग्य से पिछले 25 सालों में किसी भी सरकार ने उनकी परेशानियों को कभी नहीं समझा, हां अतिक्रमण के नाम पर इनको उजाड़ा गया, केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ को फिर में धन्यवाद दूंगा कि उनके प्रयास से, आदेश से इनको वापस अपने स्थान मिल गए जिससे ये अपनी रोजी-रोटी कमा रहे हैं। इनकी रोजी-रोटी छीनी गई, कोई नहीं गया इनसे पूछने, बच्चे कहां पढ़ते हैं? कैसे घर में यह रहते हैं ? कितने डरे हुए से ये तपती सड़क पर और ऊपर से सूर्य की गर्मी में भी बैठते हैं। बरसात आ ही रही है, तब बरसात झेलनी हैं। इन प्रश्नों के उत्तर आज तक मुझे नहीं मिले, काफी प्रयास के बाद भी जब किसी भी सरकार या विभाग ने इनकी तकलीफों को नहीं समझा तो 2022 से इनके बीच छाते बांटने शुरू किया। मोरहाबादी सब्जी हाट में भी सबसे गरीब करीब 100 लोग हैं, इस तरह के बहुत गरीब सब्जी वाले कांके रोड, बारियातू रोड बूटी मोड़ कोकर सब जगह है , इतनी बड़ी संख्या के लिए सरकार प्रशासन को कुछ करना चाहिए वैसे निजी स्तर पर और कभी-कभी कुछ लोगों को जोड़ कर इनके लिए जो हो पाता है करने का प्रयास करता हूं।



# सीयूजे का दक्षिण कोरिया के चार विश्वविद्यालयों संग हुआ करार

### सीयूजे के कुलपति दक्षिण कोरिया और जापान के दौरे से लौटे

● हांकुक विदेशी अध्ययन विश्वविद्यालय के साथ पांच वर्षों के एमओयू का विस्तार (2025-2030) हुआ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड (सीयूजे) के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास दक्षिण कोरिया और जापान के 12 दिवसीय दौरे से लौट आए हैं। उन्होंने दक्षिण कोरिया के चार विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू पर सहमति बनाई। प्रो दास ने बताया कि सीयूजे एशिया के समृद्ध और साझा विरासत वाले देशों के विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू कर रहा है, ताकि दोनों देश और करीब आएं और झारखंड जैसे विकास के राह पर अग्रसर राज्य के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा दी जा सके। इस एमओयू के तहत दक्षिण कोरिया के चार विश्वविद्यालयों व सीयूजे के बीच शैक्षणिक आदान-प्रदान पर सहमति बनी है। कुलपति कोरिया में कार्य कर रहे भारतीयों से भी मिले जिनका नेतृत्व डॉ नागेंद्र कौशिक ने किया। कुलपति ने हांकुक विदेशी अध्ययन विश्वविद्यालय, बुसान विदेशी अध्ययन विश्वविद्यालय (दक्षिण कोरिया), में व्याख्यान दिया। जापान दौरे में सीयूजे के कुलपति ने रितसुमेकन एशिया पेसिफिक यूनिवर्सिटी, जापान में व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में प्रो दास ने कहा कि भारत जिस प्रकार से आर्थिक अकादमिक उन्नति कर रहा है, कोरियाई और जापानी छात्रों के लिए यह आवश्यक है कि वे भारत का अध्ययन करें, ताकि आनेवाले दिनों में वे भारत, कोरिया और जापान के आर्थिक, सामाजिक, अकादमिक व सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ाने में प्रभावी हों।

**सीयूजे ने कोरियाई चार विवि के साथ एमओयू विस्तार किया**

हांकुक विदेशी अध्ययन विश्वविद्यालय के साथ पिछले पांच साल से चले आ रहे एमओयू को अगले पांच वर्ष (2025 -2030), तक के लिए विस्तारित करने पर सहमति बनी। साथ ही, हांकुक विश्वविद्यालय में कोरियाई भाषा और हिंदी के अलावा अन्य विषयों, विशेषकर- मैनेजमेंट, कंप्यूटर साइंस व सोशल साइंस, में साझा अकादमिक कार्यक्रम चलाने पर भी सहमति बनी। इसके अलावा सैमसंग ग्लोबल एक्सपर्ट्स हिंदी लैंग्वेज एंड इंडियन कल्चर ट्रेनिंग प्रोग्राम को और आगे बढ़ाने के लिए सहमति बनी। इस सहमति के तहत इस वर्ष अगस्त में सैमसंग के 12 कर्मचारी सीयूजे आकर भारतीय इतिहास, संस्कृति और विरासत को समझेंगे और टेंडम कक्षा में हिंदी भी सीखेंगे। बुसान विदेशी अध्ययन विश्वविद्यालय, के साथ भी पिछले वर्ष किए गए एमओयू को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी है। इसके अनुसार दोनों विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप और औद्यागिक प्रशिक्षण में सहयोग किया जाएगा। साथ ही, सामाजिक विज्ञान, मैनेजमेंट और जनसंचार में साझा अकादमिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए चलाए जाएंगे। क्वाग्वोन विश्वविद्यालय, के साथ भी एमओयू पर सहमति बनी और दोनों विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग व जनसंचार विभाग कुछ दिनों में साझा अकादमिक गतिविधियों की शुरुआत करेंगे।



## 'ऑपरेशन सिंदूर'के वीर बलिदानी सैनिकों को दी गई श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में राष्ट्र सेविका समिति , झारखंड प्रांत की 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ "ऑपरेशन सिंदूर"के वीर बलिदानी भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि के साथ हुआ । पंद्रह दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में देशभक्ति , राष्ट्रसेवा , नागरिक कर्तव्य , सामाजिक सद्भाव , सामाजिक समरसता , कुशल एवं मंगल संवाद , स्वदेशी उत्पादों के प्रति देशव्यापी जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण सह संवर्धन पर केंद्रित विषय वस्तुओं पर व्यापक चर्चा , विमर्श तथा मंथन होगा । इस भव्य आयोजन के मुख्य वक्ता, राष्ट्र सेविका समिति की अखिल भारतीय सह कार्यवाहिका, सुनीता हल्देकर ने कहा कि देश, काल एवं परिस्थिति के मद्देनजर समाज को अपने दायित्व एवं कर्तव्य के प्रति सजग, समर्पित, संगठित, तत्पर, तैयार रहने की आवश्यकता है । मंगल मिलन एवं सामाजिक समरसता से समाज की ओर से सतत एवं राष्ट्रोन्मुख गतिविधियां दिखनी चाहिए । आज के उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि डॉ. रश्मि जी जो कि आरोग्य भारती के प्रांतीय अध्यक्ष हैं ने उक्त मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के उत्थान में एकजुटता, प्रेम, आपसी सौहार्द एवं समन्वय तथा सहकार की अहम भूमिका है । पंद्रह दिनों के इस वर्ग में अखिल भारतीय स्तर के तीन अधिकारियों की उपस्थिति रहने वाली है। सुनीता हल्देकर , अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख नीत , अखिल भारतीय सह कार्यवाहिका चित्रा जोशी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इसमें पूरे झारखंड प्रांत से राष्ट्र सेविका समिति से जुड़ी लगभग 225 बहनें शिक्षार्थी के रूप में हिस्सा ले रही हैं।

# न्यूज बॉक्स

### दिल्ली में झारखंड के 3 मॉडलों ने रैंप वॉक पर किया बेहतर प्रदर्शन



**रांची।** दिल्ली में हुए रैंप में झारखंड के मॉडल और डिजाइनर ने भाग लिया। दिल्ली शो का आयोजन नीतू श्रीवास्तव और योगेश सिंह ने किया। वहीं झारखंड के मॉडल अमन कुंडू (शोस्टॉपर), प्रियांशी कुनारी (6 वर्ष) व मॉडल अरुण जयपुरिया 42 वर्ष ने दिल्ली के बड़े फैशन डिजाइनर शो (टीटीआरएन) रनवे नाइट में जलवा बिखेरा। दिल्ली के नोएडा सेक्टर 16 फिल्म सिटी संस्कार स्टूडियो में आयोजित किया गया था। उसमें झारखंड के 3 मॉडल ने रैंप वॉक पर वॉक किया।

### एक्वा वर्ल्ड में 'पंजाबी संडे' का आयोजन



**रांची।** एक्वा वर्ल्ड, मछली घर के द्वारा आयोजित कार्यक्रम पंखा पंजाब की समृद्ध कला और संस्कृति को समर्पित रहा। सारे कार्यक्रम पंजाबी थीम पर आयोजित किए गए।कार्यक्रम की शुरुआत में सीबीएस डांस ग्रुप के द्वारा 'मुंडियान तो बच के' गीत पर नृत्य पेश किया गया जिसके कोरियोग्राफर स्वस्तिक राज थे। नृत्य में हिस्सा लेने वाले में रिया, अहम,मानसी, निर्मला,समृद्धि प्रमुख थे। इसके अतिरिक्त विभिन्न ग्रुपों ने हाई रेटेड गबरू, हो जाएगी बल्ले बल्ले, बोलो तरारा, लहंगा, एक्सक्यूज़स, आदि गीतों पर जमकर नृत्य किया। आज पंजाबी संडे में बड़ी संख्या में पंजाबियों की भागीदारी रही। आज पंजाबी व्यंजन का भी स्टॉल लगाया गया था जिसमें मकई की रोटी और चने का साग दिया जा रहा था। दीपांजलि ग्रुप के निदेशक विपुल नायक, देव ज्योति नाहा,नीतू कुमारी, डेविड, गौतम, आदि मौजूद थे। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरपर्सन प्रतुल शाह देव,लोकेश, प्रद्युम, आनंद, साहिल,आदि उपस्थित थे। अगला रविवार 1 जून का कार्यक्रम राजस्थान की कला और संस्कृति को समर्पित रहेगा।

### हमारा शरीर प्रभु का मंदिर, पवित्रता बनाए रखें : बिशप सीमांत

**रांची।** हमारा शरीर प्रभु का मंदिर है, इसलिए हमेशा इसकी पवित्र बनाए रखने की जरूरत है। ये बातें मुख्य अतिथि के रूप में जीईएल चर्च के बिशप सीमांत तिर्की ने कही। वे रविवार को जीईएल चर्च के बच्चों के लिए आयोजित रांची यूथ फेलोशिप की 10 दिवसीय अवकाशकालीन बाईबल पाठशाला के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। पाठशाला बेथेसदा स्कूल परिसर में हुई। बिशप ने कहा कि हमारा शरीर पवित्र आत्मा का भी मंदिर है, पवित्र आत्मा परमेश्वर है और हम यीशु मसीह के लहू से खरीदे हुए है। जो क्रूस मृत्यु के द्वारा हमारे लिए शैतान से लड़ा। यीशु मसीह ने हमें पाप की मृत्यु से हमें छुड़ाया है। पूर्व में पाठशाला की शुरुआत शोभायात्रा निकालकर, मोमबत्ती जलाकर और झंडोत्तोलन कर की गई। पहले दिन कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक के 350 बच्चों ने हिस्सा लिया। मौके पर अमित लकड़ा, समीर सांगा, लिली कुजूर, ओशित लकड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

### सशक्त समाज से सशक्त राष्ट्र का सपना साकार होगा : डॉ टीएन साहू

**रांची।** आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर, नगड़ी में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार का समापन रविवार को हुआ। मुख्य अतिथि झारखंड राज्य ओपन यूनिवर्सिटी के डॉ टीएन साहू ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है। सशक्त समाज से सशक्त राष्ट्र का सपना साकार होगा। ब्रह्मा जी राव ने कहा कि शिक्षा का प्रयाय सिर्फ अपना विकास नहीं बल्कि पूरे वसुधा का विकास होना चाहिए। डॉ सुनीता ने कहा कि ज्ञान को थोपने की नहीं उभारने की जरूरत है जो बच्चों में ही कहीं छिपी हुई है, हम सब को गुरु शिष्य परंपरा को फिर से जागृत करने की आवश्यकता है। इसके साथ कई विद्वानों ने पीपीटी के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा पर अपनी प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी और सचिव डॉ डीएन सिंह के प्रयासों से गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें विद्या भारती के अप्रदेश सचिव नकुल शर्मा, प्रदेश मंत्री बृजेश कुमार, अमरकांत झा, राम अवतार नारसरिया, अखिलेश कुमार, डॉ डीएन सिंह आदि ने विचार साझा किए।

### मकान से नकदी, जेवर की चोरी की मोबाइल फोन के साथ दो गिरफ्तार

**रांची।** रातू रोड कृष्णा नगर कॉलोनी रोड नंबर तीन में मकान से चोरी में मिले मोबाइल के साथ दो युवक गिरफ्तार किए गए हैं। स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा दिया। एक का नाम उदय वर्मा है, जो रातू के चटकपुर धनई सोसो का रहने वाला है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक अन्य ललन कुमार राय को गिरफ्तार किया। वह भी धनई सोसो का रहने वाला है। मामले में कृष्णा नगर में किराया के मकान में रहने वाले फूलदेव उरांव की लिखित शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। बताया गया है कि स्थानीय लोगों द्वारा पकड़े गए चोर के पास से उनके आवास से चोरी के मोबाइल मिले थे। सूचक के आवास से चोरों ने 25 हजार रुपये नगद, सोना व चांदी के जेवरात के अलावा दो मोबाइल की चोरी पिछले शुक्रवार को देर रात कर ली थी। इधर मामले में पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों को होटवार जेल भेज दिया है।

### मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में जारी किया येलो अलर्ट, बारिश की चेतावनी

**रांची।** झारखंड में मौसम विभाग ने तूफान व मुसलाधार बारिश की चेतावनी जारी किया है। मॉनसून ने रिकॉर्ड तोड़ते हुए केरल में दस्तक दी है। मौसम विभाग ने आठ जिलों में बारिश और आंधी की संभावना जताई है। चतरा, पाकुड़, दुमका और गोड्डा के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं गढ़वा, लातेहार और पलामू के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में बारिश के साथ हवाएं चलने की संभावना जताई है। वहीं मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 30 मई तक तेज बारिश रहेगी इसके बाद बारिश और तेज होने की संभावना है।



### वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहे पांच पड़हा के ग्रामीण

# श्रमदान कर सड़क की मरम्मत की

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**



वर्षों से झारखंड सरकार की उपेक्षा का दंश झेल रहा सरसा-ककरिया-लापुंग सड़क का पांच के पड़हा राजा एवं पड़हा समाज के लोगों ने श्रमदान कर मरम्मत कर सरकार को आइना दिखाया। सड़क के किनारे दोनो ओर 5 इंच से दो से तीन फीट तक गड्ढे हो गए थे। सड़क के ठेकेदारों और वन विभाग के लापरवाही के कारण उपेक्षा का दंश झेल रहा लापुंग सरसा नावाटोली सड़क के किनारे मिट्टी भर कर छोड़ दिया गया था जो बारिश में तुरंत बह गयी। जबकि ग्रामीणों ने सड़क निर्माण विभाग और ठेकेदार से कई बार सड़क के चौड़ीकरण करने की मांग और सड़क के दोनों किनारे मोरम भरने की मांग की थी। लेकिन ना ठेकेदार ने सुना और न सरकार ने, हालत तो ऐसे हो गए कि पतली सी सिंगल सड़क पर दोनों और गड्ढे होने के कारण कई बार आमने-सामने की टक्कर में दर्जनों एक्सीडेंट हुए और अलग-अलग समय में कई लोगों की मौत हो गई। दर्जनों घायल हो गए। लेकिन सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। अब यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 143 एजी बन गया। सड़क की हालत देखकर पांच पड़हा एवं पांच गांव के ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क किनारे बने गड्ढा को मोरम मिट्टी से भर दिया। बताते चले कि बेड़ों से ककरिया जाने वाली रोड सरसा जंगल में रोड किनारे काफी गड्ढा हो जाने से राहगीरों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था। ठेकेदार की लापरवाही से कच्ची मिटी भरने के कारण बरसात का पानी बहने से सड़क किनारे तीन तीन फीट के गड्ढे बन गए थे। आये दिन यहां पर राहगीर दुर्घटना का शिकार होते आएं हैं क्योंकि जब दोनों तरफ से गाड़ी आती है तो गाड़ी को आर पार होने के लिए जगह ही नहीं मिलता है गड्ढा होने के कारण। रसूखदारों का आशा देखते देखते जब ग्रामीण थक गए तब पांच पड़हा पद के सदस्य एवं पांच पड़हा के गांव के ग्रामीणों ने मिलकर सड़क का मरम्मत करने का निर्णय लिया और रविवार को सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर सड़क का मरम्मत किया।

## फिल्ममेकर लाल विजय शाह देव कोरोना से संक्रमित



**रांची।** झारखंड में भी कोरोनावायरस की एंट्री हो गई है। झॉलीवुड से बॉलीवुड तक फिल्म मेकिंग में अपनी पहचान बना चुके लाल विजय शाह देव कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने खुद इसकी जानकारी दी है। लाल विजय शाहदेव ने रविवार को सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर खुद के कोरोना से संक्रमित होने की जानकारी दी। उन्होंने फेसबुक पर लिखा कि भारत में अब तक कुल 257 लोगो कोरोनो पॉजिटिव पाए गए हैं। शाहदेव ने फेसबुक पोस्ट में बताया कि वह इस समय रांची के सेंटेविटा अस्पताल में इलाजरत हैं और पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं। डॉक्टर मोहित नारायण की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।

## झारखंड को क्रिकेट की नर्सरी बनाएंगे : सौरभ तिवारी



**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो के सम्मान में रविवार को डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अभिनंदन समारोह में झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के नवनिर्वाचित सचिव ,सौरव तिवारी संयुक्त सचिव शाहबाज नदीम , कार्यकारिणी समिति सदस्य मिहिर प्रीतेश टोपनो एवं संजय जैन शामिल हुए। नवनिर्वाचित पदाधिकारी का पारंपरिक रीति रिवाज ढोल नगाड़ा से स्थानीय लोक कलाकारों ने स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय अमिताभ चौधरी जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई सभी उपस्थित पदाधिकारी को पुष्प गुच्छ , अंग वस्त्र ,स्मृति चिन्ह एवं जनजातीय पेंटिंग देकर सम्मानित किया गया। ।रांची के क्रिकेट क्लब के सदस्यों में ज्ञानोदय क्रिकेट क्लब के प्रभाष चंद्र झा, झारखंड स्पोर्ट्स अकादमी के अशोक कुमार , रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी के चंद्रदेव सिंह, डिसएबल क्रिकेट के आफताब आलम ,हरमू यूथ के सत्यम कुमार, आरसीएफसी के अमर कुमार , साइ नामकुम कुणाल कुमार सिंह , खेलारी क्रिकेट क्लब के रामकुमार ,विद्यासागर अकादमी के निवास मंडल, झारखंड स्टेट फिजिकल एजुकेशन टीचर एसोसिएशन के देवेंद्र यादव, प्रवीण कुमार, विशाल यादव, भारतीय लोक कल्याण संस्थान के डॉक्टर बी के प्रसाद ,मनीष कुमार मेहता, सूरज कुमार गुप्ता, राजकुमार ,अमित कुमार, आदि लोगों ने मिलकर सभी अधिकारियों को सम्मानित किया ।

## डीबीसीए को मिली आसान जीत

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेंट्रल एकेडमी के खेल मैदान में रविवार को पेस क्रिकेट अकादमी के बैनर तले आयोजित अंडर-14 "जूनियर प्रीमियर लीग" के सेमीफाइनल मैच केसीए( काइजन क्रिकेट अकैडमी )बनाम (ड्रीम बिग क्रिकेट अकैडमी,रांची)के बीच खेला गया। यह मैच सेंट्रल अकैडमी ,बारियातु रोड रांची के ग्राउंड में खेला गया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए डीबीसीए ने 20 ओवर के मैच में 6 विकेट खोकर 227 बनाया जिसके जवाब में केसीए 12.3 ओवर में ही 42 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।जबकि डीबीसीए की ओर से गेंदबाज आयुष शर्मा ने 3 ओवर में 13 रन देकर 3 विकेट झटका तथा डीबीसीए की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज काव्यन रॉय ने 9 चौको और 2 छक्के के साथ ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंद में 62 रन बनाया और डीबीसीए को आसान सी जीत दिलाई। काव्यन रॉय को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। विदित हो कि 12 वर्ष उम्र का यह उभरता हुआ विकेटकीपर बल्लेबाज अपने 06 माह के अकैडमी कैरियर में ही अपनी धाकड़ बल्लेबाजी और फर्राटेदार विकेटकीपिंग से मैचौं में सनसनी फैला दिया है। काव्यन के मुख्य कोच रोहित ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

## हाथियों के गुजरने की सूचना अंग्रेजी में देता साइन बोर्ड चर्चा में




**अड़की ।** भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली अड़की के पास सेरेंगहातु में मुख्य सड़क पर हाथियों के गुजरने की सूचना अंग्रेजी में देता साइन बोर्ड चर्चा में है। उल्लेखनीय है कि अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई में भाषा संस्कृति बड़ा मुद्दा था क्योंकि वहां आज भी ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश लोग हिंदी नहीं समझते ऐसे में अंग्रेजी कैसे समझेंगे और हाथियों से हो रहे नुकसान के समाचारों से अखबार रंगे रहते हैं।

## पुलिस ने किया छह चोरों को गिरफ्तार, आठ बाइक बरामद



**रातू ।** राजधानी रांची में बाइक चोर गिरोह का खुलासा हुआ है। बाइक चोरी के इल्जाम में रातु पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के नाम जियाउल अंसारी, सजीबुल अंसारी, इमरान अंसारी, कलीम अंसारी, मोबीन अंसारी उर्फ गुड्डू और समीम अंसारी बताए गए। इनकी निशानदेही पर अलग-अलग जगहों ने आठ चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई है। रातू थानेदार इंस्पेक्टर राम नारायण सिंह को इंफॉर्मेशन मिली थी कि जेल से छूटने के बाद जियाउल अंसारी फिर से अपने पुराने धंधे में जुट गया है। वह अपने कुछ साथियों के साथ मिल कर जहां-तहां से दो पहिया वाहन टपा लेता है। इन चोरी की गाड़ियों को वह औने-पौने दाम में ग्रामीण इलाकों में बेच देता है। मिली इंफॉर्मेशन पर थानेदार ने अपनी टीम के साथ जियाउल अंसारी के घर पर रेड मारी। उसके घर से पुलिस को एक चोरी की बाइक मिली। पुलिस ने जियाउल अंसारी को गिरफ्तार कर बाइक को जब्त कर लिया। उसके बाद जियाउल अंसारी की निशानदेही पर सजीबुल अंसारी के घर पर पुलिस ने रेड मारी और उसके घर से बिना कागजात का तीन मोटर साईकिल बरामद की। सजीबुल अंसारी और इमरान अंसारी की निशानदेही पर कलीम अंसारी के घर से एक मोडिफाई किया हुआ एक पल्सर एवं एक बजाज डिस्कवर बाइक बरामद की गई। इमरान अंसारी के ही निशानदेही पर मोबीन अंसारी उर्फ गुड्डू एवं समीम अंसारी के घर से एक-एक मोडिफाई की गयी बाइक बरामद हुई। चोरी की बाइक पकड़ी न जा सके, इस चलते ये सारे चोर गाड़ियों की पेट्रोल टंकी अदला-बदली कर दिया करते थे। ये लोग चोरी की मोटरसाइकिल का स्वरूप बदलकर कोयला ढोने में इस्तेमाल करते थे। बाइक की पहचान छिपाने के लिए गाड़ी का नंबर प्लेट तक हटा दिया जाता था।

### बमने मंडा पूजा के अध्यक्ष बने मनोज बैठा व सचिव कृष्ण कुमार

# 31 मई को पूजा 9 जून को फूलखूंदी कार्यक्रम होगा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

ग्राम पंचायत बमने स्थित शिव मंदिर परिसर में रविवार देर शाम मंडा पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परंपरा अनुसार पूजा-पाठ के आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा हुई और आगामी तिथियां तय की गईं। निर्णय लिया गया कि 31 मई शनिवार को मंडा पूजा संपन्न होगी, जबकि 9 जून सोमवार को फूल खुंदी तथा रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बैठक में पूजा कार्यक्रम की सफल व्यवस्था हेतु पूजा समिति का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष मनोज बैठा, उपाध्यक्ष बसंतकुमार महतो, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, उप कोषाध्यक्ष छत्तीसवरकुमार महतो, सचिव कृष्ण कुमार, तथा उपसचिव रोहित कुमार को चुना गया। अगली बैठक 28 मई बुधवार को आयोजित की जाएगी, जिसमें तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में राजेंद्र महतो, रविंद्र कुमार, हीरालाल कुमार, प्रकाश कुमार, बबलू महतो, जयधन महतो, मनमतीया देवी, कौशल्या देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## बोड़ेया में मंडा पूजा को लेकर हुई बैठक



**पिठौरिया।** रविवार को मंडा पूजा को लेकर कांके बोड़ेया चौक स्थित स्कूल मैदान में बैठक रखी गई। जिसमे निर्णय लिया गया कि मंडा पूजा 5 जून से शुरू होगा जो 14 जून तक चलेगा। इस बैठक में बोड़ेया अरसंडे के सभी समाजसेवी गणमान्य व्यक्ति तथा जनप्रतिनिधि गण एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

## मुरुम व सुकुरहुटू में सांसद व विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**पिठौरिया।** कांके प्रखंड के मुरुम और सुकुरहुटू गांव में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास शनिवार को किया गया। मुरूम में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और विधायक सुरेश बैठा ने लंबे समय से उपेक्षित सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। लेकिन इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू को आरआरडीए की ओर से निमंत्रित नहीं किया गया। जबकि इसके निर्माण के लिए उन्होंने अनुशंसा की थी। उनके साथ ही गांव के भी प्रमुख लोगों को इसकी सूचना नहीं दी गई थी। अपने लोकप्रिय सांसद प्रो आदित्य साहू की उपेक्षा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी दिखी। शिलान्यास कार्यक्रम में बहुत कम संख्या में लोग मौजूद थे। गत वर्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश राम के साथ ग्रामीणों ने राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद से मिलकर सड़क निर्माण की मांग की थी। कुछ समय पूर्व बोड़ेया में भी सड़क निर्माण कार्य राज्यसभा सांसद के ही अनुशंसा पर हुआ लेकिन इसकी सूचना नहीं दी गई। सांसद की उपेक्षा पर और अपमान पर, भाजपा नेता कमलेश राम ने नाराजगी जताते हुए आरआरडीए के कार्यपालक अभियंता का सोमवार को घेराव करने की चेतावनी दी है। इसके पहले सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की सुकुरहुटू में शिलान्यास कार्यक्रम में उपेक्षा की गई थी। उस पर उन्होंने सीएम को पत्र लिख कर अपनी नाराजगी जताई थी। उसके बाद शनिवार को सुकुरहुटू तेलिया टंगरा सरना टोली होते हुए पीपल टंगरा रिंग रोड कुल ढाई किलोमीटर की लंबी सड़क का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री संजय सेठ के द्वारा किया गया। विधिवत पूजा उत्तम दास गोस्वामी एवं मदन पहान के द्वारा कराया गया।

## एफसी हेमरम को एसपी ब्रदर्स ने 3-1 से किया पराजित

**रांची।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के बैनर तले संचालित तमाड़ का बहूचर्चित एकमात्र फुटबॉल लीग ग्रुप बी का 45वां मैच एफसी हेमरम और एसपी ब्रदर्स के बीच रविवार को जीइएल चर्च आमलेशा मैदान पर खेला गया। खेल काफ़ी संघर्षपूर्ण रहा। दोनों टीम आकर्षक खेल का प्रदर्शन किया। 90 मिनट का मैच मे शानदार प्रदर्शन करते हुए एस पी ब्रदर्स के भक्तु ने 24वे और एस पी शांडील ने 38वे मिनट पर गोल मारकर अपने टीम को 2-0 का बढ़त दिलाया।इसी दरमियान हेमरम एफ सी के इदी मुंडा ने 53वे मिनट पर पहला गोल मारा जिससे स्कोर 2 -1 पर जरूर आ गया लेकिन 64वे मिनट पर एस पी ब्रदर्स के मोहन मुंडा ने गोल मारकर स्कोर को 3-1 पर ला दिया जो अंतिम तक बरकरार रहा जिसमे एस पी ब्रदर्स ने मजबूत टीम हेमरम एफ सी को 3-1 से पराजित किया। मैन ऑफ़ द मैच स्टार खिलाडी एस पी के भक्तु को पी पी एस ए के संरक्षक हीरालाल दास ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मैच का संचालन करम मुंडा, गुप्तेश्वर मुंडा, गोखेन मुंडा और रामेश्वर मुंडा ने किया। लीग का अगला मैच डी टी तमाड़ और लिटिल स्टार के बीच सोमवार को सुबह सात बजे खेला जायेगा।मौक़े पर पी पी एस ए के अध्यक्ष हरीश मुंडा, रितेश गुप्ता, जॉन कमल, नीरज हँस, महावीर पुराण, फागुराम मुंडा, श्रेया कुमारी, मिनी, चाँदमनी और सरिता कुमारी के अलावे काफ़ी संख्या मे दर्शक मौजूद थे।



## राज्य स्तरीय वुडबॉल प्रतियोगिता का समापन

रांची। झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के द्वारा जयपाल सिंह स्टेडियम में एक दिवसीय राज्य स्तरीय वुडबॉल प्रतियोगिता का समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संतोष कुमार गोविंद झा तथा मुकेश कुमार नायक ने खिलाड़ी को पारितोषिक वितरण की। इस अवसर पर आशुतोष पांडे अशोक चौबे दीपक वर्मा सरवर अंसारी शुभम शर्मा मयंक सिंह आदि प्रतियोगिता का सफल संचालन किया ।इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पलामू जामताड़ा रामगढ़ तथा रांची के भाग लिया। इस प्रतियोगिता में तकरीबन साठ खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का परिणाम बालक और बालिका वर्ग में इस प्रकार रहा। बालिका वर्ग में सोनिया विलूग ने प्रथम स्थान, प्रभा मांझी द्वितीय स्थान , अनुष्का कुमारी तृतीय स्थान, ईसा लकड़ा चौथा स्थान, सुष्मिता कुमारी पांचवा स्थान पाई। अंकित कुजूर प्रथम स्थान शुभम कुमार द्वितीय स्थान मनमोहन सूनडी तृतीय स्थान राजेश गोप चौथा स्थान निकीत खलखो पांचवा स्थान पाया।

## ब्रिज मंगल सिंह के स्मृति में कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



ब्रिज मंगल सिंह के स्मृति में एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लड़कों का 10 टीम रांची डे बोर्डिंग टीम, गिरिडीह की टीम, बागबेड़ा की टीम, सोनारी 11 की टीम कदम 11 आदित्यपुर 11 की टीम बागबेड़ा की टीम मंगल सिंह क्लब की टीम जमशेदपुर 11 की टीम एवं चाईबासा की टीम मैं पार्टिसिपेट किया। महिलाओं का टीम में रांची जिला की टीम जमशेदपुर 11 की टीम चाईबासा की टीम रांची डे बोर्डिंग की टीम गिरिडीह की टीम कदम 11 की टीम एवं मंगल सिंह क्लब की टीम ने भाग लिया। पुरुषों का 10 एवं महिलाओं की 7 टीम पार्टिसिपेट किया जिसमें पुरुष वर्ग में संयुक्त विजेता रहे चाईबासा एवं मंगल सिंह क्लब की टीम महिला वर्ग में संयुक्त विजेता रहे रांची जिला एवं गिरिडीह के टीम

**● महिलाओं में रांची डे बोर्डिंग की टीम तीसरे स्थान पर रहे हैं।**

जबकि तीसरे स्थान में पुरुषों में रांची डे बॉडी के टीम रहे। महिलाओं में रांची डे बोर्डिंग की टीम तीसरे स्थान पर रहे हैं। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जूना अखाड़ा के महंत विद्यानंद सरस्वती जी अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सरयू राय जमशेदपुर पश्चिम के विधायक एवं इस प्रतियोगिता के ऑर्गेनाइजर मुन्ना सिंह ज्य कबड्डी संघ के प्रेसिडेंट तपन कुमार जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष एमपी सिंह एवं इस कबड्डी प्रतियोगिता को सुचारू रूप से खिलाने के लिए ऑफिशल तिलक राम साहू, जसवंत कुमार साहू, शिव प्रसाद, लक्ष्मी कुमारी, बसंती महतो, प्रेम कुमार, अजय कुमार एवं इस मैच को संचालन में रमेश कुमार साहू ने भूमिका निभाई।

### वट सावित्री पूजा आज, तैयारी पूरी

# खलारी में सुहागिनों ने की जमकर खरीदारी, बाजारों में दिखी रौनक

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना को लेकर सोमवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर खलारी क्षेत्र में तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। रविवार को सुहागिन महिलाओं ने पूजा सामग्री की खरीदारी की। जिससे बाजारों में चहल-पहल और रौनक देखी गई। सुबह से ही मुख्य बाजार केडी रोड, डकरा मेन रोड आदि में पूजन सामग्री, फल, कपड़े व श्रृंगार के सामान की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ लगी रही। महिलाओं ने बांस का पंखा, लीची, आम, केला, अंगूर, धूप, कपूर, सिंदूर, रोली, मौली, सुपारी और पूजा थाली सहित व्रत से जुड़ी अन्य सामग्री की जमकर खरीदारी की। फुटपाथ पर भी अस्थायी दुकानों की लंबी कतारें लगी रहीं, जिससे बाजार में मेले जैसा माहौल बना रहा। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि इस वर्ष पहले से अधिक संख्या में महिलाओं ने व्रत की खरीदारी की है। मालूम हो कि वट सावित्री व्रत हर वर्ष ज्येष्ठ अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं व्रत रखकर बरगद (वट) के वृक्ष की पूजा करती हैं। मान्यता है कि इसी दिन सावित्री ने अपने तप और संकल्प से अपने पति सत्यवान को यमराज से वापस पाया था। इस दिन व्रत रखने वाली महिलाएं बरगद के पेड़ की परिक्रमा कर उसकी पूजा करती हैं और अपने सुहाग की रक्षा की कामना करती हैं।

## 1500 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 208 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के सदस्यों ने किया। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 1500 से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। आज के महाप्रसाद में मेवा एवं केसर युक्त खीर, पुड़ी, पलाव, आलु टमाटर मिश्रित सब्जी,आलू चिप्स आदि का वितरण किया गया।आज के भंडारे में आम का आमरस जुस एव जलजीरा का शर्बत का वितरण मीरा अडूकिया के सौजन्य से किया गया। तत्पश्चात भजन संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी एवं सज्जन पाड़िया एवं निर्मल जालान ने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया।श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन संध्या में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहा। तथा भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे तीन हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। उन्होंने बताया कि 26 मई को वट सावित्री पूजा एवं सोमवती अमावस्या के अवसर पर मंदिर में श्री राधा कृष्ण जी का भव्य श्रृंगार, विशेष पूजा- अर्चना, भजन- कीर्तन, एवं महाआरती व प्रसाद का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, शिव भगवान अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, मनीष सोनी, चंद्रदीप साहू, हरीश कुमार, महेश वर्मा, धीरज गुप्ता, अशोक ठाकुर,सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

## झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन के एजीएम में खिलाड़ियों की सुविधा बढ़ाने की मांग

**रांची।** झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन का वार्षिक आमसभा रविवार को रामगढ़ जिले के होटल शिवम इन के सभागार में झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन (जेएफए) के अध्यक्ष अर्चित आनंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर मुख्य रुप से झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव जय कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष करमवीर उरांव, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार, उपाध्यक्ष सह रामगढ़ जिला फेंसिंग एसोसिएशन के चेयरमैन विजय मेवाड़, कार्यकारी अध्यक्ष संजेश मोहन ठाकुर सहित रांची, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, गढवा, लोहरदगा, बोकारो, कोडरमा, गोड्डा, गुमला सहित 15 जिला संघ के अध्यक्ष सचिव सहित टक्निकल ऑफिशियल और खिलाड़ी मौजूद थें। इस मौके पर जिला संघ के पदाधिकारियों ने सभी का बुके देकर स्वागत किया। स्वागत भाषण जिला संघ के चेयरमैन विजय मेवाड़ ने किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में जेएफए के अध्यक्ष अर्चित आनंद ने वार्षिक आमसभा का उद्देश्य और खेल खिलाड़ी को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण बातें साझा की।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को मरुधर साहित्य पत्रिका भेंट करते एवं उनका अभिनंदन करते हुए नरेश अग्रवाल एवं महेश अग्रवाल।

### सदर विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

# प्रधानमंत्री का संदेश आत्मनिर्भर भारत और जनभागीदारी का संकल्प है : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



भाजपा सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार को अपने सेवा कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 122वें संस्करण को भाजपा पदाधिकारियों, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं तथा आम नागरिकों के साथ सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर एक सकारात्मक और विचारोत्तेजक वातावरण बना रहा, जिसमें लोगों ने पूरे ध्यान और आत्मीयता से प्रधानमंत्री के विचारों को ग्रहण किया। कार्यक्रम के उपरांत विधायक श्री प्रसाद ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम देश के प्रत्येक नागरिक को जोड़ने वाला संवाद है। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण तथा सहकारी संघवाद जैसे ज्वलंत और समसामयिक विषयों पर प्रेरणादायी विचार रखे। यह कार्यक्रम न केवल हमारी सोच को दिशा देता है, बल्कि यह हमें हमारे कर्तव्यों की याद भी दिलाता है। प्रधानमंत्री द्वारा उल्लेखित ऑपरेशन सिंदूर पर विधायक श्री प्रसाद ने कहा कि यह मिशन भारत की सैन्य शक्ति, आत्मनिर्भर रक्षा तकनीक और आतंकवाद के खिलाफ मजबूत नीति का प्रतीक है। श्री मोदी द्वारा गुजरात के गिर वन में शेरों की संख्या में हुई ऐतिहासिक वृद्धि का उल्लेख करते हुए श्री प्रसाद ने इसे वन्यजीव संरक्षण में सरकार और समाज की साझी सफलता बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि दर्शाती है कि जब सरकार की नीतियां दूरदर्शी होती हैं और समाज उसका सक्रिय भागीदार बनता है, तब ऐसे असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेते हुए क्षेत्र में सामाजिक, पर्यावरणीय और जन कल्याण से जुड़ी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया। इस अवसर पर झारखंड ओबीसी मौर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा नेता हरिश श्रीवास्तव, महिला जिलाध्यक्ष मनोरमा राणा, मंडल अध्यक्ष रणधीर पाण्डेय, राजेश ठाकुर सहित सकैडो लोग उपस्थित थे।

# एथलेटिक्स खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

भुरकुंडा पंचायत भवन में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एथलेटिक्स खिलाडियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कराटे प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास ने बताया कि श्रृष्टि कुजूर ने भाला फेक व लंबी कूद में कांस्य पदक, आस्था सिंह ने भाला फेक और गोला फेक में रजत पदक, वैष्णवी कुमारी ने लंबी कूद में रजत पदक और आरेम कुमार ने भाला फेक में रजत पदक जीतकर क्षेत्र कार नाम रौशन किया है। मौके पर चित्रलेखा, विकास, शिवांश, रेयांश, खुशी, स्नेहलता, अन्नया, ओम, वैश्नवी, रीना कुजूर, प्रशिक्षिका सृष्टि कुजूर, आस्था सिंह, रीना कुजूर और कमलनाथ सिंह ने मौजूद थें। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी।

## न्यूज बॉक्स

### मन की बात लोगों के लिए प्रेरक होता है : सूर्यवंश श्रीवास्तव



**रामगढ़** । भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ने 25 मई को बूथों पर एवं बूथ नंबर 11 के समीप मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के कार्यालय में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 122 वां संस्करण तिरंगे ध्वज के साथ भारतीय सेना की गौरवपूर्ण विजय एवं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्सव के साथ सुना एवम देखा. कार्यक्रम समापन के बाद सभी ने तिरंगा ध्वज हाथ में लेकर अपने क्षेत्र का भ्रमण किया. मौके पर सूर्यवंश श्रीवास्तव ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात लोगों के लिए प्रेरक होता है. इसलिए लोग इस कार्यक्रम को सुनने के लिए उत्सुक रहते हैं. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ,अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष हरजीत सिंह छाबड़ा, कुणाल दास सहित कई लोग शामिल हुए.

### दो यात्री बसों की टक्कर में 10 यात्री हुए घायल



**रामगढ़** । कुजू ओपी क्षेत्र के लकड़ीगेट फोरलेन सड़क पर रविवार की सुबह दो बस की टक्कर में लगभग 10 यात्री घायल हो गए। बाद में सभी घायलों को मांडू व कुजू पुलिस के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। बताया जाता है कि रांची से माँ शेरावाली नामक यात्री बस संख्या जेएच02एपी-7664 हजारीबाग की ओर जा रहा था। इसी बीच लकड़ी गेट के पास एक अन्य यात्री बस यात्रियों को बैठाने के लिए जैसे ही रुका, वैसे ही पीछे से माँ शेरावाली नामक बस ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे माँ शेरावाली बस पर सवार 8 से 10 यात्री घायल हो गए। जबकि कई यात्रियों को हल्की चोट आई। वही बस में अन्य सवार यात्री अपने गंतव्य की ओर जाने के लिए बस के इंतजार में सड़क पर खड़े रहे।

### बिहार चुनाव को लेकर भाजपा ने किया विचार-विमर्श

**रामगढ़।** एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम को लेकर भाजपा रामगढ़ जिला इकाई की बैठक शनिवार को होटल लॉ मैरिटल में हुई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने की। जिला संयोजक डॉ संजय कुमार सिंह ने विषय प्रवेश कराते हुए आज के बैठक के संबंध में विस्तार से बताया। बैठक में आगामी बिहार चुनाव को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के साथ रणनीति बनाई गई। बैठक में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के जिला प्रवासी व भाजपा (बिहार) मुजफ्फरपुर जिला प्रभारी हरेंद्र सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता संजय प्रसाद सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रंजन फ़ौजी, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, जिला मंत्री दिलीप सिंह, किरण देवी, सरदार अनमोल सिंह, अशोक कुमार सोनी, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संतोष कुमार शर्मा, भीम सेन चौहान, धीरज कुमार साहू, प्रो आलोक कुमार मंडल, महामंत्री ऋषिकेश सिंह आदि मौजूद थे।

### खेत से काम कर लौट रहे मजदूर को जंगली हाथी ने कुचला, मौत

# हाथियों के आतंक की निरंतर घट रही घटनाएं : चंद्रदीप पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



प्रखंड क्षेत्र के बरकनगांगो में शनिवार शाम खेत से काम कर लौट रहे एक व्यक्ति को जंगली हाथी ने कुचलकर मार दिया। मृतक की पहचान सुखलाल मरांडी 52 वर्ष, पिता टेंपा मरांडी ,जोधपुर जिला गिरिडीह निवासी के रूप में की गई। बताया जाता है कि मृतक समेत आठ मजदूर किराए के मकान में रहकर बरकनगांगो निवासी वीरेंद्र प्रसाद पिता भौरा महतो के खेत में काम करते थे। शनिवार शाम करीब 5:30 बजे सभी मजदूर खेत से काम कर अपना डेरा वापस लौट रहे थे। इसी बीच जंगली हाथियों के झुंड से बिछड़ा एक हाथी दौड़कर मजदूरों के काफी करीब आ गया था। तत्पश्चात हाथियों को देख सभी मजदूर दौड़कर भाग गये, लेकिन सुखलाल मरांडी दौड़ नहीं पाए। जिन्हें हाथी ने अपने चपेट में ले लिया और अपने पैर व सूंड़ से हमला कर कुचल दिया। जहां मौके पर उसकी मौत हो गई । तत्पश्चात घटना की सूचना परिजनों को दी गई जिसके बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि क्षेत्र में हाथियों का तांडव थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। विगत दो वर्ष पूर्व भी बरकनगांगो में हाथियों के झुंड ने दो व्यक्तियों को कुचलकर मार दिया था। क्षेत्र में हाथियों का तांडव लगातार आठ-दस वर्षों से जारी है। जंगली हाथियों के झुंड ने फसल ,पेड़ पौधा, घर में रखा अनाज व सामान को निरंतर नुकसान पहुंचाया हैं जो क्षेत्र के लिए बडी गंभीर समस्या बन गई है ।इस घटना से लोगों में भय का माहौल है। मौके पर उपस्थित गैड़ा पंचायत के उप मुखिया चंद्रदीप पांडेय ने वन विभाग से मांग करते हुए कहा कि वन विभाग हाथियों को अपने नियंत्रण में लेकर अविलंब उन्हें गांव से दूर किसी जंगल में खदेड़कर भगाये,ताकि हाथी पुनः इस क्षेत्र में प्रवेश न कर सके ।बताया कि हाथियों के आतंक से क्षेत्र में घट रही निरंतर घटना से कहीं न कहीं वन विभाग की नाकामी साबित हो रही है। घटना की सूचना पाकर वन विभाग के कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और जायजा लिया।

### वेंकटेश आयरन की विस्तार परियोजना पर हुई लोक सुनवाई

**भुरकुंडा।** झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से शनिवार को पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु भदानीनगर स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में लोक सुनवाई का आयोजन किया गया। यह सुनवाई मेसर्स वेंकटेश आयरन एंड एलॉयज (इंडिया) लिमिटेड की ओर से लपंगा (भदानीनगर) में प्रस्तावित परियोजना को लेकर आयोजित की गई थी। कंपनी के मौजूदा स्पंज आयरन उत्पादन क्षमता को एक लाख 20 हजार टीपीए से बढ़ाकर एक लाख 80 हजार टीपीए करने का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही तकनीकी परिवर्तन करते हुए इंडक्शन फर्नेस की जगह सबमर्ज्ड आर्क फर्नेस लगाने की योजना है, जिससे 64 हजार टीपीए पिग आयरन का उत्पादन किया जाएगा। इसके अलावा कंपनी 4 मेगावाट क्षमता के कैप्टिव पावर प्लांट (डब्लूएचआरबी) की भी स्थापना करेगी। लोक सुनवाई में एसी गीतांजलि तिर्की, झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय पदाधिकारी जितेंद्र प्रसाद सिंह, एचओ सुमित झा, जीएम एसएस बैठा, पतरातू सीओ मनोज चौरसिया सहित कई अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसमें कंपनी की ओर से अध्यक्ष कमल केडिया, डायरेक्टर अंकित केडिया, हर्ष केडिया, जीएम मनीष शर्मा, आनंद सरकार, पर्यावरण सलाहकार मुजफ्फर के अलावा अनुज ठाकुर, अजय सिंह, रणवीर सिंह, नईश आलम, राजेश मंडल, रत्नेश गिरि, सुनील सागर, सुमन सागर, दिलीप महतो, शंकर बेदिया, राजेश महतो, अर्जुन यादव, दीनानाथ, विजय यादव, मनीष चंद्रवंशी, उषा देवी, सरिता देवी, काजल कुमारी, किरण कुमारी, विजय कुमार, पंकज पांडेय, हारून राशिद, मुबारक हसन, सुनील बेदिया आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### रामगढ़ जिला वॉलीबॉल ग्रीष्म कालीन शिविर का आयोजन

**केदला।** झारखंड वॉलीबॉल संघ एवं आर्ट ऑफ गिविंग के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार से वॉलीबॉल ग्रीष्म कालीन शिविर का आयोजन किया गया है। यह आयोजन रामगढ़ जिला के इलेवन स्टार वॉलीबॉल ग्राउंड केदला नगर नौ नंबर में किया गया है। शिविर का उद्घाटन केदला नगर के वरिष्ठ खिलाड़ी नंदलाल प्रसाद गुप्ता, शंकर करमाली, राजकुमार राम, राजेंद्र राम, राजू राम, जगन्नाथ मुंडा, दिनेश कुमार, जगदीश मुंडा, संतोष राम, संतोष डायमंड, गौतम कुमार ने संयुक्त रुप से फिता काट कर किया। मौके पर उपस्थित वॉलीबॉल रामगढ़ जिला अध्यक्ष गोपाल राम ने कहा कि इस शिविर का आयोजन झारखंड वॉलीबॉल एसोसिएशन के निर्देशन एवं आर्ट ऑफ गिविंग के सहयोग से किया गया है।

### भारत विकास परिषद राजा राम मोहन राय के नए सात सदस्य बने

**रामगढ़।** राजा राम मोहन राय के जन्म शताब्दी के अवसर पर भारत विकास परिषद राजा राम मोहन राय रामगढ़ शाखा की प्रान्तीय संगठन सचिव डॉ मोहन प्रसाद के अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान शंकरलाल अग्रवाल के उपस्थिति में शाखा सचिव मुकुल कुमार भारद्वाज ने शाखा के बहुमूल्य उद्देश्यों और भविष्य में सफल संचालन के लिए नौ कार्यकारिणी सदस्यों का मनोनयन किया। इसमें नीरज कुमार पाठक, मुकुल कुमार भारद्वाज, राजेश कुमार साह, संतोष बेदिया, सिट्टू सिंह सलूजा, डॉ सुधीर आर्या, प्रो विवेकानंद पांडेय, बिकाश शाह, हेमन्ती देवी प्रमुख है। मनोनीत कार्यकारिणी सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने का आग्रह किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष राजेश कुमार साह ने किया। मौके पर प्रांत पालक जेपी सिंह, सुधीर कुमार कर्ण, रिजनल कन्वेनर पर्यावरण सपन विद सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### सीसीएल अस्पताल में महिलाओं के सम्मान में समारोह

**भुरकुंडा।** बीएमएस से संबद्ध यूनियन सीसीएल सीकेएस की ओर से शनिवार को भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल परिसर में महिलाओं के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भुरकुंडा प्रोजेक्ट ऑफिसर कुमार राकेश सत्यार्थी और एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉ अनूप टोप्पो ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में 50 महिलाओं को अंग वस्त्र और मिठाई का पैकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पीओ ने कहा कि महिलाएं परिवार और समाज की आधारशिला होती हैं। उनका सम्मान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस प्रकार के कार्यक्रम उनके योगदान को मान्यता देने का माध्यम हैं। समारोह में डॉ. मसरूर आफताब, डॉ. संतोष कुमार, चंदन कुमार, यूनियन प्रतिनिधि शशिभूषण सिंह, हरिनाथ महतो, शंभू प्रसाद सिंह, सरोज राणा, श्रीकांत गुप्ता, नौशाद आलम, अनिल पासवान, संतोष पांडेय, ललन प्रसाद, लक्ष्मी नारायण, फारूक रजा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नर्सिंग स्टाफ और महिला कर्मियों ने भी अहम भूमिका निभाई।

### मन की बात कार्यक्रम की 122 वीं कड़ी का आयोजन हुआ

# भारत का संकल्प आतंकवाद को खत्म करना है : पीएम नरेन्द्र मोद



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन सिंह फ़ौजी के नेतृत्व में रविवार को छत्तर मांडू स्थित जोहार पार्क में दिन के 11 बजे मन की बात की 122 वीं कड़ी को सुनने की व्यवस्था की गई । कार्यक्रम में बूथ नंबर 46 के अध्यक्ष नीरज सिंह और उनके सहयोगी तथा आमजनों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना ।सभी सेना के शौर्य के सम्मान में तिरंगा हाथ में थामे हुए थे। जिला उपाध्यक्ष रंजन फ़ौजी ने बताया कि आज की कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारत का संकल्प आतंकवाद को खत्म करना है। आपरेशन सिंदूर बदलते भारत की तस्वीर है। सेना के पराक्रम पर देश को गर्व है। सेना के शौर्य से हर हिंदुस्तानियों का सर ऊंचा हुआ है । मन की बात में अपने विचार को साझा करते हुए उन्होंने उग्रवाद, खेलों इंडिया योग दिवस के साथ साथ स्कूलों में सुगर बोर्ड को लेकर एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए कहा इससे कि बच्चों में शुगर को लेकर जागरूकता आएगी ।योग दिवस पर सभी को योग से जुड़ने को कहा। कहा कि मन की बात कार्यक्रम बहुत ही प्रेरणा देती है। आज के मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर, खेलों इंडिया, योगदिवस लोकल फॉर वोकल शुगर बोर्ड सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी साझा की वहीं युवाओं और महिलाओं के नवाचार और आत्मनिर्भर बन रहे भारत में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। मौके पर बूथ अध्यक्ष नीरज सिंह, राजेंद्र राय, जवाहर राय, अनीता सिंह, पूजा कुमारी, निशा कुमारी, सुषमा कुमारी आदि उपस्थित थे ।

### बीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

**गोला।** बीडीओ डॉ सुधा वर्मा ने शनिवार को बेटुलकलां पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा कर आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ बीपीओ कामाख्या प्रसाद, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी महेश्वर महतो, एमओ अरविंद कुमार महतो व अन्य मौजूद थे। इस दौरान बीडीओ ने उपस्थिति पंजी, टीएचआर पंजी व बच्चों को दी जा रही भेजन की गुणवत्ता की जांच की। इसके बाद बेटुलकलां पंचायत भवन में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ बैठक की गई। जिसमें उपस्थित ग्रामीणों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की जानकारी देते हुए बताया कि गंभीर रुप से बिमार गरीबों को इलाज के लिए सरकार आर्थिक सहायता देती है। अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के योग्य लाभुकों को सरकार की ओर से अनुदान राशि मुहैया कराया जाता है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन के साथ राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता, आय प्रमाण पत्र व बीमारी से संबंधित प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है।

### साशाब्रा महासंघ का प्रतिनिधि मंडल पहलगाम में मारे गए मनीष रंजन के परिवार से मिला

**गोला।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को झालदा पश्चिम बंगाल पहुंच कर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए इंटेलिजेन्स ब्यूरो के सेक्सन अधिकारी दिवंगत मनीष रंजन के परिवार से मुलाकात की। झालदा जाने के क्रम में प्रतिनिधि मंडल ने गोला में रुक कर पत्रकारों से बातचीत की। प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्र ने बताया कि मनीष रंजन की मृत्यु से समाज के साथ पूरे राष्ट्र को अपूरणीय क्षति हुई है। मनीष रंजन मूल रुप से बिहार के रोहतास जिले के करगहर थाना की अरुही गांव के रहने वाले थे। वे हैदराबाद में इंटेलिजेन्स ब्यूरो के सेक्सन अधिकारी पद पर कार्यरत थे। वे हैदराबाद से बैष्णोदेवी गए हुए थे। उनके पिता डॉ मंगलेश कुमार मिश्र पुरुलिया जिला के झालदा में शिक्षक पद से सेवानिवृत होने के बाद से यहीं रह रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि शाकद्विपीय समाज के युवा शक्ति के प्रेरणास्त्रोत मनीष रंजन के असामयिक निधन ह्रदय विदारक है।

# खतियानी पदयात्रा उप राजधानी दुमका से शुरू होकर राजभवन पहुंचेगा और धरना-प्रदर्शन करेगा

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**




झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की खतियानी पदयात्रा उप राजधानी दुमका से राजधानी रांची राजभवन तक निर्धारित है । खतियानी पदयात्रा का प्रतिनिधित्व कर रहे संथाल परगना से पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष अमित मंडल एवं उनके सहयोगी सुभाष मंडल, माथुर मंडल, रणधीर यादव, सिकन्दर कुमार, जियाउल हक, छोटू यादव, संदीप महतो, चंद्र किशोर, मुकेश कुमार आदि ने कर रहे हैं। यह खतियानी पदयात्रा उप राजधानी दुमका से शुरू होकर राज भवन रांची पहुंचेगा और राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया है। इस धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से पार्टी सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम महतो उपस्थित होंगे। खतियानी पदयात्रा का उद्देश्य है कि अंतिम सर्वे सेटलमेंट के तहत 1932 को केंद्र बिंदु मानते हुए खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति एवं विस्थापन नीति लागू करें । झारखंड की C ग्रेड और D ग्रेड की नौकरियों में 100% झारखंडियों को रोजगार मिले । जाति आधारित जनगणना का 100% आरक्षण लागू करे ।आदिवासियों का कानून अधिकार 5,6 में डाला जाये। रविवार को खतियानी पदयात्रा 11 वें दिन में रामगढ़ जिला प्रवेश कर चुका है। जेएलकेएम रामगढ़ ने खतियानी पदयात्रा में शामिल लोगों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस पदयात्रा में पार्टी के पदाधिकारी तथा सक्रिय सदस्यों की उपस्थित रही । सभी लोगों में हर्ष, जोश तथा उमंग देखने को मिली । खतियानी पदयात्रा में पवन महतो, संतोष चौधरी, सुधीर अकेला, संतोष टीडीआर, प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, देवानंद महतो, शिव नंदन मुंडा, अशोक कुमार, आनंद महतो, रामधन महतो, नरेंद्र महतो, डब्लू महतो, मोतीलाल महतो, चंद्र देव महतो,लीलावती महतो, लक्ष्मी कुमारी, निर्मल महतो, अंश महतो, सूरज मुंडा, बिनोद महतो,अनवर अंसारी, अनिल महतो, पिंटू महतो, सतेंद्र महतो आदि शामिल थे ।

### श्री अग्रसेन स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पतरातू सीओ मनोज चौरसिया, विशिष्ट अतिथि माइका एजुकेशन रांची के डॉ संजय जैन, स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, प्राचार्य विवेक प्रधान, काउंसलर मुख्तार सिंह ने संयुक्त से किया। समारोह में सीबीएसई 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सीओ मनोज चौरसिया ने कहा कि सम्मान मिलने से और बेहतर करने का हौसला बढ़ता है। बच्चों को अपने भविष्य के प्रति हमेशा सचेत रहना चाहिए। डॉ संजय जैन ने कहा कि वर्तमान सफलता को स्थायी न मानें, बल्कि इससे भी बेहतर करने की कोशिश करें।

# आईसीएआर में जोरों पर है केंद्र की विकसित कृषि संकल्प अभियान की तैयारियां

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र गौरियाकरमा में विकसित कृषि संकल्प अभियान की तैयारी जोरो से चल रही है. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अगवाई में यह अभियान पूरे देश में 29 में से 12 जून तक चलाया जाना है. उक्त जानकारी आईसीएआर के ओएसडी डॉ विशाल नाथ पांडेय ने दी. उन्होंने बताया कि देश में किस के लिए पहली बार इस प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं. इसके तहत लगभग डेढ़ करोड़ किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को समाधान करने का कार्य किया जायेगा. जो किसानों को उर्वरक के संतुलित प्रयोग, स्थानीय परिस्थिति, शोध की जानकारी और उन्नत बीजों से कृषि की उत्पादकता बढ़ाने में मदद कर देगा. इसके लिए कृषि मंत्री में देश के कृषि वैज्ञानिकों से अपनी सोच क्षमता वैश्विक स्तर प्रसिद्ध करने की अपील किया है. इस योजना का शुभारंभ उड़ीसा की जगन्नाथ धाम से 29 में को किया जाना है. इस संवाद कार्यक्रम के दौरान देश के 731 कृषि विज्ञान केंद्र व 113 आईसीएआर संस्थाओं के कृषि वैज्ञानिक व विशेषज्ञ तथा राज्यों के कृषि विभाग का अमला ग्रामीण किसानों से गांव स्तर पर संपर्क कर उनकी समस्याओं को दूर करने उत्पादन बढ़ाने में मदद करेंगे. इसे लेकर संस्थान की ओर से तैयारियां प्रारंभ है.

# आसनबेड़ा से टाटीपानी तक सात किमी सड़क निर्माण का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पाकरटांड प्रखंड के आसनबेड़ा के भांवरखोल से टाटीपानी भाया गोंदलीपानी तक 7 किलोमीटर लंबी कालीकरण सड़क निर्माण कार्य का रविवार को शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बनने वाले सड़क का शिलान्यास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा एवं उनकी धर्मपत्नी सह पाकरटांड जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भूषण बड़ा ने कहा कि गांवों की तरक्की के लिए सड़कों का निर्माण सबसे अहम होता है। यह सड़क न केवल गांवों को जोड़ेगी, बल्कि हमारे ग्रामीण भाई-बहनों के जीवन को आसान बनाएगी। उन्होंने कहा उनके प्रयास से पाकरटांड प्रखंड को जोड़ने वाली पहुंच को सिंगल रूट से डबल कर दिया गया है। साथ ही हम प्रयासरत हैं कि पाकरटांड प्रखंड के हर पंचायत को बेहतर सड़क सुविधा मिले। यह परियोजना उसी दिशा में एक ठोस कदम है। विधायक ने भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा और यह सड़क आने वाले वर्षों तक टिकाऊ साबित होगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे निर्माण कार्य पर निगरानी रखें और किसी भी तरह की लापरवाही की सूचना दें। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से बच्चों को स्कूल, मरीजों को अस्पताल और किसानों को बाजार तक अब जल्दी और सुरक्षित पहुँच मिलेगी।


विधायक भूषण बाड़ा ने रखी आधारशिला

### विकास यात्रा का हिस्सा है यह सड़क: जोसिमा खाखा

वहीं जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि पाकरटांड क्षेत्र को विकास की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में विधायक भूषण बाड़ा की भूमिका सराहनीय है। उनके प्रयासों से आज गांव-गांव में बिजली, पानी, सड़क और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ पहुँच रही हैं। यह सड़क निर्माण उसी विकास यात्रा का हिस्सा है। आज जिन गांवों में बरसात में पैदल चलना मुश्किल था। वहाँ अब पक्की सड़कें बन रही हैं। यह बदलाव हमारे विधायक की संवेदनशीलता और दूरदृष्टि का परिणाम है। उन्होंने कहा कि महिला जनप्रतिनिधि होने के नाते जानती हूँ कि अच्छी सड़कें महिलाओं, बच्चों और बुज़ुर्गों के जीवन में कितनी राहत लाती हैं। कार्यक्रम में जिला विधायक प्रतिनिधि एजाज अहमद, प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, सांसद प्रतिनिधि भूषण राम, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का व माइकल खड़िया, संजय तिर्की, अनूप मुंडा, हरीश कुमार भगत, उर्मिला केरकेट्टा, लीला नाग, पंचायत अध्यक्ष जॉन कुल्लू, बसंत तिर्की, जोसेप बिलुंग, सेवेस्तियन केरकेट्टा, बेंजामिन बा, मिखाईल एक्का, बुधवा उरांव, नीलिमा खेस और जुली लुगुन समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# सड़क जल्द बनाने की मांग को लेकर सैकड़ो की संख्या में जुटे ग्रामीण

- बानो जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना ने संवेदक को अविलंब सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने की कही बात

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बानो प्रखंड के एल्ला अंबा टोली में निर्माणाधीन सड़क के अधूरे कार्य और खराब स्थिति से नाराज़ होकर सैकड़ों ग्रामीण रविवार को सड़क पर उतर आए। प्रदर्शन का नेतृत्व सोय पंचायत की मुखिया सोमवारी कैथवार ने किया।ग्रामीणों के बीच सड़क पर एकजुट होने की सूचना मिलने पर जिला परिषद सदस्य सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने संवेदक रीजनेबल इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड को जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। साथ ही, मुंशी को गड्ढों पर डस्ट डालने के लिए भी कहा ताकि जब तक निर्माण कार्य प्रारंभ न हो, तब तक ग्रामीणों को थोड़ी राहत मिल सके।प्राप्त जानकारी के अनुसार, MRL-01-T01 योजना के तहत कोनसोदे प्रीतम चौक से एल्ला, तिनसोंगड़ा, बरबेड़ा होते हुए पंडरापानी (SHT-03) तक कुल 11.575 किमी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कई स्थानों पर पुलिया का कार्य भी प्रस्तावित है। लेकिन बीते कुछ महीनों से निर्माण कार्य ठप पड़ा है। सड़क की खुदाई के बाद दोनों किनारों पर मिट्टी भर दी गई है, जिससे बीच सड़क पर गड्ढे बन गए हैं और वहां जल जमाव व कीचड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है।ग्रामीण बिरसु गुड़िया और अन्य ने बताया कि यह क्षेत्र की एकमात्र संपर्क मार्ग है जिससे विद्यालय, अस्पताल, रेलवे स्टेशन और प्रखंड कार्यालय तक पहुँचा जाता है। सड़क पर कीचड़ और गड्ढों की वजह से स्कूली बच्चों को गिरने से चोट लग रही है, वहीं ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।मुखिया सोमवारी कैथवार ने बताया कि सोय पंचायत के कुल आठ राजस्व गांवों में एल्ला अंबा टोली भी शामिल है। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए संवेदक को कहा गया है कि जब तक कार्य दोबारा शुरू नहीं होता, तब तक कीचड़ और गड्ढों वाली जगहों पर डस्ट या मुर्रम डालकर आवाजाही लायक बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बारिश का मौसम नजदीक है, ऐसे में समय रहते कार्य न प्रारंभ हुआ तो स्थिति और खराब हो जाएगी।जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना ने मौके पर उपस्थित मुंशी अरमान अंसारी को निर्देश देते हुए कहा कि अगले दिन दोपहर 12 बजे तक सभी जलजमाव वाले गड्ढों पर डस्ट डाला जाए। मुंशी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि तय समय में डस्ट डाल दिया जाएगा और जल्द ही निर्माण कार्य भी फिर से शुरू किया जाएगा।इस प्रदर्शन में मुकेश साहू, अमृत जोजो, खातिरान जोजो, जुसपु गुड़िया, कल्याण जोजो, जोहान जड़िया, गुलशन जोजो, प्रेमचंद जोजो, इसाव्या जोजो, हलन जोजो, नेल्सन, तानी, सुरसेन जोजो, मेरी जोजो, सुसारी जड़िया, फिलीप जोजो, प्यारी जोजो, आनंदी जोजो, सुनिता जोजो, प्रमोदीन जोजो, ज़ोहन तोपनो, सुशिला जोजो, अनिता जोजो, जमुस तोपनो, सेवंती जोजो, सफीरा जोजो, आसीयान जोजो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अधूरे कागजात रहने पर चार वाहन चालकों का चालान काटा गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** बानो थाना गेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया बिना हेलमेट और बिना लाइसेंस के दो पहिया वाहन चला रहे चार वाहन चालकों का चालान काटा गया।थाना प्रभारी बानो विकास कुमार के निर्देश पर बानो थाना के एएसआई सत्यनारायण कुमार के नेतृत्व में थाना गेट के समीप ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत वाहन जांच अभियान चलाया गया इस दौरान दोपहिया,तीन पहिया व चार पहिया वाहन के कागजात डिक्की हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गयी।सड़क पर लोगों को वाहन पार्किंग करने पर फटकार लगाई गयी।ए एस आइ सत्यनारायण कुमार ने बताया कि टेंपो में चालकों को अगले सीट पर महिलाओं को नही बैठाने हिदायत दी गयी। पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी। वहीं ब्रेथ एनालाइजर से वाहन चालकों का जांच किया गया। शराब पीकर वाहन न चलने की हिदायत दी गई।अभियान को सफल बनाने में पुलिस बल के जवानों ने भी सहयोग किया।

## सड़क हादसे में घायल ट्रक चालक की इलाज के दौरान मौत

**कुरडेग।** कुरडेग–कुटमाकछार मुख्य मार्ग पर शनिवार देर शाम हुए भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक राहुल मोटो की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा खुंटाटोली खालीजोर के पास उस समय हुआ जब एक सोलह चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया।हादसा इतना भीषण था कि ट्रक का स्टीयरिंग बॉक्स चेसिस से पूरी तरह अलग हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पेड़ से टकराने के बाद ट्रक चालक ट्रक से गिरकर पक्की सड़क पर आ गया और ट्रक कुछ दूरी जाकर फिर से एक अन्य पेड़ से टकरा गया। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।रविवार सुबह इलाज के दौरान चालक की मौत हो गई।

# बोरोसेता गिरजाघर की रजत जयंती धूमधाम से संपन्न, विधायक हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** सिम्हातु पंचायत अंतर्गत आरसी मिशन बोरोसेता में गिरजाघर की रजत जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया, फादर राजेश केरकेट्टा, फादर एरिक जोसेफ कुल्लू, पल्ली पुरोहित अरविंद खाखा, फादर अजित पोल केरकेट्टा, फादर जेवियर कंडुलना, सिस्टर पुष्पा मिंज, ब्रदर जोसेफ कंडुलना, ब्रदर क्लेमेंट कंडुलना समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए।समारोह की शुरुआत पारंपरिक ढोल-नगाड़ों, गीत-संगीत और फूल माला पहनाकर अतिथियों के स्वागत से हुई। फादर राजेश केरकेट्टा ने मिस्सा बलिदान चढ़ाया, जिसमें अन्य फादरों ने सहयोग किया।अपने संदेश में फादर राजेश केरकेट्टा और फादर एरिक कुल्लू ने कहा कि प्रभु यीशु प्रेम, शांति और सेवा का प्रतीक हैं। उन्होंने लोगों से यीशु के उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।विधायक सुदीप गुड़िया ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि गिरजाघर में प्रार्थना करने से मन को शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि जैसे हम गिरजाघर को साफ और सुंदर बनाते हैं, वैसे ही अपने जीवन और व्यवहार को भी शुद्ध रखें। उन्होंने क्षेत्र के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही।मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन, सचिव अरमान तोपनो, पंचायत अध्यक्ष विजय किड़ो, समेत अनेक कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

# विधायक की वैवाहिक वर्षगांठ पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक प्रतिनिधि मनीष कुमार के डेयरी परिसर में केक काटकर जश्न मनाया गया। यह आयोजन माननीय विधायक भूषण बड़ा एवं उनकी धर्मपत्नी सह जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा की 21वीं वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने विधायक एवं उनकी धर्मपत्नी को शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घ और सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से सांसद प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, जिला विधायक प्रतिनिधि पुरूषोत्तम कुजूर, पाकरटांड प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि किश्वर सिंह, संजय साहू, शीतल एक्का, एजाज अहमद, जिला महासचिव विजय ठाकुर, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष निमरोद एक्का, 20 सूत्री अध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित एक्का, सरना प्रार्थना सभा अध्यक्ष कमलेश बारला, सुरेंद्र सिंह, मनोज मिश्रा, रोहित नायक, भूषण सिंह, संजय नागरची, संजय तिर्की, नकुल सिंह, उज्वल प्रसाद, ऋषि साहू, सतनारायण केशरी, रंजीत टोप्पो, मनोज लकड़ा, मुखिया कांति केरकेट्टा, नरेश पहान, पुनम एक्का, जसिंता मिंज, कमल पहान, ज्योति लकड़ा, लीला नाग, उर्मिला केरकेट्टा, मोनू साहू, ग्लैडसन लकड़ा, अनुज सोरेंग, सुषमा केरकेट्टा, रूनम केरकेट्टा, जुली लुगुन, बबलू कुमार, योगेंद्र खड़िया, सोमरा कुजूर, अभिषेक गुप्ता समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर विधायक को शुभकामनाएं दीं।

# केरसई में प्रतिबंधित मवेशी लदा पिकअप पकड़ा गया, एक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



- दो संदिग्ध पिकअप वैन को रोकने की कोशिश
- एक वाहन ने पुलिस को कुचलने की कोशिश की
- एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर पकड़ा गया, दूसरा फरार

**केरसई।** केरसई थाना क्षेत्र के करंगागुड़ी में शुक्रवार को पुलिस ने प्रतिबंधित 11 मवेशी लदे एक पिकअप वाहन को जब्त किया है। इस कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अन्य वाहन फरार होने में सफल रहा।केरसई थाना प्रभारी रामनाथ राम ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस सशस्त्र बल और गश्ती दल के साथ करंगागुड़ी रोड पर निगरानी कर रही थी। तभी दो पिकअप वैन वहां से तेजी से गुजरने की कोशिश की। वाहन चालकों ने पुलिस को देखकर वाहन की रफ्तार और बढ़ा दी और एक वाहन ने तो पुलिस बल को कुचलने की भी कोशिश की।इस दौरान एक वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसे पुलिस ने तुरंत घेर लिया। वाहन में 11 गोवंशीय मवेशी पाए गए। वहीं, दूसरा वाहन फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है। पकड़े गए वाहन के चालक की पहचान मो. फजल निवासी बनडेगा, ओडिशा के रूप में हुई है। पुलिस ने मवेशियों को सुरक्षित कब्जे में लिया और चालक के खिलाफ गौ संरक्षण अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।इस छापेमारी में पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह, अंचल निरीक्षक कुरडेग दिनेश प्रजापति, मुफस्सिल थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, कुरडेग प्रभारी संजीत कुमार, दीनू लोहार, बिनोद तिर्की सहित पुलिस बल के जवान और स्थानीय ग्रामीण शामिल थे।पुलिस अब फरार वाहन और उसके चालक की पहचान व गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। प्रशासन ने इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## गिरजा टोली में 'मोर पुलिस मोंय पुलिस' कार्यक्रम, पुलिस ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** कम्युनिटी पुलिसिंग 'मोर पुलिस मोय पुलिस' के तहत गिर्दा ओपी क्षेत्र के गेनमेर पंचायत गिरजा टोली में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आम जनों के समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया।कार्यक्रम में किसी प्रकार का कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में ओपी प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा,एसआई सर्वेश्वर सिंह और पुलिस पदाधिकारीयों ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने कार्यक्रम का उदघाटन कर किया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम ऐसे लोगों के लिए आयोजित है जो किसी कारण से पुलिस तक नहीं पहुँच पाते है तथा लोगों मे जागरूकता के लिए भी यह कार्यक्रम आवश्यक है।उन्होंने कहा की 112,1930,डायल कर शिकायत कर सकते है।ठगी मामलों,मानव तस्करी,डायन प्रथा शक्ति एप्प जैसे मामलों की जानकारी दिया गया तथा निदान के लिए पहल करने की बात किया गया।उन्होने कहा कि इसके लिए जागरूकता जरुरी है।

# बासेन बखरीटोली में भव्य उद्घाटन के साथ शुरू हुआ सात दिवसीय गोंडवाना समर कैंप

**नवीन मेल संवाददाता**



**केरसई।** प्रखंड के बासेन बखरीटोली में गोंडवाना आदिवासी कल्याण एवं विकास मंच सिमडेगा, गोंडवाना छात्र संघ सिमडेगा और महल्ला समिति बासेन बखरीटोली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 11वां गोंडवाना समर कैंप-2025 का आज भव्य शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत गोंडी परंपरा के अनुसार भूमक-पहान की अगुवाई में छह कुली देवी-देवताओं की पूजा से की गई, जिसमें जिले के 18 गोंडी धर्मगुरु शामिल हुए। पूजा का नेतृत्व भूमक संघ के अध्यक्ष देवनंदन प्रधान और श्रीमती शशि प्रधान ने किया। पूजनोपरांत, समर कैंप में शामिल 500 से अधिक प्रतिभागियों को सात टीमों में विभाजित कर परेड और मॉक ड्रिल कराया गया। तत्पश्चात, बोकारो स्थित सी.बी.एम. परिसंपत्ति में महाप्रबंधक पद पर कार्यरत मुख्य अतिथि श्री रामबहाल सिंह ने समर कैंप का झंडोत्तोलन कर विधिवत उद्घाटन किया।उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए रामबहाल सिंह ने कहा सिमडेगा में आयोजित यह समर कैंप देशभर में चर्चा का विषय बना है। सामाजिक एकता से इतना बड़ा आयोजन संभव हुआ है। बच्चों को खेल और पढ़ाई के माध्यम से करियर गढ़ने का प्रयास करना चाहिए।पूर्व भूमक एवं नेशनल इंश्योरेंस के सेवानिवृत्त ब्रांच मैनेजर देवनंदन प्रधान ने कहा कि समाज को सशक्त बनाने के लिए उच्चस्तरीय शिक्षा और वैश्विक जानकारी जरूरी है। उन्होंने तकनीकी विकास के प्रभावों पर भी चर्चा की।सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर बालसिंह प्रधान ने कहा समाज की सोच जितनी सकारात्मक होगी, उसका विकास उतनी ही तेजी से होगा। समर कैंप जैसे आयोजनों से समाज में नई क्रांति का जन्म होता है। इस मौके पर रामगढ़ से पधारे राजकुमार कुंजाम, विकास मंच के अध्यक्ष रामचंद्र मांझी, नरेंद्र नेटी, महल्ला समिति अध्यक्ष ब्रजमोहन मांझी, मुखिया सुनीता देवी, पूर्व प्रमुख माधुरी देवी, हीराधर मांझी सहित कई विशिष्ट जनों ने बच्चों को मार्गदर्शन दिया।गोंडवाना विकास मंच के संरक्षक कमलेश्वर मांझी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए समर कैंप के उद्देश्य, उपलब्धियों और भावी योजनाओं को विस्तारपूर्वक बताया।कैंप के अंतिम दिन युवा सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रतिभागियों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग सिमडेगा द्वारा मेडिकल किट एवं स्वास्थ्यकर्मी की व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति ने 50 स्वयंसेवकों की टीम भी गठित की है जो व्यवस्थाओं में सहयोग कर रही है। समर कैंप को सफल बनाने में जयनंदन मांझी, दीपक मांझी, भुनेश्वर बेसरा, किश्वर मांझी, राजू मांझी, राधानंद बेसरा, सत्येंद्र मांझी, त्रिभुवन भोय, नंदकिशोर भोय, महावीर मांझी, पूनम देवी एवं गोंडवाना विकास मंच, छात्र संघ और महल्ला समिति बासेन के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता लगे हुए है।

# न्यूज बॉक्स

### ग्रामीणों की बैठक, भारत आदिवासी पार्टी ने आदिवासी हितों की सुरक्षा की उठाई मांग

**ठेठईटांगर।** केरया गांव में रविवार को ग्रामीणों की आम बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्रामसभा संचालन, शराब नीति, जमीन अधिकार और पेसा कानून को लेकर कई अहम मुद्दे उठाए गए। बैठक की अध्यक्षता प्रोफिनियूस लुगुन ने की, जिन्होंने कहा कि केरया पूर्वी ग्रामसभा के प्रधान के इस्तीफे के बाद ग्रामसभा की गतिविधियां बाधित हो रही हैं। उन्होंने पारंपरिक और प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत शीघ्र नया ग्राम प्रधान चुनने की मांग की।भारत आदिवासी पार्टी के जिलाध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामसभा को सर्वोच्च अधिकार प्राप्त है और उसे सशक्त बनाना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कांग्रेस-झामुमो की शराब नीति को आदिवासी समाज के लिए विनाशकारी बताया और कहा कि गांव-गांव में शराब दुकानों की मंजूरी आदिवासी संस्कृति और जीवनशैली पर हमला है।चिराग ने मांग की कि अबुआ सरकार संविधान के अनुच्छेद 19(5), 19(6) और समता जजमेंट 1997 के आलोक में आदिवासी हितों की रक्षा के लिए ठोस कानून बनाए। उन्होंने कहा कि पेसा कानून की नियमावली जल्द लागू होनी चाहिए और आदिवासी महिलाओं की जमीन सुरक्षा के लिए भी अलग प्रावधान जरूरी है।आदिवासी नेता प्रदीप टोप्पो ने आरोप लगाया कि जिले में आदिवासी योजनाओं और जमीन की लूट प्रशासन की मिलीभगत से हो रही है। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष चिराग इस लूट के विरुद्ध निरंतर संघर्ष कर रहे हैं। मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### बानो प्रखंड मुख्यालय में ग्रीष्मकालीन मेला शुरू, खेल-तमाशे और दुकानों से गुलजार

**बानो।** बानो प्रखंड मुख्यालय में हर साल लगने वाला ग्रीष्मकालीन मेला रविवार को पारंपरिक विधि-विधान के साथ आरंभ हो गया। मेला का शुभारंभ गांव के पहान द्वारा ग्राम देवता की पूजा कर किया गया, जिसके बाद विधिवत मेला शुरू हुआ।यह मेला केवल बानो प्रखंड ही नहीं, बल्कि रनिया, आनंदपुर, कोलेबिरा जैसे पड़ोसी प्रखंडों के ग्रामीणों के लिए भी विशेष आकर्षण का केंद्र होता है। ग्रामीणों के लिए यह मेला सिर्फ एक मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक मेलजोल और पारंपरिक संस्कृति से जुड़ाव का अवसर भी है।मेला में इस बार ड्रैगन झूला, चकरी झूला, टावर झूला और मौत का कुआं जैसे रोमांचक खेल-तमाशे लगाए गए हैं, जो बच्चों और युवाओं को खासा आकर्षित कर रहे हैं। वहीं, महिलाओं और किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए साज-सज्जा, बर्तन, कृषि उपकरण और श्रृंगार की दुकानें भी सजाई गई हैं। मेला को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि वे साल भर इस मेले का इंतजार करते हैं। खासकर बच्चे, जो मेला में न केवल झूले का आनंद लेते हैं, बल्कि अपनी जरूरत की चीजें भी यहीं से खरीदते हैं।इस मेले के आयोजन से क्षेत्र की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है और ग्रामीणों को मनोरंजन के साथ-साथ जरूरत की चीजें एक ही जगह पर सुलभ हो जाती हैं।

### सिमडेगा शहरी क्षेत्र में विकास कार्यों को मिली मंजूरी, प्रदीप केसरी ने जताया आभार

**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के डेलीगेट प्रदीप केसरी ने सिमडेगा शहरी क्षेत्र की जनता की मांग पर जनहित में की गई पहल के तहत महत्वपूर्ण विकास कार्यों को स्वीकृति दिलाने पर सांसद कालीचरण मुंडा, उपायुक्त अजय सिंह एवं नगर परिषद प्रशासक समीर बोदरा के प्रति आभार व्यक्त किया है।प्रदीप केसरी ने जानकारी दी कि कुछ दिन पहले उन्होंने माननीय सांसद से शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पी.सी.सी. पथ निर्माण एवं मरम्मत, डीप बोरिंग, तथा जल मीनार कार्य की अनुशंसा की थी। इस अनुशंसा पर जिला प्रशासन और नगर परिषद ने सकारात्मक पहल करते हुए कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है।स्वीकृत कार्यों में निम्नलिखित प्रमुख स्थान शामिल हैं जिसमे सुंदरपुर से आनंद नगर परिषद क्षेत्र तक पीसीसी पथ मरम्मत कार्य।सलडेगा चौक से सरना शिव मंदिर तक पीसीसी पथ का चौड़ीकरण एवं मरम्मत कार्य। गुलजार गली स्थित शिव मंदिर प्रांगण में डीप बोरिंग व जल मीनार निर्माण।बीडीओ आवास से अधिवक्ता गिरीश प्रसाद के आवास तक पीसीसी पथ मरम्मत।प्रदीप केसरी ने कहा कि ये कार्य जनहित में अत्यंत आवश्यक थे, जिनकी लंबे समय से मांग की जा रही थी। अब इनके स्वीकृत हो जाने से स्थानीय जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा आवागमन की समस्या से भी राहत मिलेगी।उन्होंने अंत में समस्त अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह आगे भी जनता की समस्याओं को उठाते रहेंगे।

### सिमडेगा में चेंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव को लेकर हलचल हुई तेज

**सिमडेगा।** नौ वर्षों के बाद एक बार फिर जिले में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के चुनाव को लेकर गतिविधि शुरू हुई है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिले का कोई भी स्थायी दुकानदार और पंजीकृत व्यवसायी 1100 रूपए सदस्यता शुल्क के साथ चेम्बर ऑफ कॉमर्स का सदस्य बन सकता है। 31 मई तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और उसके बाद चेम्बर ऑफ कॉमर्स की नई कमिटी के गठन के लिए चुनावी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। शनिवार को शहर के व्यापारियों का एक ग्रुप मार्केट कम्प्लेक्स में घूम घूमकर दुकानदारों को चेम्बर ऑफ कॉमर्स की जानकारी देते हुए सदस्यता अभियान चलाया।मौके पर कई दुकानदारों ने सदस्यता भी ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले दुकानदारों ने कहा कि व्यापारियों के हक और अधिकार के लिए मजबूत समिति का गठन होना चाहिए। मौके पर पवन जैन, राजू शर्मा, रोहित शर्मा, हाजी जावेद, सुब्ह शाहिद, राजीव केसरी, अरविंद प्रसाद, रजनीश अग्रवाल, अमित चौधरी आदि उपस्थित थे। व्यापारियों के लिए जिले में चेम्बर ऑफकी सदस्यता ग्रहण करने की अपील की उन्होंने कहा की नई कमेटी व्यापारियों के हित और उनके अधिकार के लिए आवाज उठाएगी व्यापारियों की सभी समस्याओं के समाधान के लिए समिति हमेशा खड़ी नजर आएगी।

## धनबाद जिला यादव महासभा में शामिल हुए विधायक, कहा

# समाज की मजबूती के लिए एकता जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव व कोडरमा विधायक डॉ धनबाद जिला यादव महासभा के नव निर्मित भवन के उद्घाटन समारोह मे बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए. जिनका महासभा ने गर्मजोशी से स्वागत किया. इस अवसर पर यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पीताम्बर दास सहित कई गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे. उपस्थित लोगो ने संयुक्त रूप से नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया. इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण और सामुदायिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया. विधायक श्री यादव ने नव निर्मित भवन के लिए यादव महासभा की टीम को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त किया. उन्होंने समाज के मजबूती और एकता पर जोर देते हुए उपस्थित लोगो से एक रहने की अपील किया. उक्त जानकारी विधायक श्री यादव के निजी सचिव भूपेंद्र यादव ने दी.

### हज यात्रियों का पहला जत्था मक्का मदीना के लिए रवाना

**कोडरमा।** हज यात्रियों का पहला जत्था मक्का मदीना के लिए शनिवार को रवाना हुआ। इस दौरान हज यात्रियों को स्थानीय लोगों ने फूल माला पहना कर रवाना किया। हज यात्रा में सीनियर अधिवक्ता एकरामुल हक, अधिवक्ता आमिर निजामी, मो हकीम, मो कबीर उद्दीन आदि शामिल थे। इस दौरान हज यात्रियों के द्वारा मुल्क में अमन चैन, क्षेत्र में शांति, प्रेम भाईचारे, सफर की आसानी और हज ए मकबूल की दुआ मांगी गई। मौके पर क्लान्द्रिया एसोशिएशन ट्रस्ट के अध्यक्ष हाजी आफ़ताब ने बताया की 2025 में ज़िले के विभिन्न प्रखंडों से 24 जायरीन हज के लिये जा रहे हैं।

## गांव में शराब दुकानों के आवंटन का परिषद ने किया विरोध

**जमशेदपुर।** आदिवासी सुरक्षा परिषद जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष राम सिंह मुंडा ने झारखंड सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शराब दुकानों के आवंटन पर कड़ा विरोध जताया है। शनिवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि राजस्व बढ़ाने के नाम पर गांवों में अंग्रेजी शराब की दुकानें खोलकर सरकार ग्रामीणों को मौत की ओर धकेल रही है। राम सिंह मुंडा ने कहा कि आदिवासी, मूलवासी, किसान, मजदूर और छात्र जैसे ग्रामीण वर्ग सीमित आय पर निर्भर हैं। इनकी आजीविका मुख्यतः खेती, मजदूरी, वन उत्पाद और पशुपालन पर आधारित है। ऐसे में शराब की सहज उपलब्धता से सामाजिक और आर्थिक बर्बादी बढ़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब सेवन के चलते हत्या, बलात्कार और डकैती जैसे अपराधों में इजाफा हुआ है। इस दौरान सरकार को वैकल्पिक उपाय सुझाए गए। परिषद अध्यक्ष ने सरकार से अपील की कि राजस्व संग्रहण के लिए शराब दुकानें खोलने के बजाय अन्य विकल्पों पर ध्यान दिया जाए। बालू घाटों की बंदोबस्ती, अवैध खनन पर रोक, ओवरलोडिंग पर सख्ती की जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि ग्रामीण इलाकों में शराब दुकानें खोलने की योजना पर पुनर्विचार किया जाए।

## न्यूज बॉक्स

### पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री ने माता छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद



**रामगढ़ ।** मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, योगेंद्र प्रसाद रविवार को सपरिवार रजरप्पा पहुंचे . यहां पहुंचने पर विधिवत रूप से माता छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना कर मां भगवती के आगे माथा टेककर उनका आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत नारियल बलि देकर पंडित असीम पंडा द्वारा रक्षा सूत्र बंधवाया । उन्होंने माता छिन्नमस्तिका की पूजा अर्चना कर समस्त क्षेत्र एवं राज्यवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करने की मंगलकामना की। मौके पर गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी, धवैया पंचायत के मुखिया तेजलाल महतो, उमेश महतो आदि उपस्थित थे.

### एनएमएल कर्मी ने चिकित्सक पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया

**जमशेदपुर।** एनएमएल के सहायक अनुभाग पदाधिकारी परमार्थ सुमन ने टाट मुख्य अस्पताल के चिकित्सक डॉ. राहुल कुमार पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की लिखित शिकायत बिष्टूपुर पुलिस में दर्ज कराई है। परमार्थ सुमन का आरोप है कि एक मरीज देवाशीष दास को व्हीलचेयर पर लेकर जब वे चिकित्सक के पास गए, तो उनका नम्बर पार हो गया था। चैम्बर में घुसते ही चिकित्सक ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और बाहर निकाल दिया। बिष्टूपुर थाना प्रभारी उमेश चन्द्र ठाकुर ने बताया कि मामले में शिकायत मिली है। चिकित्सक से पूछताछ की गई, जिन्होंने इस तरह के किसी भी दुर्व्यवहार से इनकार किया है।

### पूर्व सांसद एके राय की मूर्ति के अनावरण को लेकर बैठक

**धनबाद।** 15 जून कमरेड एके राय की मूर्ति अनावरण एवं जयंती का तैयारी को लेकर 25 मई को कॉमरेड एके राय स्मारक समिति का बैठक एलसी रोड हीरापुर में हुई। बैठक में मुख्य रूप से स्मारक समिति का अध्यक्ष हरिप्रसाद पप्पू ने कहा कि 15 जून कामरेड एके राय जी का जयंती के अफसर पर नुतनड केंद्रीय अस्पताल के सामने कॉमरेड एके राय जी का मूर्ति का अनावरण किया जाएगा, मूर्ति स्थल पर उनके विचारों को अंकित किया जाएगा, आगे उन्होंने कहा कि राय दा किसी पार्टी का नहीं वह पूरा झारखंड का मजदूर किसान का नेता थे, उनका कहना था समाजवादी विचारधारा एवं मार्क्सवाद से ही किसान मजदूर शोषिक सर्वहारा वर्ग उत्थान हो सकता है,इसलिए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना हमारा मुख्य लक्ष्य है ताकि आज का युवा पीढ़ी को उनके विचार सिद्धांत को जान सके, बैठक में मुख्य रूप से एम पाल, सत्यनारायण कुमार, सम्राट चौधरी,राणा चट्टराज, भरत भुसन,रामकृष्ण पासवान,हिमांशु मंडल,आरपी महतो, अजय महतो, परसुन सेनगुप्ता, जयदीप बनर्जी, कल्याण घोषाल,विश्वजीत राय, भूषण महतो,रघुनाथ राय,लिलामय गोस्वामी आदि लोग शामिल थे।

### समाजसेवी घलटू महतो को दी गई श्रद्धांजलि

**सिजुआ।** नगरीकला उत्तर पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद महतो उर्फ रिंकू के पिता स्वर्गीय घलटू महतो का रविवार को द्वितीय पुण्यतिथि समारोह नगरीकला के नायकडीह में मनाया गया। उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय घलटू महतो के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके पूर्व परिजनों ने उनके तस्वीर पर पूजा अर्चना किया। जरूरतमंद लोगों के बीच खाद्य सामग्रियों का वितरण किया गया। वक्ताओं ने समाजसेवी स्वर्गीय घलटू महतो के क्रिया कलापों पर प्रकाश डाला। कहा कि उनकी कमी समाज के लोगों को हमेशा खलेगी। वे अपने जीवनकाल में ग्रामीणों के हक व अधिकार को लेकर हमेशा संघर्ष करते रहे थे।मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद महतो व भीमलाल रजक, पूर्व मुखिया संतोष महतो व मो आजाद, विकास महतो, निवास कुम्हार, बबलू महतो, मनोज निषाद, सुरेश महतो, हरि महतो, झरी महतो, बासदेव महतो, दिनेश रजक, गणेश महतो, परशुराम रवानी, नारायण पाल, भोला महतो आदि उपस्थित थे।

## स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**झुमरी तिलैया।** बिरला ओपन माइंड्स लिमिटेड की रिसर्च एंड डेवलपमेंट टीम द्वारा बिरला ओपन माइंड्स स्कूल, कोडरमा में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया। यह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए नियमित अंतराल पर आयोजित की जाती हैं। कार्यशाला के माड्यूल प्रत्येक विषय में नवीनतम शिक्षण विधियों पर केंद्रित था। इसमें प्रारंभिक (इंडक्शन) व संवर्धन (एनरिचमेंट) प्रशिक्षण, विद्यार्थी केंद्रित गतिविधियां, इंटरएक्टिव पाठ व ब्लेंडेड सॉल्यूशन्स विषय पर जानकारी दी गई। बिरला ओपन माइंड्स स्कूल के शिक्षकों का नियमित रूप से टीचर सपोर्ट राउंड्स के माध्यम से निरीक्षण किया गया, ताकि शिक्षण की गुणवत्ता को बनाए रखा जा सके। साथ हीं आगे सुधार के लिए प्रतिक्रिया दी जा सके। संचालन शैक्षणिक प्रशिक्षक पूर्वी जोन की कंचन ठाकुर ने किया। प्रशिक्षण में डॉ. धीरेंद्र कुमार सिंह, जिया सिंह, संध्या सिंह आदि शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ. डीके सिंह ने किया।

### अहिल्याबाई होल्कर ने राष्ट्र उत्थान में निभाई अहम भूमिका: अजय

**कोडरमा।** भारत विकास परिषद झुमरी तिलैया के तत्वाधान में अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती समारोह धूमधाम से विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल चेचाई कोडरमा में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विमल पच्चीसिया ने कीइस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अजय अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को राष्ट्र गौरव के पुनः उत्थान का संकल्प लेकर काम करने की जरूरत है।

## कामगारों व शिल्पकारों के लिए बेहतर विकल्प है पीएम विश्वकर्मा योजना

# कौशल प्रशिक्षण के साथ तीन लाख के ऋण की मिलती है सुविधा

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में 17 सितंबर 2023 को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरुआत किया. इसका मुख्य उद्देश्य अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों को प्रशिक्षण व हर संभव सहायता प्रदान करना है. इस योजना का नोडल सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय को बनाया गया है. यह योजना कामगारों के लिए वरदान है. जो कौशल उन्नयन, बुनियादी कौशल, उन्नत कौशल प्रशिक्षण, उद्यमशीलता ज्ञान, 15,000 रुपये तक के टूलकिट प्रोत्साहन व तीन लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाने में मददगार है. इसके लिए कामगारों को कौशल सत्यापन के लिए न्यूनतम 5 दिनों की बुनियादी कौशल ट्रेनिंग लेनी होगी. कौशल सत्यापन के बाद कामगारों को योजना का लाभ लेने के लिए डिजिटल आईडी, पीएम विश्वकर्मा डिजिटल प्रमाणपत्र और पीएम विश्वकर्मा आईडी कार्ड प्राप्त करना अनिवार्य है. इसके लिए सरकार ने टेलरिंग, गोल्ड स्मिथ, कारपेंटर, कॉब्लर आदि जैसे 18 विभिन्न व्यवसायों को सूचीबद्ध किया है. इसी सूचीबद्ध योजना से संबंधित कार्य के लिए हीं कामगारों को ऋण या ट्रेनिंग दिए जा सकते हैं. इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए. इस योजना से जुड़ने के लिए आवेदक को अपने नजदीक डिजिटल पंचायत प्रज्ञा केंद्र से संपर्क करना होगा.

## घाटशिला में पानी के लिए हाहाकार 3 दिनों से ठप चल रही जलापूर्ति

**नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला**



घाटशिला में पानी की समस्या बढ़ गई है। मुख्य शहर और गोपालपुर पंचायत में पिछले तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप रहने के कारण पूरे शहर में पानी को लेकर हाहाकार मच रहा है। लोगों को यह भी जानकारी नहीं है कि पिछले तीन दिनों से शहर में किस कारण पेयजलापूर्ति ठप पड़ी हुई है। हालांकि विभाग की ओर से यह कहा जा रहा है कि पिछले दो दिनों से मोटर एवं पाइप लाइन में फॉल्ट खोजने का काम किया जा रहा था, लेकिन खराबी कहां है कुछ पता नहीं चल पा रहा था। शनिवार की सुबह केबल जलने की बात सामने आयी है, उसके बदलने का काम तीव्र गति से किया जा रहा है, रविवार की सुबह से जलापूर्ति शुरू होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार घाटशिला शहरी क्षेत्र के तीन पंचायत पावड़ा, गोपालपुर और घाटशिला के लगभग 12 से 13 सौ उपभोक्ताओं को सुबह के समय पेयजल की आपूर्ति की जाती है। कभी सुबह साढ़े पांच बजे आपूर्ति होती है तो कभी दिन के 8.30 बजे। लेकिन गुरुवार को केबल जल जाने के बाद पेयजल आपूर्ति ठप हो गयी थी। उपभोक्ताओ को सही समय पर पानी नहीं मिलने के कारण उनका दिनचर्या भी प्रभावित हो गया है। लोग इधर-उधर बाल्टी लेकर पानी लाते देखे गये। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब भी विभागीय अधिकारी को फोन लगाया जाता है तो वह फोन नहीं उठाते इसके कारण सही जानकारी नहीं मिल पाती है। गर्मी के इस मौसम में पिछले तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप रहने के कारण पूरा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, क्योंकि पानी के बगैर घर का एक काम भी नहीं हो रहा है। विभागीय अधिकारी की मानें तो पिछले दो दिनों से मशीन में आयी फॉल्ट को ही खोजने का काम किया जा रहा था, शनिवार की सुबह खराबी पकड़ में आने के बाद युद्ध स्तर से काम किया जा रहा है।

### पुलिस पर पथराव मामले में तीन और आरोपी गिरफ्तार

**डोमचांच।** ढाब थाना क्षेत्र के गोरियाडीह जंगल में पुलिस पर पथराव मामले में शनिवार को तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पकड़े गए आरोपियों में अजय तुरी, पिंटू तुरी और राजेश तुरी शामिल हैं और तीनों गोरियाडीह के निवासी हैं। इस मामले में अब तक कुल 13 लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। बता दें कि 29 मार्च की रात ढाब थाना पुलिस को गोरियाडीह में अवैध ग्रीन पत्थर खनन की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम छापेमारी के लिए पहुंची थी। इस दौरान पुलिस पर हमला कर दिया गया। पुलिस टीम के साथ मारपीट की गई। थाना की गाड़ी पर पथराव कर उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच के बाद अब तक 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज चुकी है।

### कैंसर की बीमारी से बिखरने लगता है परिवार

**जमशेदपुर।** कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी हो जाए तो परिवार बिखरने लगता है। मरीज के साथ परिवार के लोग भविष्य को लेकर अवसाद में चले जाते हैं, क्योंकि कैंसर की जांच और इलाज में लाखों रुपये खर्च होने लगते हैं। सरकारी सुविधा नहीं मिले तो कैंसर मरीज का परिवार आर्थिक संकट से जूझने लगता है। एक तो मरीज को लेकर लोग चिंतित रहते हैं, दूसरे समय पर इलाज के लिए पैसे जुटाना बड़ी चुनौती बन जाती है। कैंसर जैसी बीमारी होने के बाद करीबी लोग भी उस परिवार से दूरी बनाने लगते हैं। ऐसे में पीड़ित और उसका परिवार समाज में अलग-थलग पड़ जाता है। बहुत कम लोग ऐसे होते हैं, जो ऐसी स्थिति से उबर पाते हैं। आज के दौर में संसाधन होने पर कैंसर जैसी बीमारी को भी मात देकर लोग बेहतर जीवन जी रहे हैं। जमशेदपुर में भी दर्जनों ऐसे लोग है, जो समय पर इलाज कराकर परिवार के साथ हैं। झारखंड में जमशेदपुर के मेहरबाई टाटा मेमोरियल अस्पताल के अलावा बेहतर विकल्प नहीं होने से मरीजों का दूसरे शहर में इलाज कराने पर भी ज्यादा खर्च होता है। दर्जनों परिवारों ने कैंसर पीड़ित को ज्यादा खर्च के कारण इलाज के अभाव में खो दिया है। मेहरबाई टाटा मेमोरियल अस्पताल के वरिष्ठ प्रशासनिक पदाधिकारी अमिताभ चटर्जी के अनुसार, कैंसर के इलाज में आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना से भी मरीजों को आर्थिक मदद मिलती है। वहीं, सरकार के प्रयास से कैंसर का इलाज अब पहले की तरह महंगा नहीं रहा। लोगों को जागरूक होकर इलाज कराने की जरूरत है। इसके लिए मरीजों और उनके परिजनों की अस्पताल में कांउसिलिंग की जाती है। अधिवक्ता ने कैंसर से तीन वर्ष तक लड़ी जंग जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय के एक अधिवक्ता 2015 से 2018 तक कैंसर से लड़कर आज स्वस्थ हैं। उन्होंने कहा कि इलाज में लाखों रुपये खर्च हुए, लेकिन संयम और इच्छा शक्ति के कारण आज स्वस्थ हूं। अधिवक्ता के अनुसार, कैंसर होने पर अपनों के सहयोग और साहस ने बीमारी से उबरने की शक्ति दी।

## एक महीने के बाद बड़ा डहरभंगा के ग्रामीणों को मिली अंधेरे से मुक्ति

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के बड़ा डहरभंगा और कोल्हू में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर 200 और 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। रविवार को इसका उद्घाटन प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह ने पूजा-अर्चना व फीता काटकर किया। बडा डहरभंगा में पिछले एक महीने से 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। उमस भरी गर्मी में बिजली नहीं रहने से सैकड़ों परिवारों के हजारों की आबादी को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। इस संबंध में सांसद मनीष जायसवाल को इस समस्या से अवगत कराया गया और गांव में बिजली के लोड को देखते हुए ट्रांसफॉर्मर अपग्रेड करने की मांग की गई। जिस पर संज्ञान लेते हुए सांसद ने विभागीय पदाधिकारी से बात कर 200 केवीए का बिजली ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया। कोल्हू के ग्रामीण भी एक सप्ताह से अंधेरे में थे। ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराए जाने पर बड़ा डहरभंगा और कोल्हू के ग्रामीणों ने सांसद के प्रति आभार जताया है।

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान, 15 हजार रुपए वसूला जुर्माना

**जयनगर।** थाना क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला परिवहन विभाग ने कमर कस ली है। सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर अंकुश लगाने के लिए यातायात प्रभारी सलाउद्दीन खान के नेतृत्व में एक व्यापक वाहन जांच शनिवार को अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों दोपहिया वाहनों की जांच की गई। अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई के तौर पर लगभग 15 हजार जुर्माना वसूला गया।

## महुदा क्षेत्र में सुहागिन महिलाओ ने विधि-विधान से की वट-सावित्री की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। महुदा**

महुदा क्षेत्र के विभिन्न भागो में रविवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री पुजा विधि विधान के साथ किया। इस अवसर पर महिलाओ ने वटवृक्ष के नीचे फल फुल व पुजन सामग्री के साथ पुजा अर्चना किया तथा कच्चे धागे के साथ वृक्ष की परिक्रमा किया और अपने पति के दीर्घायु होने का वरदान मांगा। भाटडीह ओपी के समीप स्थित वट वृक्ष पर प्रातः से ही महिलाओं की काफी भीड़ देखी गयी। पुजा समापन के पश्चात सभी महिलाओ ने अपने गांव व घरों में सत्यवान सावित्री की कथा सुनी। महुदा क्षेत्र में काण्ड्रा, कंचनपुर, पाथरगड़िया, भुरूंगिया,भाटडीह सहित दर्जनों गांवों में महिलाओं ने वट वृक्ष की पुजा अर्चना की। इस पुजा के संबंध में काण्ड्रा निवासी मंजु देवी ने बताया कि वट सावित्री व्रत का हिंदू धर्म में खास महत्व है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना के लिए व्रत रखती हैं और सावित्री देवी की विधि-विधान से पूजा करती हैं। यह पर्व ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। सुहागिन महिलाएं इस दिन सोलह श्रृंगार करके पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती है और वट वृक्ष तथा देवी सावित्री की पूजा करती हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है और वैवाहिक जीवन खुशहाल बना रहता है। इसके लिए व्रत वाले दिन पूजा के लिए संपूर्ण सामग्री होना बहुत महत्वपूर्ण होता है। महुदा मोड़ शिव मंदिर में वट वृक्ष पुजा के दौरान मंजु देवी,चम्पा देवी,सावित्री देवी, शारदा देवी, रीता देवी, नितु देवी, बिंदु देवी, उपासी देवी, रीना देवी, पुर्णिमा देवी सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद थी।

### रोड पर दुकानें लगी तो सीओ जिम्मेवार होंगे

**सतगावां।** सतगावां बाजार में अगर रोड पर दुकानें लगी तो इसके लिए सीओ जिम्मेवार होंगे। प्रखंड में संचालित सभी योजनाओं को समय से पूरा कराना प्रखंड प्रशासन की जिम्मेवारी है। उक्त बातें शनिवार को उपविकास आयुक्त ऋतुराज ने कही। वे सतगावां प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान सबसे पहले उन्होंने ढ़ाव से सतगावां सड़क निर्माण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जांच कर योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला परिषद से संबंधित बैधडीह में बस स्टैंड की चहारदीवारी निर्माण का निरीक्षण करते हुए मुंशी को फटकार लगायी।

## लावारिस मृत गौवंश का हिंदू रक्षा दल ने करवाया अंतिम संस्कार

# पूरी श्रद्धा और हिंदू रीति रिवाज के साथ दामोदर तट के मुक्ति धाम के पास दफना दिया

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



रविवार को पैंकी क्षेत्र के फोरलेन पर एक गौवंश किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बात को जानकारी हिंदू रक्षा दल के दीपक मिश्रा को किसी ने फोन पर दी। सूचना मिलते हीं दीपक मिश्रा एवं भाजपा नेता सत्यजीत चौधरी घटना स्थल पर पहुंच कर स्थित की गंभीरता को समझते हुए जेसीबी बुलवाकर घायल पशु के उपचार हेतु रामगढ़ स्थित पशु चिकित्सालय लेकर आए जहां पशु चिकित्सक ने जांच कर गौवंश को मृत पाया। तत्पश्चात दीपक मिश्रा सहित गौतम सिंह,प्रेम सिंह,संजय शर्मा सुमित चौधरी, नीरज गोयल इत्यादि रामभक्तों ने मृत गौवंश को पूरी श्रद्धा के साथ हिंदू रिति रिवाज के साथ दामोदर तट के मुक्ति धाम के पास दफना दिया। इस अवसर पर दीपक मिश्रा ने कहा की ये बहुत हीं अफसोसनाक है की गौपालक अपने गौवंश को रास्तों पर खुला छोड़ देते है जिससे कई बार कभी दुर्घटना में पशु अथवा मनुष्य जीवन भी असुरक्षित हो जाता है जो दुखदायक है। वहीं, सत्यजीत चौधरी ने मीडिया के माध्यम से रामगढ़ वासियों से अपील करते हुए कहा की अगर कभी पशुधन के साथ ऐसी दुर्घटना कही भी हुई है तो टोल फ्री नंबर 1962 पर फोन कर जानकारी दें, जिससे की मोबाइल वैन से पशु चिकित्सक घटना स्थल पर पहुंच कर घायल पशु का उचित उपचार कर सके।

## धर्म की हुई जीत मुनका बगीचा पुराने शिव मंदिर की पुन: होगी स्थापना : मनोज नारायण

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

शनिवार की देर रात मुनका बगीचा के प्रांगण में स्थित प्राचीन शिव मंदिर को साजिश के तहत तोड़कर मूनका समाज धर्मशाला कमेटी की ओर से अचानक मंदिर की मूर्तियों को अचानक हटा दिया गया है। बमुनका बगीचा निवासी सह कांग्रेस नेता मनोज नारायण भगत और भाजपा नेता विवेक बरियार पूरे मुहल्ले के महिला पुरुष पुराने मंदिर के बाहर धरना पर बैठ गए। धरना का नेतृत्व मुख्य रूप से मनोज नारायण भगत और विवेक बरियार ने किया । सुबह से पूरे मुहल्ले के लोगों ने धरना प्रदर्शन शांतिपूर्वक किया और भगवान शिव का और भगवान पार्वती माता का जयकारा के साथ शाम चार बजे मनोज नारायण भगत, विवेक बरियार,कृष्णा किशोर प्रसाद, मनोज ठाकुर,भोला वर्मा, एडवोकेट कुणाल कुमार, निप्पू यादव, संतोष यादव, संजय तिवारी, कांग्रेस सदर अनुमंडल प्रभारी, मुन्ना सिंह और मुनका समाज के अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल व समाज के पदाधिकारियो की उपस्तिथि में शांतिपूर्ण माहौल में आपसी समझौता हुआ।समझौता में मुख्य रूप से मुख्य समाज के अध्यक्ष ने यह बात लिखित रूप में दी है की धर्मशाला में अवस्थित पुराने शिव मंदिर को पुनः नए रूप में व्यवस्थित करके आम जनों को पूजा पाठ के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए एक माह के अंदर मुनका समाज और मुनका बगीचा धर्मशाला कमेटी शीघ्र एक मीटिंग करके कानी बाजार समाज के गणमान्य लोगों को अवगत कराने का सकारात्मक आश्वासन दिया। अंत में मुन्ना सिंह और मुहल्ले के लोगों ने मनोज नारायण भगत को पानी पिलाकर अनशन को समाप्त किया । इस मंदिर बचाओ आंदोलन में मुहल्ले के मुख्य रूप से भोला वर्मा,विजय सिन्हा, सुशांत गुप्ता, रुद्र राज, आशीष वर्मा, दीपक वर्मा, भोला माली, सानू गोप, रोहित रजक, शुभम कुमार के अलावा महिला पुरुष और बच्चों की उत्साहपूर्वक भागीदारी रही और सामाजिक और राजनीतिक लोगों की भी सार्थक प्रयास रहा।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

आपकी मुस्कुराहट में अनंत परमात्मा की हँसी स्पन्दित होनी चाहिए। उनके प्रेम की बयार को दूसरों के हृदयों में आपकी मुस्कुराहटें फैलाने दें। उनका तेज संक्रामक होगा। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# टैरिफ युद्ध और बदलती बात

अपनी समृद्धि और गुणवत्तापूर्ण जीवन से सर्वाधिक आकर्षण के केंद्र रहे अमेरिका की बड़ी विशेषता यह रही है कि उसने अपने हितों को सर्वोपरि रखने में कोई झिझक नहीं थी भले उसका संसार में जो भी असर हो। वर्तमान राष्ट्रपति ट्रंप अपने वाचाल और बदलते बयानों से भले विचित्र लगें पर अमेरिका का ऐतिहासिक चरित्र लगभग यही है जिस पर अब अंकुश भारत अपने सबसे बड़े बाजार की ताकत का इस्तेमाल कर लगा पाने लगा है। अमेरिका अभी भारत से सीधे टक्कर नहीं ले सकता पर परोक्ष युद्ध में उलझाने से बाज भी नहीं आ सकता। उसके पास दुकान है और हमारे पास विश्व का सबसे बड़ा बाजार यदि ईमानदारी से हम डटे रहें तो चीन की तरह इसे भी झुका सकते हैं। अमेरिका द्वारा हाल ही में चीन पर थोपे गए टैरिफ वृद्धि में कटौती की है। अमेरिका ने चीनी आयात पर टैरिफ को 145 फीसदी से घटाकर 30 फीसदी कर दिया है, जबकि चीन ने अमेरिकी आयात पर शुल्क को 125 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी कर दिया है। इससे द्विपक्षीय व्यापार तनाव में काफी कमी आई है और इसी वजह से वित्तीय बाजारों में तेजी आई। बुरी खबर दोतरफा है। सबसे पहले, आधुनिक मानकों के हिसाब से शेष टैरिफ अब भी ऊंचे हैं। कुल मिलाकर, बहुत संभव है कि यह एक नई आधार रेखा तय हो गई है। द्विपक्षीय टैरिफ-मुक्त व्यापार बीते युग की बात हो गई है। दूसरी बात, ये टैरिफ कटौतियां 90 दिनों तक लागू रहेंगी, जबकि बातचीत जारी रहेगी। बातचीत में संभवतः कई ऐसे मुद्दे शामिल होंगे, जिनका समाधान मुश्किल होगा। चीन की मुद्रा प्रबंधन नीति और राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों द्वारा संचालित औद्योगिक सब्सिडी प्रणाली पर चर्चा होगी। साथ ही, कई गैर-टैरिफ अवरोध भी होंगे, जिन्हें बीजिंग नल की तरह चालू और बंद कर सकता है। चीन असीमित मात्रा में अमेरिकी सामान खरीदने की पेशकश कर रहा है- यह ट्रंप के प्रथम राष्ट्रपति काल के अमेरिका-चीन 'पहले चरण के समझौते' की पुनरावृत्ति है, जिसे लागू नहीं किया गया था। जब तक अमेरिका बीजिंग की जवाबी कार्रवाइयों के आगे झुकने का निर्णय नहीं ले लेता, तब तक अमेरिका को दोबारा धोखा मिलते देखना कठिन है। इन बिंदुओं पर सहमति न बनने से यह बदसूरत सच्चाई उजागर हो जाएगी कि दोनों देश संवेदनशील माने जाने वाले सामान पर द्विपक्षीय निर्यात नियंत्रण लागू किए हुए हैं, जैसे सेमीकंडक्टर (अमेरिका से चीन) और प्रसंस्कृत महत्वपूर्ण खनिज (चीन से अमेरिका)। अन्य देशों के साथ अपनी तथाकथित 'पारस्परिक' वार्ता में, अमेरिका अपने व्यापारिक साझेदारों पर दबाव डाल रहा है कि वे अमेरिकी बाजारों में भेजे जाने वाले अपने निर्यात से चीन से आयातित कुछ संवेदनशील वस्तुओं को हटा दें। चीन इन अमेरिकी मांगों से बेहद नाखुश है और उसने इन मांगों को अपनाने वाले व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की धमकी दी है। कुल मिलाकर, इस घोषणा को एक संघर्ष विराम समझौते के रूप में देखा जा सकता है, जो इस अंतर्निहित संरचनात्मक वास्तविकता को नहीं बदलता है कि अमेरिका और चीन बढ़ती सामरिक प्रतिस्पर्धा के एक दीर्घकालिक चक्र में फंसे हुए हैं। इस चक्र में उतार-चढ़ाव (नवीनतम घोषणा और पूर्व के टैरिफ युद्ध) होंगे। फिलहाल, दोनों पक्ष जीत की घोषणा करने और अन्य मामलों पर ध्यान केंद्रित करने पर सहमत हुए हैं।



*अमेरिका अभी भारत से सीधे टक्कर नहीं ले सकता पर परोक्ष युद्ध में उलझाने से बाज भी नहीं आ सकता।*

# बीएचयू का भाषाविज्ञान विभाग और मैं



भाग - 2

बीएचयू की बात



**योगेन्द्रनाथ मिश्र**

एक विद्यार्थी के लिए समय लेना कठिन तो था। परंतु मुझे समय मिल गया।उस समय बीएचयू के कुलपति डा. हरिनारायण जी थे और उनके पीए/पीएस थे बाला जी (बाल सुब्रह्मण्यम्)। बड़े कर्मठ और अनुशासनप्रिय व्यक्ति थे। मैं तो एक छात्र था। परंतु ईश्वर की कृपा से जल्दी ही उनका स्नेहभाजन बन गया। मैंने कुलपति से मिलने के लिए जब भी समय माँगा, उन्होंने दे दिया। दो महीने के अंदर मैं चार बार कुलपति से मिला था। वही अपना माँग-पत्र और उसका रिमाइंडर लेकर। वे हर बार बड़े प्रेम से मेरी बात सुनते और 'देखेंगे' का आश्वासन देते।चौथी बार नियति ने पलटी मारी। इस बार कुलपति श्री हरिनारायण जी ने आगे का रास्ता मुझे सुझाया। उन्होंन कहा- आप ऐसे दौड़ते रहेंगे, तो कोई बात नहीं बनेगी। आप एक मीटिंग बुलवाइए, जिसमें सभी संबंधित अधिकारी शामिल हों। वे लोग बताएँगे कि विभाग की क्या स्थिति है। उनके इस सुझाव से मुझे अँधेरे में प्रकाश मिल गया। मैंने बाला जी से मीटिंग की एक तारीख तय कराई। अब वह तारीख मुझे याद नहीं है। तारीख मिल जाने के बाद मैंने मीटिंग की एक सूचना तैयार की। कुलसचिव, उपकुलसचिव (एकेडेमिक), डीन तथा इंचार्ज हेड डा. सत्यस्वरूप मिश्र को इसकी जानकारी दी। आपको यह जानकर हैरानी हो रही होगी कि मीटिंग की सूचना कुलपति कार्यालय से नहीं जारी की गई थी। मैंने यह सूचना स्वयं सबको दी थी। वह मान्य भी हुई थी।परंतु उसी दौरान एक घटना घट गई, जिसके लिए मैं तैयार नहीं था। मेरे गुरु डा. बीपी गुप्त जी कोई पदाधिकारी नहीं थे। इसलिए बैठक में उन्हें नहीं बुलाया था। परंतु डीन ने डा. गुप्त जी का भी नाम जोड़ दिया। डीन बदल चुके थे। नये डीन लाइब्रेरी साइंस के प्रोफेसर/हेड डा. पी. के. कौल बने थे। कौल जी गौर वर्ण तथा ऊँचे डीलडौल के व्यक्ति थे। बड़ा प्रभावशाली व्यक्तित्व था।भाषाविज्ञान विभाग को पूर्ण विभाग का दर्जा दिलाने के लिए मैं प्रयत्न कर रहा हूँ, डा. सत्यस्वरूप मिश्र जी बस इतना ही जानते थे। उसके लिए क्या-क्या कर रहा हूँ, वह उनको मालूम नहीं था। डा. गुप्त जी को तो कुछ नहीं मालूम था। उन्हें कुछ मालूम न पड़े, अब तक मैंने इसकी पूरी सावधानी रखी थी। कारण ऊपर बता चुका हूँ। यह सब पता चल जाने के बाद गुप्त जी ने मुझसे स्वयं कहा था कि उनके 'हेडशिप' में विभाग बनवा कर आप क्या करेंगे! इन्चार्ज हेड डा. मिश्र जी थे, तो पूर्ण विभाग बनने के बाद हेड वे ही बनेंगे, यह तो स्पष्ट था।खैर, अगली समस्या मेरी यह थी कि बैठक में मुझे अपने गुरु डा. बीपी गुप्त का डट कर सामना करना पड़ेगा। बैठक के एक दिन पहले रात में देर तक मैंने दुर्गाशप्तशती का पाठ किया था आत्मबल प्राप्त करने के लिए।वह समय आ ही गया। बैठक की तारीख तो नहीं याद, परंतु समय तीन बजे का था। चूँकि मैं इस इस पूरे खेल खेल का सूत्रधार था, इसलिए समय से थोड़ा पहले कुलपति कार्यालय पहुँच गया। परंतु डा. गुप्त जी तो मुझसे भी पहले पहुंच गए थे। कार्यालय के सामने गलियारे में बड़ी बेचैनी से चहलकदमी कर रहे थे। बेचैनी स्वाभाविक थी। विभाग के बारे में कुलपति के साथ यह पहली बैठक थी। डीन ने तो उन्हें केवल इतना ही बताया था कि कुलपति के साथ बैठक है।मुझे देखकर वे चौंके। पूछा आप कैसे? मैंने कहा- गुरु जी, यह बैठक हमने ही बुलाई है। हमारी कुछ माँगें हैं, उन पर विचार करने के लिए।फिर मैं अंदर कार्यालय में जाकर बैठ गया।बैठक का समय हुआ। सभी आहूत महानुभाव कुलपति के कक्ष में पहुंचे। कुलपति के अर्धचंद्राकार टेबल के सामने सभी लोग बैठ गए। मेरे दाहिनी ओर डा. गुप्त जी थे, उनके बाद डा. मिश्र जी थे, उनके बाद डीन, फिर उपकुलसचिव (एकेडेमिक), कुलसचिव। मेरे बायीं ओर पहले वर्ष का एक छात्र गंगाधर सिंह था। उसके बाद दूसरे वर्ष के छात्र मेरे अग्रज तुल्य मित्र श्री मनबोध पांडेय थे।सबके बैठ जाने के बाद मैंने तुरंत संचालन आरंभ कर दिया। मुझे डर था कि बैठक की दिशा कहीं बदल न जाए! मुझे क्या कहना है, वह मैंने पहले से तैयार कर रखा था - 'सर! यह बैठक छात्रों के द्वारा बुलाई गई है। छात्रों की कुछ माँगें हैं। मैं क्रम से एक-एक माँग पढ़ूँगा। संबंधित अधिकारी उसका उत्तर देंगे।' परंतु जो अंतिम वाक्य वाक्य था, वह बड़ा गजब का था। उसके शब्द आज भी मेरी चेतना में गूँजते हैं। वह वाक्य मैंने डा. गुप्त जी के लिए तैयार किया था। वह वाक्य था - 'कृपया, इस बैठक को व्यक्तिगत कुत्सित राजनीति का अखाड़ा न बनाया जाए।'एक-एक शब्द को मानो चबाते हुए मैंने वह वाक्य बोला था। उसके लिए बहुत प्रेक्टिस की थी। आप कल्पना कीजिए। बीएचयू जैसे विश्वविद्यालय के कुलपति तथा विश्वविद्यालय के अन्य उच्च अधिकारियों के समक्ष ऐसा बोलना बड़े साहस का काम था। साथ ही बड़ी अशिष्टता का भी काम था। फिर भी मैं बोल गया। परिस्थिति ही ऐसी थी। मैं भयभीत बिल्कुल नहीं था।क्षण भर के लिए पूरे कक्ष में सन्नाटा छा गया। परंतु मैंने बोलना जारी रखा। बैठक बहुत लंबी नहीं चली। कारण कि उसमें लंबी-चौड़ी बहस जैसा कोई विषय न था। मैं अपनी एक-एक माँग पढ़ता गया और थोड़ी चर्चा के बाद सारी माँगों को स्वीकृति मिल गई। फिर कुलपति जी से मैंने कहा- सर, यह सब हमें लिखित लिखित चाहिए। उन्होंने हमारे डीन महोदय की ओर संकेत करते हुए कहा वह आपके डीन दे देंगे। डीन कौल जी ने हामी भरी और बैठक पूरी हुई। बड़ी आसानी से हमारी माँगें पूरी हो चुकी थीं। परिणामतः मेरा दिमाग कुछ अधिक ऊँचाई पर पहुंच गया था। इसलिए मैंने एक अनधिकार चेष्टा कर दी। दूसरे दिन पूरी कार्यवाही का विवरण लिखकर डीन महोदय के पास ले गया और उस पर उनसे हस्ताक्षर करने को कहा। डीन महोदय से मुझे डाँट मिली। कारण कि कार्यवाही का विवरण लिखना मेरा यानी किसी छात्र का काम नहीं था। कार्यालय का काम था। दूसरे दिन डीन आफिस की तरफ से इस आशय का पत्र हमें मिल गया कि हमारी सभी माँगें मान ली गई हैं। परंतु डीन महोदय ने उसमें एक ऐसा मुद्दा अपनी तरफ से जोड़ दिया था, जिसकी चर्चा बैठक में नहीं हुई थी।

वह मुद्दा डा. बीपी गुप्त जी के पक्ष में था। वह देखकर डा. मिश्र जी बहुत परेशान हुए। अब क्या किया जा सकता था। डीन ने अपने अधिकार का प्रयोग कर दिखाया था। फिर मैं डिप्टी रजिस्टार श्री श्री मुखर्जी जी से मिला। उनको यह बात बताई और अपनी चिंता से उन्हें अवगत कराया। मुखर्जी साहब भी बड़े सज्जन व्यक्ति थे। उनका भी मुझ पर बहुत स्नेह था। खड़े-खड़े हमारी बातें हो रही थीं। उन्होंने मेरी पीठ पर हाथ रखा और बड़े स्नेह से कहा - चिंता क्यों करते हो! मैं हूँ न ! लागू तो हमें ही करना है! कागज पर लिखा रहने दो।हमारी माँगें पूरी हो चुकी थीं। परीक्षा के लिए केवल तीन महीने का समय रह गया था। कोर्स अधूरा होने का हवाला देकर अब मैं नयी नियुक्ति के लिए डीन पर और अधिक दबाव बनाने में जुट गया। उस समय मुझे यह तो पता था नहीं कि ऐसे काम इतनी जल्दी नहीं होते। परंतु हमें तो अपने काम से मतलब था।उसी दौरान एक दिन शाम को लगभग पाँच बजे डीन आफिस की तरफ से निकल रहा था। देखा डा. मिश्र जी बड़ी तेजी से डीन आफिस की सीढ़ियाँ उतर रहे थे। मैं रुक गया। पास आकर उन्होंने बताया कि फेकेल्टी मीटिंग थी। उस दिन डीन ने हमारे लिए एक नयी व्यवस्था बनाई थी। जर्मन विभाग के प्रोफेसर/हेड थे डा. उपाध्याय जी। बड़े स्मार्ट थे। विदेशी विभाग के प्रोफसर थे तो उनका हावभाव भी विदेशी जैसा रहता था। जब तक हमारे यहाँ नयी नियुक्ति नहीं हो जाती, तब तक हमारा कोर्स पूरा करने की जिम्मेदारी डीन महोदय ने उन्हें सौंप दी। दूसरे दिन साढ़े तीन बजे वे विभाग में आने वाले थे। मिश्र जी व्यक्तिगत तौर पर उनसे बहुत घबराते थे। हमारा एक प्रश्नपत्र हिन्दी भाषाविज्ञान का था। वही पढ़ाने के लिए उपाध्याय जी आने वाले थे। मिश्र जी ने कहा कि कुछ कक्षाएँ देकर देखते हैं। **(क्रमशः)**

## पवित्रता के ठेकेदार

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

गाँव के कोने में एक बुजुर्ग रहते हैं जिन्हें सब 'पवित्रता के ठेकेदार' कहते हैं। उनकी बातों में ऐसा ठंडापन और कठोर नियम होता है मानो वे किसी प्राचीन नियम-पुस्तक से सीधे उतर आए हों। शादी-ब्याह हो या पूजा-पाठ, यहाँ तक कि छींकने के नियम भी उनके पास दर्ज हैं। उनकी पत्नी ने सात जन्मों तक किसी पुरुष को नहीं देखा, वे अपनी संतानों की शादी मंडप में ही करते हैं, दहेज देने और लेने का नियम कड़ाई से निभाते हैं। अगर कोई अपनी मर्जी से कदम उठाए, तो वे इसे पवित्रता का उल्लंघन मानते हैं। गाँव की कलंक-चर्चा उनका सबसे बड़ा मनोरंजन है। दिनभर वो दूसरों की बुराइयाँ गिनाते, लोगों के कुकर्म गढ़ते और उन घटनाओं पर चूर्ण फूँकते रहते हैं जिससे उनका दिल खुश होता है। बचा-खुचा वक्त वे अपनी मूँछों के सफेद बाल उखाड़ते हुए बिताते हैं, या फिर बर्तन बेचनेवाली की राह देखते रहते हैं, शायद अपने अकेलेपन को भुलाने के लिए। वे अपनी पवित्रता का पूरा ठेका संभाले बैठे हैं, मानो इस ठेकेदारी में उनका जीवन ही समाया हो। खाने के बाद उनका पहला काम कलंक-चर्चा का चूर्ण फूँकना होता है। उनका हाजमा इससे उत्तम रहता है। वे बीते दिनों की कथाएँ बताकर अपनी आत्मा को संतृष्ट करते हैं — दो लडकियाँ भाग गईं, तीन स्त्रियाँ गर्भपात कर चुकी हैं, चार शादियाँ गैर-बिरादरी में हो गईं, और दो पतिव्रता लोग प्रणय-प्रसंग में फँस गए। हाल ही में तो दांत की तकलीफ़ लेकर आए और फिर भी खबरों का ताना-बाना बुनना नहीं छोड़ा। कहते हैं, "अमुक साहब की लड़की अमुक लड़के के साथ भाग गई है, इलाहाबाद में शादी कर ली। देखो, कितना बुरा ज़माना आ गया।" पर मैं जानता हूँ, वे सच में बुरे ज़माने से दुखी नहीं, बल्कि खुश हैं। जितना ज़्यादा पतन होगा, उन्हें उतना ही गर्व होगा यह कहते हुए कि इतने बुरे समय में भी वे सही राह पर हैं। ये लोग बड़ी चतुराई से अपने पतन को समूह के पतन में बदल देते हैं, ताकि उनकी गलती छुप जाए और वे खुद को सही साबित कर सकें। ये लोग अपनी गिरावट की कहानी खुद गढ़ते हैं और उसपर गर्व करते हैं, जबकि असल में वे अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों से कतराते हैं। मेरी आदत है कि मैं उनकी बातों का पुराण उल्टा-पुल्टा जवाब देता हूँ। एक बार मैंने कहा, "देश में अच्छी शादियाँ तो लड़की भगाकर ही हुई हैं। कृष्ण ने रुक्मिणी का हरण किया था, अर्जुन ने सुभद्रा से शादी की। इसमें उनकी मंजूरी थी, और अगर भाई सहयोग करे तो लड़कियाँ आसानी से भाग जाती हैं।" ये सुन वे चौंक गए, "भगवान कृष्ण की बात अलग है।" मैंने जवाब दिया, "हाँ, भगवान अलग हैं। जब भगवान कोई काम करें तो वह धर्म बन जाता है, पर साधारण इंसान अगर वही करे तो वह अपराध बन जाता है। उस लड़की ने अपनी मर्जी से शादी की, इसमें क्या गलत है?" वे गरम हो गए, "आप उल्टी बातें करते हो, रीति-रिवाज, परंपरा क्या होती है? लड़का-लड़की अलग जाति के हैं।" **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# "श्रृंगार के पास तमाम तरह की कुंठाओं के इलाज की है क्षमता!"

संस्कृति की बात



**केदारनाथ दास**

श्रृंगार शब्द का नाम सुनते ही मन में गुदगुदी सी होने लगती है। यह एक ऐसा शब्द है जिसकी उपस्थिति मात्र से एक संपूर्ण संसार हमारी नजरों के सामने आ खड़ा होता है क्योंकि इसका दायरा अपने आप में बहुमुखी है। इसमें सजावट की सज्जनता, सौंदर्य प्रसाधन, प्रेम, आकर्षण की भावनाओं आदि के साथ साथ सामाजिक परिवर्तन के तत्व भी मौजूद होते हैं। सामान्यतः हम शरीर को सुंदर बनाए रखने के लिए आभूषण, कपड़े, कॉस्मेटिक्स आदि के उपयोग से श्रृंगार का अर्थ निकाल लेते हैं। भारतीय संदर्भ में इसे देखें तो न केवल इसके नौ रसों के बगैर किसी भी साहित्यिक रचना की कल्पना असंभव बन जाती है तो अनादि काल से यह हमारी महिलाओं के लिए सोलह श्रृंगार की गति के साथ बंधा हुआ नजर आने लगता है। माथे पर बिंदी, मांग में सिंदूर, हाथों में चूड़ी-कंगन और पैरों में पायल जैसी चीजें देखकर एक साधारण से व्यक्ति को भी यह बखूबी पता चल जाता है कि हमारे संस्कारों से बंधे इस संदर्भ का संबंध हमारी संस्कृति के साथ कितनी गहराई तक जुड़ा हुआ है। इतना ही नहीं, यह एक ऐसा मामला है जो हमें धरती के अन्य सभी जीव जन्तुओं से विशिष्ट बनाए रखने का साधन भी मुहैया करा जाता है। हम सभी जानते हैं कि बैल, गधे, हांथी आदि में से कोई भी श्रृंगार के प्रति कतई उदारता नहीं दिखा सकता। ऐसा इसलिए होता है कि अपनी तमाम विशिष्टताओं के बावजूद जानवर कोई भी हो वह वह मनुष्य नहीं हो सकता है। उल्लेखनीय है कि मनुष्य होने के नाते केवल हम ही हैं जो हांथ घुमा सकते हैं, सीधा खड़े हो सकते हैं, नाना प्रकार के आविष्कारों की सोच सकते हैं, भाषा व लिपि के माध्यमों से तमाम प्रतीकों का हस्तांतरण कर सकते हैं और श्रृंगार के महत्व को जान सकते हैं। इस दृष्टिकोण से देखें तो सौंदर्य के प्रति हमारी यह उदारता मनुष्य की असीमित क्षमता का एक प्रदर्शन बनकर स्वतः सामने आ जाता है। सौंदर्यबोध के प्रति यह सबकुछ सार्वभौमिक तथ्य के विषय हैं परन्तु इसकी मौलिकता का विषय हमेशा से विवादित बन कर सामने आता रहता है। इस विवाद की गंभीरता का अनुमान सिर्फ इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि दो पीढ़ियों के बीच सौंदर्य का यह मामला हमारे लिए सदैव "कम्यूनिकेशन गैप" का विषय रहा है। इस पूरे तथ्य की मौलिकता देखनी हो तो अति पिछड़ेपन व आदिकालीन संस्कृति का आरोप झेल रहे झारखंड की माटी से अच्छा उदाहरण शायद ही कहीं और देखने सुनने को मिले। ऐसा इसलिए कि यह एक ऐसी माटी रही है जिसकी अपनी एक अलग ही संस्कृति रही है और सौंदर्यबोध को लेकर यह हमेशा से एक मौलिक अवधारणा का मालिक रहा है। इस मौलिकता के बीच आज भले ही "डाममंड रिंग" की भौतिकता का प्रचलन जोरों पर नजर आ रहा है परन्तु कल पर नजर डालें तो यहाँ की युवतियों को इतराने के लिए पत्तों से बने कान के नैसर्गिक श्रृंगार, फीता, पैरों की माला, गले के हार से लेकर खोंसा, खोंगसो, चांदवा, बेड़ा, कंठी, गांठिया, झलका, मलकुड़ी, तरपत, ताड़ा, कलियारी, डंडी आदि का बोलबाला हुआ करता था। आज यह सबकुछ विलुप्तप्राय हो चुका है और इतिहास के पन्नों में कहीं गुम हो चुका है। इतना ही नहीं, वर्तमान पीढ़ी अब श्रृंगार के उपरोक्त साधनों से पूरी तरह बाहर होते हुए इनके प्रति बेरूखी की राह पर चल चुका है। निसंदेह सौंदर्यबोध भी परिवर्तनशील होता है और शेष भूभागों की तरह झारखंड की माटी में रचा बसा मौलिकता का रंग भी बेरंग हो चुका है। ऐसे में बेरंग होते इस रंग की रस्म अदायगी का नतीजा सामने है कि निरंतर बढ़ रहे सुविधा साधनों के बीच आज समाज में कहीं न कहीं असंतोष है, विद्वेष है, कुंठा है और कम्युनिकेशन गैप की उग्रता है? साथ में सवाल यह भी है कि यह सब कुछ कहीं श्रृंगार रस की मौलिकता में रचे बसे भाव की क्षीणता का कुप्रभाव तो नहीं है? संजीदगी से देखें तो ऐसा कुछ भी नहीं है क्योंकि अपने आप में एक पूरे कालखंड को समेटने में सक्षम श्रृंगार ही वह रस है जिसके पास तमाम तरह की कुंठाओं के लिए कारगर दवा भी होती है।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

हिज्जा हिज्जा रूप का, पढा हजारों बार।
मुखर मौन में मिल गया, शब्द कोश का सार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# "भाषा ही जीवन है"

अलग बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

मनुष्य को अन्य प्राणियों से अलग और विशिष्ट बनाने वाला सबसे बड़ा गुण उसकी भाषा है। भाषा ही जीवन है, यह केवल एक कथन नहीं, बल्कि मानवीय अस्तित्व का मूल है। जिस प्रकार हमारे शरीर के लिए श्वास आवश्यक है, उसी प्रकार हमारे व्यक्तित्व, संबंधों, समाज और संस्कृति के लिए भाषा आवश्यक है। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, यह विचारों, भावनाओं, संस्कारों और सभ्यता की संवाहक है। हमारे जीवन में भाषा की भूमिका सर्वव्यापक है। सोचने से लेकर समझाने तक, सीखने से लेकर सृजन तक, हर प्रक्रिया में भाषा की उपस्थिति है। यह आत्माभिव्यक्ति का माध्यम है, आत्म-संयम का औजार है, और सामाजिक संवाद की रीढ़ है। भाषा हमें यह सिखाती है कि कब, क्या, कैसे और कितना बोलना चाहिए। यही संयम और विवेक भाषा को जीवनदायिनी बनाते हैं। जब हम अपनी भाषा पर नियंत्रण रखते हैं, संयम से बोलते हैं, तो संबंधों में मिठास आती है, विवादों में शांति मिलती है और संवाद में सौंदर्य रचता है। वहीं अनर्गल, असंयमित और कटु भाषा न केवल व्यक्तिगत संबंधों को बिगाड़ती है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी छिन्न-भिन्न कर सकती है।

भाषा हमारे व्यक्तित्व का आईना होती है। व्यक्ति का बोली-बातचीत का तरीका, उसकी शब्द चयन की क्षमता, उसकी वाणी में विनम्रता या उद्दंडता ये सब उसके चरित्र और संस्कारों को दर्शाते हैं। एक सुशिक्षित और सुसंस्कृत व्यक्ति वही होता है जिसकी भाषा में संतुलन, संवेदना और विचारशीलता हो। इसीलिए कहा गया है – "वाणी को मधुर बनाएँ, यही आपकी असली पहचान है।" भाषाएँ अनेक प्रकार की होती हैं – मौखिक, लिखित, सांकेतिक, दृश्य-श्रव्य, और डिजिटल संचार की आधुनिक भाषाएँ। विश्व में हजारों भाषाएँ हैं, भारत में ही 122 से अधिक प्रमुख भाषाएँ और सैकड़ों बोलियाँ बोली जाती हैं। भारतीय भाषाओं का इतिहास अत्यंत प्राचीन है – संस्कृत, प्राकृत, पाली से लेकर हिंदी, उर्दू, बांग्ला, तमिल, तेलुगु, मराठी आदि भाषाएँ हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। भाषा की उत्पत्ति मानव सभ्यता के आरंभिक काल में हुई जब लोगों ने विचारों को ध्वनियों, संकेतों और प्रतीकों के माध्यम से प्रकट करना शुरू किया। धीरे-धीरे यह व्यवस्थित रूप में विकसित हुई और आज के विस्तृत भाषाई संसार की नींव बनी। आज की युवा पीढ़ी डिजिटल और वैश्विक युग में पल रही है। उनके लिए बहुभाषी होना एक कौशल है, लेकिन मातृभाषा से जुड़ाव उनकी जड़ों से जुड़ने जैसा है। हिंदी, अंग्रेज़ी, और क्षेत्रीय भाषाओं में संतुलन बनाकर संवाद करना आज की ज़रूरत है। युवाओं को यह समझना होगा कि भाषा केवल पेशेवर सफलता नहीं, सामाजिक सौहार्द और आत्म-संवर्धन का भी माध्यम है। भाषा केवल संवाद नहीं, आंदोलन का माध्यम भी है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर सामाजिक सुधार आंदोलनों तक, भाषा ने ही विचारों को जनता तक पहुँचाया। गांधीजी का 'हिंदी को जनभाषा बनाओ' का आह्वान हो या भगत सिंह के पत्र – ये सभी उदाहरण बताते हैं कि भाषा कितनी शक्तिशाली होती है। धार्मिक शांति हो या राजनीतिक समरसता, सामाजिक समरसता हो या सांस्कृतिक संरक्षण हर क्षेत्र में भाषा का संयमित और सकारात्मक प्रयोग ही समाधान देता है।

भाषा ही जीवन है, क्योंकि वह हमारी आत्मा, सोच, भावना और व्यवहार का आधार है। भाषा हमें जोड़ती है, सिखाती है, सजग बनाती है। हमें चाहिए कि हम अपनी बोली पर ध्यान दें, वाणी में संयम रखें और भाषा के माध्यम से प्रेम, शांति और विकास का संदेश फैलाएँ। भाषा के माध्यम से ही हम समाज को दिशा दे सकते हैं, पीढ़ियों को जोड़ सकते हैं और आत्म-निर्माण के मार्ग पर अग्रसर हो सकते हैं। "संयमित भाषा, संयमित जीवन – यही है सभ्यता की असली परिभाषा।"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



ऐतिहासिक उपलब्धि

# संयुक्त राष्ट्रीय पर्वतारोहण दल ने माउंट एवरेस्ट फतह किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय पर्वतारोहियों की एक टीम ने विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट (8,848.86 मीटर) को सफलतापूर्वक फतह करने का कीर्तिमान स्थापित किया। विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले इस दल में भारतीय सेना के जवान, प्रशिक्षक और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि देश के प्रमुख पर्वतारोहण संस्थानों — जवाहर इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड विंटर स्पोर्ट्स पहलगाम, नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग उत्तरकाशी और हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट दार्जिलिंग — के प्रशिक्षकों की संयुक्त पर्वतारोहण टीम ने 23 मई 2025 को विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट (8,848.86 मीटर) को सफलतापूर्वक फतह कर ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह अभियान 26 मार्च 2025 को शुरू हुआ था। 26 मार्च को नई दिल्ली से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा हरी झंडी दिखाकर पर्वतारोहियों के दल को रवाना किया गया था। इस दल का नेतृत्व नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग के प्राचार्य कर्नल अंशुमान भदौरिया और जवाहर इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड विंटर स्पोर्ट्स के प्राचार्य कर्नल हेम चंद्र सिंह ने किया। इस दल में पांच विशेषज्ञ प्रशिक्षक शामिल थे।

प्रशिक्षकों में जवाहर इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड विंटर स्पोर्ट्स के हवलदार राजेन्द्र मुखिया, नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग के राकेश सिंह राणा, सूबेदार बहादुर पाहन, हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट के पासंग तेनजिंग शेर्पा और हवलदार थुप्स्तन त्सेवांग शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि टीम ने एवरेस्ट पर चढ़ाई से पूर्व, 18 अप्रैल 2025 को अपनी अनुकूलन प्रक्रिया के तहत माउंट लोबुचे (6,119 मीटर) को भी सफलतापूर्वक आरोहित किया। माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के इस चुनौतीपूर्ण अभियान के दौरान पर्वतारोहियों ने भीषण मौसम और अत्यधिक ऊंचाई जैसी कठिन परिस्थितियों का डटकर सामना किया। इस दौरान पूरी टीम ने अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और अनुकरणीय टीम भावना का परिचय दिया।

**ऐतिहासिक उपलब्धि**
- माउंट एवरेस्ट पर एनसीसी की तीसरी सफल चढ़ाई है।
- इससे पहले 2013 और 2016 में यह सफलता प्राप्त की गई थी।

**टीम की वापसी**
- चढ़ाई के बाद टीम सुरक्षित एवरेस्ट बेस कैंप लौटी।
- अब टीम काठमांडू की ओर अग्रसर है।

**रक्षा मंत्रालय का बयान**
- मंत्रालय ने इसे भारत के पर्वतारोहण इतिहास में एक नया मील का पत्थर बताया।

**कैडेट्स का प्रदर्शन**
- इस वर्ष की विशेषता रही दस सदस्यीय कैडेट टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन।
- टीम में नव प्रशिक्षण प्राप्त पर्वतारोही शामिल थे।

## माउंट एवरेस्ट फतह कर एनसीसी दल ने रचा इतिहास, रक्षा मंत्रालय ने बताया 'मील का पत्थर'

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस उपलब्धि के साथ पर्वतारोहियों की इस टीम ने भारत के पर्वतारोहण इतिहास में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। टीम अब सुरक्षित रूप से एवरेस्ट बेस कैंप से उतरकर काठमांडू की ओर अग्रसर है। गौरतलब है कि इसी माह राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के पर्वतारोहण दल ने 18 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट (8,848.86 मीटर) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की थी। इसके बाद टीम सुरक्षित रूप से एवरेस्ट बेस कैंप पर लौट आई। वह ऐतिहासिक उपलब्धि थी और एनसीसी अभियान दल द्वारा माउंट एवरेस्ट पर तीसरी सफल चढ़ाई थी। इससे पहले 2013 और 2016 में भी यह सफलता मिली थी। इस वर्ष के अभियान की एक प्रमुख विशेषता दस सदस्यीय कैडेट टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन था, जिसमें नव प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पर्वतारोही शामिल थे।

# सज्जनता के साथ शक्ति भी जरूरी : भागवत

**नई दिल्ली (हि.स.)**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि भारत को इतना सामर्थ्यवान बनना चाहिए कि कोई भी शक्ति उसे पराजित न कर सके। उन्होंने संघ प्रार्थना की एक पंक्ति का उल्लेख करते हुए बताया कि यह केवल भावना नहीं बल्कि हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि अपना स्वयं का बल ही वास्तविक बल होता है और सुरक्षा के मामले में हमें किसी अन्य पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। भागवत ने संघ की विचार पत्रिकाओं के संपादकों को दिए साक्षात्कार में देश, समाज और हिंदुत्व से जुड़े कई अहम विषयों पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने आत्मनिर्भर सुरक्षा, सामाजिक समरसता, संघ में महिलाओं की भूमिका और धर्म आधारित जीवन मूल्यों पर स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि विश्व में कुछ लोग आक्रामक प्रवृत्ति के होते हैं और केवल सज्जनता से उनकी रोकथाम संभव नहीं है। सज्जनता के साथ शक्ति भी जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि जब सज्जनता में शक्ति नहीं होती तो वह असहाय बन जाती है और शक्ति यदि सज्जनता से रहित हो तो हिंसा में बदल सकती है। इसलिए दोनों का संतुलन आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि मोहन भागवत का यह साक्षात्कार भारत के ऑपरेशन सिंदूर के पहले लिया गया था।

उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचारों से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अब वहां का हिंदू समाज पहले से अधिक जागरूक और आत्मविश्वासी हो गया है। पहले ऐसे हालात में पलायन होता था लेकिन अब वहां के हिंदू कहते हैं कि वे भागेंगे नहीं बल्कि अपने अधिकारों के लिए वहीं संघर्ष करेंगे। भागवत ने इसे हिंदू समाज के बढ़ते आत्मबल और संगठन का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्वभर में फैले हिंदू समाज के साथ खड़ा है। संघ मर्यादाओं के भीतर रहकर जहां भी संभव हो सहायता करता है। संघ का उद्देश्य केवल भारत में नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर हिंदू समाज को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। हिंदुत्व को लेकर चल रही बहस पर उन्होंने कहा कि हिंदुत्व कोई संप्रदाय नहीं है और न ही यह कोई बंद विचारधारा है। यह सत्य, करुणा, शुचिता और तपस्या जैसे मूल्यों पर आधारित जीवन दृष्टि है जिसमें विविधताओं का सम्मान और स्वीकार है। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्थान एक धर्मप्राण राष्ट्र है और धर्म ही सृष्टि को संचालित करता है। यह मानना या न मानना व्यक्ति की इच्छा पर निर्भर करता है लेकिन सत्य को मानने से लाभ होता है और नहीं मानने पर हानि होती है। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुत्व को कट्टर या राजनीतिक विचार कहना गलत है और यह केवल भ्रम फैलाने का प्रयास है। भागवत ने कहा कि राष्ट्र की एकता का विचार संविधान में भी निहित है। हम सभी एक समाज और एक राष्ट्र हैं। यह अपनाने का विचार है ना कि ध्रुवीकरण का। उन्होंने यह भी कहा कि कोई स्वयं को हिंदू कहे या भारतीय या इंडिक- यदि उसकी भावना एकता की है तो शब्दों से फर्क नहीं पड़ता। समरसता के विषय पर उन्होंने कहा कि केवल कानून से सामाजिक विषमता समाप्त नहीं होती क्योंकि इसका निवास मन में होता है। इसे मन से निकालना होगा। उन्होंने कहा कि बंधुभाव ही समरसता का आधार है और स्वतंत्रता तथा समता तभी टिकाऊ बनती है जब इनका आधार बंधुभाव हो। जब हम यह मानते हैं कि सभी अपने हैं तभी हम सभी समान होते हैं।

### भागवत का आह्वान – नीति आधारित भारत के लिए एकता जरूरी



भागवत ने कहा कि हिंदू समाज को अब जागरूक होना पड़ेगा। उसे अपने भेदों और स्वार्थों को त्याग कर एक सामर्थ्यवान और नीति आधारित भारत का निर्माण करना होगा। उन्होंने कहा कि विज्ञान, कृषि और उद्योग में क्रांति हो चुकी है अब सत्य और करुणा आधारित जीवन के पुनर्निर्माण के रूप में धर्म क्रांति की आवश्यकता है। महिलाओं की भूमिका पर उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ में महिला कार्य राष्ट्र सेविका समिति के माध्यम से होता है। संघ की शाखा का कार्यक्रम पुरुषों के लिए होता है लेकिन महिलाएं इन कार्यक्रमों में सहभागी होती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का उद्धार पुरुष नहीं कर सकते महिलाएं स्वयं ही अपना उद्धार करेंगी और इसी के माध्यम से समाज का भी कल्याण होगा। संघ उनका सशक्तिकरण करता है ताकि वे अपने निर्णय स्वयं ले सकें। भागवत ने कहा कि संघ का उद्देश्य केवल संगठन चलाना नहीं है बल्कि एक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए जीवन के हर क्षेत्र में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि यह कार्य किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि समाज के सामूहिक प्रयास से होता है और हमें सबको साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

## चार राज्यों की 5 सीटों पर उपचुनाव, नतीजे 23 जून को

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की पांच विधानसभा सीटों पर उप-चुनाव की घोषणा कर दी है। 19 जून को मतदान होगा, जबकि 23 जून को मतगणना होगी।

भारत निर्वाचन आयोग ने रविवार को आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर चार राज्यों केरल, गुजरात, पंजाब और पश्चिम बंगाल की पांच विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव की घोषणा की है। ईसीआई ने बताया कि गुजरात के कादी (एससी) और विसावदर विधानसभा, केरल की निलंबूर, पंजाब की लुधियाना और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होगा। चुनाव आयोग ने आगामी उपचुनाव का शेड्यूल जारी करते हुए बताया कि चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत 26 मई 2025 (सोमवार) को राजपत्र अधिसूचना जारी होने के साथ होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 2 जून (सोमवार) तय की गई है, जबकि 3 जून (मंगलवार) को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार 5 जून (गुरुवार) तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद 19 जून 2025 (गुरुवार) को मतदान कराया जाएगा। मतदान के बाद 23 जून (सोमवार) को वोटों की गिनती होगी। चुनाव आयोग के अनुसार, 25 जून 2025 (बुधवार) तक पूरी चुनाव प्रक्रिया संपन्न कर ली जाएगी।

## पाकिस्तान से संबंध के आरोपों के समर्थन में सबूत न दे पाना मुख्यमंत्री शर्मा की कमजोरीः गोगोई

**असम।** कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने शनिवार को दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा का इन आरोपों के समर्थन में सबूत पेश करने में नाकाम रहना उनकी 'कमजोरी' है कि उनके (गोगोई) ''पाकिस्तान के साथ संबंध हैं। गोगोई ने पड़ोसी देश की कथित यात्राओं पर किसी प्रकार का स्पष्टीकरण जारी करने से बचते हुए कहा कि लोगों को धैर्य रखना चाहिए, क्योंकि मुक्केबाजी के मुकाबले में 'नॉकआउट पंच' अंत में दिया जाता है। गोगोई ने अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र जोरहाट के माजुली इलाके में संवाददाताओं से कहा, "यह (राजनीति में) कोई नयी बात नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में संक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**वृष :** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**मिथुन :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थाड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा।

**कर्क :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी।

**सिंह :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कन्या :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**तुला :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**धनु :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें।

**मीन :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

## देश में दो दिन में कोरोना से दो मौतें फिर बढ़ने लगे संक्रमण के मामले

- 27 नए केस, एक्टिव मरीज 363 हुए; नए मामले केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक में

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश में कोरोना के नए वैरिएंट से 2 दिन में 2 मरीजों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक- बेंगलुरु में कोरोना पीड़ित 84 साल के बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया है। इससे पहले ठाणे में 21 साल के युवक की मौत हुई थी। बीते दिन शनिवार को 23 नए कोरोना केस सामने आए। महाराष्ट्र के ठाणे में 8, राजस्थान-कर्नाटक में 5, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3, मध्य प्रदेश के इंदौर में 2 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। कुल एक्टिव केसों की संख्या 363 पहुंच गई है। देशभर में बढ़ते मामलों के बीच शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने समीक्षा बैठक की। इस बैठक में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेज और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अधिकारी शामिल हुए। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कोविड के नए मामले केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों से सामने आए हैं।

### कोरोना को लेकर भागलपुर में 10 बेड का कोविड वार्ड तैयार

देश में एक बार फिर कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आने लगे हैं। इस हालात को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रबंधन अलर्ट मोड में आ गए हैं। भागलपुर के मॉडल सदर अस्पताल में एहतियातन 10 बेड का विशेष कोविड वार्ड तैयार किया गया है।

# माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास और शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा : प्रधानमंत्री

**एजेंसी । नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि माओवाद के खिलाफ सामूहिक लड़ाई के परिणाम सामने आ रहे हैं और इससे प्रभावित रह चुके क्षेत्रों में विकास एवं शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है। मोदी ने अपने मासिक 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम में कहा कि पहले माओवादी हिंसा की चपेट में रहे छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में काटेझरी जैसे दूरदराज के गांवों में अब बस सेवा और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं संभव हो गई हैं।प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के काटेझरी गांव का जिक्र करते हुए कहा, ''बस से यात्रा करना आम बात है लेकिन मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं, जहां पहली बार बस आई। वहां के लोग इस दिन का वर्षों से इंतजार कर रहे थे और जब पहली बार गांव में बस आई, तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया।

उन्होंने छत्तीसगढ़ के बस्तर और दंतेवाड़ा क्षेत्रों में विज्ञान प्रयोगशालाओं जैसी शैक्षणिक सुविधाओं के प्रसार का भी उदाहरण दिया। मोदी ने कहा, ''मुझे यह जानकर खुशी हुई कि कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम शानदार रहे। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा जिला 95 प्रतिशत परिणामों के साथ 10वीं कक्षा की परीक्षा में छत्तीसगढ़ में शीर्ष स्थान पर रहा।

### आईटीबीपी टीम बनी मिसाल, स्वच्छता के संकल्प से पहाड़ जैसी चुनौतियों को दी मात : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें एपिसोड में स्वच्छ भारत अभियान का जिक्र किया। पीएम मोदी ने भरोसे के साथ कहा कि उन्हें विश्वास है कि सभी लोग इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, "स्वच्छ भारत की बात हो और 'मन की बात' के श्रोता पीछे रहें, ऐसा कैसे हो सकता है भला? मुझे पूरा विश्वास है कि आप सब अपने-अपने स्तर पर इस अभियान को मजबूती दे रहे हैं।

# हमें ये सब अच्छा नहीं लगता है

### बड़े भाई तेज प्रताप को पार्टी से निकाले जाने पर तेजस्वी यादव

**पटना (आईएएनएस)**



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू यादव के तेज प्रताप को पार्टी से निकाले जाने पर तेजस्वी यादव की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि हमें ये सब अच्छा नहीं लगता है, न हम इसे बर्दाश्त करते हैं। मेरे बड़े भाई की बात है, तो राजनीतिक और निजी जीवन अलग होता है। निजी जीवन के निर्णय लेने का उनका अधिकार है। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, "हमें ये सब अच्छा नहीं लगता है, न हम इसे बर्दाश्त करते हैं। हम बिहार की जनता के लिए काम कर रहे हैं, जनता के सुख-दुख में हम भाग ले रहे हैं, जनता के मुद्दे को उठा रहे है। हम नेता विरोधी दल हैं। जहां तक मेरे बड़े भाई की बात है, राजनीतिक और निजी जीवन अलग होता है।

## जांगड़ा के बयान को मनोहर लाल ने बताया गलत

**करनाल ।** पहलगाम आतंकवादी हमले में अपना सिंदूर खोने वाली



महिलाओं पर एक बयान देकर भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा विवादों में फंस गए हैं। सांसद के बयान को लेकर कांग्रेस भाजपा पर हमलावर है। कांग्रेस ने पीएम मोदी से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने स्पष्टीकरण भी जारी किया है।

## भारत बनी चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जदयू नेता ने बताया गर्व की बात

**पटना (आईएएनएस)**

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत जापान को पछाड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर जदयू की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने इसे भारतीयों के लिए गर्व का दिन बताया। जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "नीति आयोग की बैठक और देश के आंकड़ों के आधार पर वैश्विक स्तर पर विश्लेषण किया जाता है। भारत, जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह भारतीयों के लिए गर्व की बात है। देश ने आतंकवाद जैसी चुनौतियों से निपटते हुए अर्थव्यवस्था के मामले में बड़ी छलांग लगाई है।

# श्रद्धालुओं के लिए खुले हेमकुंड साहिब-लोकपाल के कपाट

- श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए चमोली पुलिस ने किए पुख्ता इंतजाम।
- हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर विशेष निगरानी व्यवस्था लागू।
- मुख्य पड़ावों पर एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं।

**गोपेश्वर (हि.स.)**



सिख धर्म की आस्था के प्रमुख केंद्र और पवित्र तीर्थस्थल श्री हेमकुंड साहिब और लोकपाल के कपाट रविवार को विधि-विधान और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। रविवार को गुरुअरदास, शबद कीर्तन और गुरुवाणी हेमकुंड साहिब के कपाट खोल दिए गये हैं। कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत शनिवार को गोविन्दघाट गुरुद्वारा से 'पंच प्यारों' की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था भारी पुलिस सुरक्षा, बैंड-बाजों की धुन और पवित्र निशान साहिब के साथ हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुआ था। इस जत्थे ने रात्रि विश्राम घांघरिया गुरुद्वारे में किया। रविवार को जत्था "बोले सो निहाल, सत श्री अकाल" के जयकारों के साथ हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुआ। इसके बाद शुभ मुहूर्त में श्री हेमकुंड साहिब के कपाट आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। सिख आस्था के इस प्रमुख स्थल के साथ ही हिंदुओं की आस्था के प्रतीक लोकपाल मंदिर (लक्ष्मण मंदिर) के कपाट भी विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। गौरतलब है कि श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा प्रतिवर्ष मई-जून माह में प्रारंभ होकर अक्टूबर तक चलती है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु शीश नवाने पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जनपद चमोली पुलिस की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग के मुख्य पड़ावों पर विशेष रूप से एसडीआरएफ की टीमें भी तैनात की गई हैं।

इस अवसर पर हेमकुंड ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र बिंद्रा ने यात्रा व्यवस्थाओं में सहयोग के लिए थानाध्यक्ष विनोद रावत और चौकी प्रभारी घांघरिया अमनदीप सिंह को सम्मानित किया गया।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम चि ली को 2-1 से हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को अर्जेंटीना के रोसारियो में चिली पर 2-1 से जीत के साथ अपने मैत्रीपूर्ण चार देशों के टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत की। भारत के लिए सुखवीर कौर (39') और कनिका सिवाच (58') गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं। चिली के लिए एकमात्र गोल जावेरिया सेंज (20') ने किया। चिली की जावेरिया सेंज ने 20वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को दूसरे क्वार्टर में मामूली बढ़त दिलाई। हालांकि, भारत ने तीसरे क्वार्टर में 39वें मिनट में सुखवीर कौर के सौजन्य से बराबरी का गोल करके तुरंत जवाब दिया। मैच के अंतिम क्षणों में, कनिका सिवाच ने 58वें मिनट में विजयी गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की। टीम का अगला मैच 26 मई को उरुग्वे के खिलाफ होगा। मैत्रीपूर्ण मैचों के महत्व के बारे में बात करते हुए, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा, "हम इस साल के अंत में जूनियर विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं, और चूंकि रोसारियो का दौरा चार देशों का टूर्नामेंट है, इसलिए हम



विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस टीम से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य जितना संभव हो उतना अनुभव हासिल करना और पिछले प्रदर्शनों के आधार पर यह आकलन करना है कि हमने कितना सुधार किया है।" विपक्षी टीमों के बारे में पूछे जाने पर, खांडेकर ने कहा, "जब भी आप कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हैं - चाहे वह दौरा हो, द्विपक्षीय श्रृंखला हो, टेस्ट मैच हो या टूर्नामेंट हो - आप भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं।

# आर्सेनल ने बार्सिलोना को 1-0 से हराकर महिला चैंपियंस लीग जीती

एजेंसी

**लिस्बन।** स्टिना ब्लैकस्टेनियस के गोल की बदौलत आर्सेनल की महिलाओं ने लिस्बन में बार्सिलोना को 1-0 से हराकर 2024/25 यूईएफए महिला चैंपियंस लीग जीत ली है। 2007 की सफलता के कारण यूरोपीय चैंपियन बनने वाली एकमात्र अंग्रेजी टीम होने के बाद, आर्सेनल की महिलाओं ने अब अपने शानदार इतिहास में एक और महाद्वीपीय खिताब जोड़ लिया है, जिसमें उन्होंने रिकॉर्ड 15 लीग खिताब, 14 एफए कप और सात लीग कप जीते हैं। पुर्तगाल में जीत टीम के लिए एक उल्लेखनीय अभियान का समापन करती है, जिसने सितंबर में पहले क्वालीफाइंग दौर में टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। ग्रुप चरणों में पहुंचने के लिए हैकेन और रेंजर्स को हराने के बाद, आर्सेनल ने नॉकआउट चरणों में पहुंचने के लिए बायर्न म्यूनिख, जुवेंटस और वेलारेन्गा से आगे रहकर काम किया, भले ही अक्टूबर में जोनास ईडेवाल की जगह रेनी स्लेगर्स ने मैनेजर के रूप में काम किया हो। इसके बाद उन्होंने फाइनल में पहुंचने के लिए नाटकीय रास्ता अपनाया, पहले चरण में 2-0 की हार को पलटते हुए क्वार्टर



फाइनल में एमिरेट्स स्टेडियम में रियल मैड्रिड को 3-0 से हराया और फिर ल्योन को उनके ही मैदान पर 4-1 से हराकर कुल मिलाकर 5-3 से आगे बढ़कर लिस्बन शोपीस में अपनी जगह पक्की की। आर्सेनल की महिलाओं ने तीन बार की विजेता और पिछले धारकों को हराया, जिसमें ब्लैकस्टेनियस ने 74वें मिनट में विजयी गोल करके ट्रॉफी हासिल की, जिससे प्रतियोगिता के एक ही संस्करण में आठ मैच जीतने वाली पहली अंग्रेजी टीम बन गई।



# खिताब से चूके श्रीकांत, मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहे

**कुआलालंपुर।** किदांबी श्रीकांत को मलेशिया ओपन 2025 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। रविवार को उन्हें चीन के ली शि फेंग से मात्र 36 मिनट में 11-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के बावजूद, श्रीकांत खिताबी मुकाबले में कोई वास्तविक चुनौती पेश करने में असमर्थ रहे। 32 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी लगभग छह वर्षों में अपने पहले बीडब्ल्यूएफ फाइनल में पहुंचे थे, इससे पहले वे 2019 में इंडिया ओपन में उपविजेता रहे थे। श्रीकांत ने मैच के बाद कहा, "यह एक बहुत अच्छा सप्ताह रहा है। यह मेरा तीसरा टूर्नामेंट है। मैंने पहले दो में भी अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन वास्तव में वे मैच नहीं जीत सका। लेकिन अब तक जिस तरह से खेल खेला गया, उससे मैं बहुत खुश हूं।''उन्होंने कहा, "आज मैं जिस तरह से खेलना चाहता था, वैसा नहीं हुआ, लेकिन फिर भी मुझे लगता है कि उन्होंने (फेंग) अच्छा खेला। मैं फिर से खेलकर बहुत खुश हूं। मैं बस खुद को खुश रखना चाहता हूं। मेरे करियर में एक ऐसा समय था जब मैं वहां खड़े रहने का आदी हो गया था, और फिर काफी समय हो गया।" सेमीफाइनल में, उन्होंने शनिवार को जापान के विश्व नंबर 23 युशी तनाका को सीधे गेमों में 21-18, 24-22 से हराया।

# पीएम मोदी ने बिहार में खेलो इंडिया के आयोजन की तारीफ की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' की 122वीं कड़ी में खेलो इंडिया गेम्स के उत्साह और युवा प्रतिभाओं की उपलब्धियों को देशवासियों के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि हाल ही में बिहार के पांच शहरों में आयोजित खेलों इंडिया गेम्स में पूरे भारत से 5,000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इन खिलाड़ियों ने बिहार की मेहमान नवाजी और खेल भावना की जमकर तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा, "साथियों, बीते दिनों खेलों इंडिया गेम्स की बड़ी धूम रही। 'खेलो इंडिया' के दौरान बिहार के पांच शहरों ने मेजबानी की थी। वहां अलग-अलग कैटेगरी के मैच हुए थे। पूरे भारत से वहां पहुंचे एथलीटों की संख्या पांच हजार से भी ज्यादा थी। इन एथलीटों ने बिहार की खेल भावना की, बिहार के लोगों से मिली आत्मीयता की बड़ी तारीफ की है।" पीएम ने कहा कि बिहार की धरती ने इस आयोजन को और भी खास बनाया। यह पहला मौका था जब खेलो इंडिया यूथ गेम्स को ओलंपिक चैनल के माध्यम से दुनियाभर में प्रसारित किया गया। विश्व ने भारत के युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखा और सराहा। इस आयोजन में महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थान शीर्ष तीन विजेताओं में रहे, जिन्हें पीएम ने विशेष रूप से बधाई दी।



# चेन्नई ने 83 रन से जीता सीजन का आखिरी मैच

एजेंसी

**अहमदाबाद।** डेवाल्ड ब्रेविस (57) और डेवोन कॉन्वे (52) के आतिशी अर्धशतकों तथा अंशुल कंबोज (13 रन पर तीन विकेट) और नूर अहमद (21 रन पर तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी से चेन्नई सुपरकिंग्स ने गुजरात टाइटंस को यहां उसके घरेलू मैदान नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को आईपीएल मुकाबले में 83 रन से हराकर जोर का झटका दिया। चेन्नई ने पांच विकेट पर 230 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद गुजरात को 18.3 ओवर में 147 रन पर थाम लिया। गुजरात की टीम इस मुकाबले में शीर्ष दो में जगह बनाने के इरादे से उतरी थी लेकिन चेन्नई ने उसे पांचवीं हार का स्वाद चखा दिया। गुजरात की 14 मैचों में यह पांचवीं हार रही जबकि चेन्नई ने 14 मैचों में चौथी जीत के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

हालांकि इस हार के बावजूद गुजरात 18 अंकों के साथ अब भी शीर्ष पर है लेकिन पंजाब किंग्स और आरसीबी के पास गुजरात से आगे निकलने का मौका है जिनके 17-17 अंक हैं। अपने आखिरी मैचों में पंजाब का मुकाबला मुम्बई इंडियंस से और आरसीबी का मुकाबला एसआरएच से होना है। पंजाब अंक तालिका में दूसरे, आरसीबी तीसरे और मुंबई 16 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। मुंबई की प्लेऑफ की बाकी तीनों टीमों से बेहतर रन रेट स्थिति है और आखिरी मैच की जीत उसे नंबर एक स्थान पर ले जा सकती है।

चेन्नई की टीम जीत गई लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है कि वे अंकतालिका में सबसे नीचे रहते हुए, सीजन का समापन कर रहे हैं। हालांकि एक निराशाजनक सीजन का समापन एक जीत के साथ होना, उनके लिए काफी सुखद होगा। आज के मैच में उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की, अच्छी फील्डिंग की और गेंदबाजी में भी उनका प्लान काफी क्लियर था। दूसरी तरफ जीटी के लिए यह हार परेशानी का सबब बन सकती है। अब उन्हें टॉप 2 में पहुंचने के लिए दूसरी टीमों के परिणाम पर नजर रखनी होगी। हैरानी की बात है कि पिछले चार मैचों में प्लेऑफ में जगह बना चुकी चारों टीमों को हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को छह विकेट से, सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 42 रन से और लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुजरात टाइटंस को 33 रन से हराया था। गुजरात को लगातार दूसरे मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स से 83 रन से हार का सामना करना पड़ा। यानी शीर्ष चार टीमों को लगातार चार मैच में प्लेऑफ से बाहर हो चुकी टीमों से शिकस्त झेलनी पड़ी। गुजरात की तरफ से इस मुकाबले में ओपनर साई सुदर्शन ने सर्वाधिक 41 रन बनाये जबकि कप्तान शुभमन गिल 13 रन बनाकर आउट हुए। शाहरु खान ने 19, राहुल तेवतिया ने 14 और राशिद खान ने 12 रन बनाये। अरशद खान ने 14 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 20 रन का योगदान दिया।

# डूरंड कप पहली बार पांच राज्यों में खेला जाएगा



**134वें इंडियनऑयल डूरंड कप के लिए छह स्थान तय किए गए हैं**

1. कोलकाता में दो (विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन और किशोर भारती क्रीड़ांगन)
2. इम्फाल (खुमन लम्पक स्टेडियम)
3. रांची या जमशेदपुर (मोरहाबादी स्टेडियम या जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स)
4. शिलांग (जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम)
5. कोकराझार(साई स्टेडियम)
6. नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी वर्तमान में गत विजेता हैं, जिन्होंने पिछले साल रोमांचक फाइनल में मोहन बागान को हराकर अपना पहला खिताब जीता था।

एजेंसी

**कोलकाता।** एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट, इंडियनऑयल डूरंड कप, अपने 134वें संस्करण के साथ लौट रहा है। इस साल पहली बार टूर्नामेंट पांच राज्यों में आयोजित किया जाएगा और मणिपुर की राजधानी इम्फाल दो साल के अंतराल के बाद इसकी मेजबानी करते हुए वापसी कर रही है। डूरंड कप आयोजन समिति ने इस साल के टूर्नामेंट की तारीखें 22 जुलाई से 23 अगस्त 2025 के बीच तय की हैं। असम का कोकराझार तीसरे साल लगातार मेजबान रहेगा , जबकि झारखंड का जमशेदपुर और मेघालय के शिलांग को पिछले साल मेजबान स्थलों में जोड़ा गया था। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता, जिसे भारतीय फुटबॉल का मक्का कहा जाता है, 2019 से डूरंड कप का मुख्य आधार बना हुआ है और इस साल लगातार छठी बार मुख्य मेजबान रहेगा। पूर्वी भारत में स्थानांतरण के बाद से, डूरंड कप ने खुद को देश की प्रमुख फुटबॉल प्रतियोगिता के रूप में फिर से स्थापित किया है। टीमों की संख्या 16 से बढ़कर 24 हो गई है और सभी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीमें अब इसमें हिस्सा लेती हैं। भारतीय सेना की पूर्वी कमान द्वारा तीनों सेनाओं की ओर से आयोजित किया जाने वाला यह टूर्नामेंट विशेष है, क्योंकि इसमें सेनाओं की टीमें देश के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल क्लबों के खिलाफ खेलती हैं। पिछले कुछ वर्षों में इसमें विदेशी सेनाओं की टीमें भी भाग लेने लगी हैं। भारतीय सेना का लक्ष्य इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट को पूर्वोत्तर भारत तक पहुंचाना है, और इस वर्ष के मेजबान शहर उसी दिशा में उठाया गया ठोस कदम है। सभी राज्य सरकारों और स्थानीय स्वायत्त निकायों ने हमेशा की तरह इस लोकप्रिय टूर्नामेंट को पूर्ण समर्थन देने का वादा किया है, जो इस क्षेत्र के फुटबॉल प्रेमियों की कल्पना का केंद्र बना हुआ है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# केंद्र की एमएसपी पर गेहूं खरीद 29.7 मिलियन टन के पार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्र ने अप्रैल से जून तक चलने वाले 2025-26 रबी मार्केटिंग सीजन के दौरान अब तक 29.7 मिलियन टन (एमटी) से अधिक गेहूं की खरीद की है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 2021-22 सीजन के बाद से यह सबसे अधिक खरीद है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, इस साल गेहूं की खरीद पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 13.5 प्रतिशत अधिक है और अधिकांश प्रमुख उत्पादक राज्यों में खरीद पूरी होने के करीब है। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी का मानना है कि इस साल रिकॉर्ड फसल के कारण गेहूं खरीद का अंतिम आंकड़ा 320-325 लाख टन तक पहुंच जाएगा 2024-25 में कुल गेहूं खरीद 265.9 लाख टन रही। मंत्री ने कहा कि सरकार ने मार्केटिंग वर्ष 2025-26 के लिए 312 लाख टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है।

# 21 भारतीय स्टार्टअप्स ने जुटाई 139.5 मिलियन डॉलर की फंडिंग

**मुंबई।** भारतीय स्टार्टअप्स ने इस हफ्ते 21 डील्स के जरिए 139.5 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया है। यह देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को लेकर निवेशकों के विश्वास को दिखाता है। इस हफ्ते की स्टार्टअप कंपनियों द्वारा जुटाई गई फंडिंग में पांच ग्रोथ स्टेज और 13 अर्ली स्टेज डील थीं। हालांकि, तीन स्टार्टअप्स ने फंडिंग राशि का खुलासा नहीं किया है।आठ डील के साथ दिल्ली-एनसीआर शीर्ष पर था, जबकि चार डील के साथ बेंगलुरु दूसरे स्थान पर था। इसके बाद मुंबई, चेन्नई, भुवनेश्वर और अहमदाबाद का स्थान था। फिनटेक तीन डील के साथ इस हफ्ते सबसे अधिक फंडिंग प्राप्त करने वाली कैटेगरी थी, जिसके बाद ई-कॉमर्स, मीडिया एवं एंटरटेनमेंट सेक्टर का स्थान था। इसके अतिरिक्त डीप टेक, हेल्थ टेक और साइबर सिक्योरिटी में निवेशकों की रुचि जारी रही। आठ डील के साथ सीड फंडिंग का इस हफ्ते वर्चस्व रहा। इसके बाद सीरीज ए, बी और डी स्टेज में सबसे अधिक इन्वेस्टमेंट हुई। सीड फंडिंग का अधिक मिलना दिखाता है कि निवेशक नए आईडिया में पैसा लगाने में अधिक रुचि दिखा रहे हैं। ग्रोथ और लेट स्टेज सेगमेंट में स्टार्टअप्स को 65.75 मिलियन डॉलर की फंडिंग मिली।

# दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत



**भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मजबूत शासन का परिणाम : कैट**

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने रविवार को कहा कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मजबूत शासन का प्रत्यक्ष परिणाम है। इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद और कैट के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी के आर्थिक सुधारों, डिजिटल परिवर्तन पहलों और समावेशी विकास नीतियों की सफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, "भारत का आर्थिक उत्थान सुधार, मजबूती और पुनरुत्थान की कहानी है।" खंडेलवाल के मुताबिक, जन-केंद्रित शासन, राजकोषीय विवेक और व्यापार-समर्थक रणनीतियों ने भारत को विश्व के विकास इंजन में बदल दिया है। खंडेलवाल ने कहा कि मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, गति शक्ति और उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं जैसी प्रमुख यजनाओं ने बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने, रिकॉर्ड विदेशी निवेश आकर्षित करने और अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आगे कहा कि यह मील का पत्थर छोटे व्यवसायों के लिए डिजिटल तकनीकों को तेजी से अपनाने और आगे बढ़ने के बड़े अवसर पैदा करेगा।

खंडेलवाल के मुताबिक, "भारत की बेहतर वैश्विक स्थिति से निवेशकों का विश्वास भी बढ़ेगा, जिसके परिणामस्वरूप एफडीआई, पूंजी प्रवाह में वृद्धि होगी और ग्लोबल वैल्यू चेन के साथ गहन एकीकरण होगा।" खंडेलवाल के अनुसार, भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था अधिक रोजगार पैदा करने और युवा उद्यमिता को बढ़ावा देने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, "इससे सरकार को आधुनिक बुनियादी ढांचे, स्मार्ट शहरों, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कल्याणकारी योजनाओं में अधिक निवेश करने में भी मदद मिलेगी।" उन्होंने कहा कि डिजिटल इनोवेशन, फिनटेक, एआई, स्पेस रिसर्च और ग्रीन टेक्नोलॉजी में भारत की निरंतर प्रगति आने वाले वर्षों में इसके वैश्विक नेतृत्व को और तेज करेगी। खंडेलवाल ने कहा, "यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। जैसे-जैसे भारत आगे बढ़ रहा है, यह अनिश्चित वैश्विक दुनिया में अवसर, स्थिरता और प्रगति का प्रतीक बन रहा है।"

# रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केटकैप 40,800 करोड़ रुपए घटा

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के मार्केटकैप में इस हफ्ते 40,800.4 करोड़ रुपए की कमी आई है और शेयर बाजार की शीर्ष 10 कंपनियों में इसके बाजार मूल्यांकन में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई है। इस हफ्ते शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में 78,166.08 करोड़ रुपए की कमी देखने को मिली है। कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में गिरावट की वजह स्टॉक मार्केट का कमजोर प्रदर्शन था। 19-23 मई के कारोबारी सत्र में सेंसेक्स में 609.51 अंक या 0.74 प्रतिशत और निफ्टी में 166.65 अंक या 0.66 प्रतिशत की कमी आई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) के मार्केट कैप में गिरावट दर्ज की गई। एचयूएल के बाजार पूंजीकरण में 5,462.8 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में 2,454.31 करोड़ रुपए और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में 1,249.45 करोड़ रुपए की कमी देखी गई। भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक के बाजार पूंजीकरण में इस हफ्ते इजाफा हुआ है।



# केंद्र सरकार ने पीएलआई स्कीम में आवेदन करने के लिए दवा कंपनियों को किया आमंत्रित

**नई दिल्ली।** डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्युटिकल ने प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) के तहत नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स स्थापित करने के लिए दवा कंपनियों से आवेदन मांगे हैं। केंद्र सरकार की ओर से यह आवेदन 11 मुख्य फार्मास्युटिकल उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए मांगे गए है। सरकार के इस कदम का उद्देश्य भारत में दवाओं के मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को मजबूत करना है। पीएलआई स्कीम का लाभ लेने के लिए सरकार ने कंपनियों के सामने कुछ शर्तें भी रखी हैं और उपलब्ध क्षमता, प्रत्येक उत्पाद के लिए निर्धारित सीमा और उत्पादन समय-सीमा के आधार पर प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे। रासायनिक संश्लेषण उत्पादों के लिए प्रोत्साहन अवधि वित्तीय वर्ष 2027-28 तक रहेगी, जबकि किण्वन आधारित उत्पादों के लिए यह 2028-29 तक रहेगी।

## न्यूज बॉक्स

### वित्त रहित शिक्षकों व कर्मचारियों ने वित्त मंत्री का स्वागत किया व जताया आभार



**हुसैनाबाद।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा वित्त विभाग से वित्त रहित शिक्षक कर्मचारी का 75% अनुदान वृद्धि की संचिका सहमति मिलने पर पलामू प्रमंडल के सैकड़ो शिक्षक व कर्मचारियों ने वित्त मंत्री को बुके ,माला एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया व आभार व्यक्त किया। शिक्षक व कर्मचारियों ने कहा कि कार्मिक विभाग में संचिका बरसों से पड़ी है, जिसमें मुख्यमंत्री का भी समान काम के बदले समान वेतन देने की घोषणा विधानसभा में किया गया था। इस आलोक में शिक्षा विभाग ने संचिका कार्मिक विभाग को भेजा है। उसमें लिखा गया है कि वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त कर शिक्षक व कर्मचारियों को वेतनमान दिया जाए। इस पर वित्त मंत्री ने आश्वाशन दिया कि इस कार्य को भी वह कराने को लेकर बात करेंगे। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के आश्वाशन के बाद वित्त रहित शिक्षण संस्थानों से जुड़े शिक्षकों व कर्मचारियों में खुशी का माहौल है।मौके पर इंटर महासंघ के प्रदेश महासचिव एवं मोर्चा के अध्यक्ष मंडल सदस्य अरविंद कुमार सिंह के अलावा अनिल कुमार तिवारी, स्वाति कुमारी, मधु लता सिंह, बसंत पाठक, विनोद कुमार, सुशील सिंह, सच्चिदानंद सिंह, तबस्सुम आरा, फारूक अहमद, अवध बिहारी सिंह एवं जय लोक मिश्रा के साथ सैकड़ो शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे।

### दुकान सील होने से बचाएं, बनवाएं जल्द ट्रेड लाईसेंस, अभियान जारी



**लातेहार।** नगर प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर शहरी क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में नगर पंचायत कर्मियों के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान थाना चौक के आसपास के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में चलाया गाया और ट्रेड लाइसेंस की जांच की गई। इस दौरान नप कर्मियों ने कहा कि जिन प्रतिष्ठानों के पास ट्रेड लाइसेंस नहीं रहेगा, उन पर झारखंड म्युनिसिपल एक्ट 2011 के तहत प्रतिष्ठानों को सील करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कर्मियों ने कहा कि यह जांच अभियान आगे भी जारी रहेगी। मौके पर कर्मियों ने कहा कि जिन भी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों ने ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवाया है योर ट्रेड लाइसेंस अविलंब बनवाले। जांच का नेतृत्व पिंटू कुमार राजस्व निरीक्षक, नगर पंचायत लातेहार, आदित्य कुमार टीम लीडर जन सुविधा केंद्र एवं बिरसा कलेक्टर जन सुविधा केंद्र मौजूद रहे।

### रंका प्रखंड में विजली के करेंट लगने से एक ग्रामीण महिला हुई घायल



**रंका।** प्रखंड के खरडीहा पंचायत के अंबेडकर टोला के ग्रामीण महिला को घर पर बिजली के करंट लगने से गंभीर रूप से हुई घायल। आज में रविवार को महिला के पति पप्पू राम ने बतलाया कि मेरी पत्नी ममता देवी घर में झाड़ू लगा रही थीज्ञ। जो झाड़ु भिगी हुई थी। जो महिला घर पर झाड़ू लगा रही थी। जिससे भीगी हुई झाड़ु में बिजली के करंट प्रवाहित हो गई । जिससे मेरी पत्नी ममता देवी उम्र 30 वर्ष बिजली के करेंट से गंभीर रूप से घायल हो हो गई, जिसे आनंन-फानन में 108 से रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर चिकित्सक डॉक्टर अतुल के द्वारा महिला का बेहतर इलाज की जा रही है । इस संबंध में डॉक्टर अतुल ने बतलाया कि महिला अब खतरे से बाहर है।

### दो फरार उग्रवादीयों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार, दी अविलंब सरेंडर करने की चेतावनी



**बारियातू।** थाना पुलिस ने दो फरार उग्रवादी के घर जाकर इश्तेहार चिपाका कर अविलंब सरेंडर करने की चेतवानी दी गई. जानकारी देते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बातया की थाना कांड संख्या 04/24, दिनांक धारा 147/148/149/341/342/323/361/353/386/387 /427/506/435 भा द वि, 17 सीएलए एक्ट, 10/13/16 UAPA एक्ट. के नामजद अभियुक्त रणजीत गंझु,पिता -नरेश गंझु, ग्राम -सती टांड़, थाना लावालौंग, जिला -चतरा एवं बालूमाथ बरियातू थाना कांड संख्या -160/19, दिनांक 24.07.19, धारा -384/385/386 भा द वि, 25(1-A) /26(2)/35 आर्म्स एक्ट, 4/5 एक्सपलोसिव सुबस्टेंस एक्ट, 17 सीएलए एक्ट के नामजद अभियुक्त बिनोद गंझु, पिता शनिचर गंजु, ग्राम जोरदाग , थाना लावालौंग, जिला -चतरा उक्त दोनों उग्रवादियों के घर पर विधिवत इश्तेहार का तमिला किया गया।

# काशीस्रोत डैम को पर्यटक स्थल घोषित करने का अबतक सकारात्मक परिणाम नहीं मिला, लोग निराश

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** काशीस्त्रोत डैम को भी पर्यटन स्थल घोषित करने की दिशा में सकारात्मक परिणाम प्राप्त नहीं हुआ है। जबकि इस दृष्टिकोण से इसे विकसित करने की योजना पर काम शुरू किया गया था। इसके लिए पर्यटन विभाग की टीम ने करीब 10 माह पहले स्थलीय मुआयना कर सौंदर्यीकरण और विकास के विभिन्न कार्यों को लेकर मापी के बाद प्रारुप व प्राक्कलन बनाने का संकेत दिया था। बताया जाता है कि पहाड़ों और रमणीक वन के बीच स्थित काशीस्त्रोत डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए पर्यटन विशेषज्ञ सुशील द्विवेदी ने मुआयना किया था। तब डैम स्थल पर पहुंच पथ, पेयजल सुविधा युक्त रिफ्रेशमेंट रुम, सोलर लाइटिंग, चेयर सीटर बोटिंग सहित अन्य जरूरी सुविधाओं को लेकर काम कराने का आग्रह जिला कांग्रेस सहकारिता विभाग के तत्कालीन चेयरमैन और अब युवा कांग्रेस सोशल मीडिया सेल के स्टेट कॉडिनेटर अभियंता राहुल कुमार सिंह ने उनसे किया था। जिस पर काम कराने की बात विभागीय टीम ने कही थी। इस संबंध में अपडेट देते हुए उन्होंने बताया कि काशीस्त्रोत डैम को पर्यटक स्थल घोषित करने और इसके सौंदर्यीकरण और विकास के लिए डीपीआर तैयार कर विभाग प्रस्तुत किया गया। इस पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर वे प्रयास कर रहे हैं। जल्द ही इसका सकारात्मक परिणाम प्राप्त होगा।

### सैलानियों की पसंदीदा स्थल है काशीस्रोत डैम



**बताया** जाता है कि डैम के बनने के बाद से ही पिकनिक टाइम पर यह स्थल पहले आसपास और अब बाहर के सैलानियों की पसंदीदा स्पॉट बना हुआ है। इसके नयनाभिराम प्राकृतिक सौंदर्य बरबस सैलानियों को आकर्षित करते हैं। हथीदह नामक इस क्षेत्र में अब सचमुच में हाथी के डुब के बराबर जल भंडारण रहता है। मत्स्य पालन को लेकर भी बड़े केंद्र के रूप में इस डैम की अलग पहचान बन गई है। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व मुखिया पंचम खान, उपमुखिया नीलेश्वर कुमार सिंह और मुखिया प्रतिनिधि उदय कुमार सिंह ने इस डैम को पर्यटक स्थल घोषित और विकसित करने की जरूरत बल पर दिया है। उन्होंने इसके डीपीआर को स्वीकृति प्रदान कर इससे सबंधित प्रस्ताव पर अमल करने की मांग की है। ऐसा हुआ, तो क्षेत्र के विकास और रोजगार-व्यापार के अवसर बढ़ेंगे।

### कादलकुर्मी पंचायत मुख्यालय से अबतक नहीं हो सका सुदूरवर्ती माहुर गांव का जुड़ाव

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कादलकुर्मी पंचायत का सुदूरवर्ती पठारी गांव माहुर खासकर, सड़क के मामले में उपेक्षा का दंश झेल रहा है। बताया जाता है कि पंचायत मुख्यालय से सीधा संपर्क अबतक स्थापित नहीं हुआ है। ग्रामीणों को अभी भी कुछ दूर तक पगडंडी से गुजरना पड़ता है। वहीं, प्रखंड मुख्यालय से भी वर्षों बाद मुख्य पथ की सुविधा मिली है। मगर, मुख्य पथ से गांव तक अभी भी कच्ची सड़क ही आवागमन का माध्यम है। हालांकि सांसद विष्णुदयाल राम की पहल पर पीएमजीएसवाई से गांव को जोड़ने की योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जबकि पंचायत मुख्यालय से गांव को जोड़ने में 4 किमी सड़क निर्माण में रैयती जमीन की वजह से पेंच में फंसा हुआ है। इस प्रकार इस गांव के विकास की कोशिश में बड़ी बाधा के रूप में यही वह समस्या है, जिसकी वजह से गांव के पिछड़ेपन का धब्बा 21 वीं सदी में भी मिटाया नहीं जा सका है। इसका ग्रामीणों को मलाल है। मगर, अब उम्मीद की किरण नजर आई है। इस संबंध में इंद्र देव यादव, विनोद यादव, मनोज यादव, विजय भुईंया और रघुनाथ पाल सहित अन्य कई ग्रामीणों ने बताया कि विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने इस समस्या को गंभीरता से लिया है। उन्होंने सड़क मार्ग सहित अन्य समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया है।

# वट सावित्री पूजा आज, बाजारों में उमड़ी सुहागिनों की भीड़

नवीन मेल संवाददाता





**हुसैनाबाद।** अखंड सौभाग्यवति व्रत वट सावित्री पूजा को लेकर शहर के बाजारों में रविवार को खासी चहल-पहल देखी गई। सोमवार को होने वाले इस पावन व्रत को लेकर शनिवार सुबह से ही महिलाओं की भीड़ बाजारों में उमड़ पड़ी। सुहागिन महिलाओं ने पूजा में लगने वाली सामग्री जैसे साड़ी,चूड़ी, सिंदूर, प्रसाधन आदि की जमकर खरीदारी की। विशेषकर हुसैनाबाद शहर समेत विभिन्न बाजारों में रविवार को सुबह से ही रौनक बढ़ी रही। बाजारों में पूजन सामग्री जैसे पीला धागा, कच्चा सूत, धूप, बत्ती, फल-फूल और मिट्टी के वटवृक्ष की मांग काफी अधिक रही, दुकानदारों ने भी ग्राहकों की भीड़ को देखते हुए विशेष तैयारी कर रखी थी।

बाजार में साड़ी श्रृंगार सामग्री और व्रत से जुड़ी अन्य वस्तुओं की दुकानें सज चुकी है। दुकानदारों के अनुसार, इस बार व्रत के एक दिन पहले रविवार को ही सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री का पर्व सुहागिनों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन सती सावित्री की तरह पति की लंबी उम्र की कामना के लिए महिलाएं व्रत रखती हैं और वटवृक्ष की पूजा महादेव मानकर करती हैं। मान्यता है कि इस दिन सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लिए थे। इधर, प्रशासन और नगर पंचायत के द्वारा बाजारों में कोई अलग से साफ- सफाई और यातायात व्यवस्था नहीं करायी गई थी। जिससे गंदगी के बीच ही भीड़भाड़ में किसी प्रकार महिलाओं ने खरीदारी की।

शहर के एक दुकानदार पप्पू कुमार ने बताया कि रविवार को महिलाओं की भीड़ से बाजार की रौनक देखते ही बन रही थी। उन्होंने कहा कि व्रतों और त्योहारों पर बाजार की चहल-पहल आम दिनों की तुलना में कई गुना बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय व्यापार को भी सहारा मिलता है। पूजन के शुभ मुहूर्त के बारे में जपला महावीर मंदिर के पंडित गोपाल पाठक ने बताया कि ज्येष्ठ माह के अमावस्या तिथि को यह पर्व हर वर्ष सुहागिनों द्वारा मनाया जाता है। इस बार 26 मई को 12 बजकर 11 मिनट से शुभ मुहूर्त शुरू हो रहा है और दूसरे दिन 27 मई यानी मंगलवार को 8 बजकर 31 मिनट पर मुहूर्त समाप्त हो रहा है। इसलिए सुहागिनों द्वारा सोमवार को ही व्रत किया जा रहा है,और इससे पहले रविवार को सभी व्रतियों द्वारा अरवा और फलाहार का सेवन कर व्रत की शुरुआत की गई।

### वट वृक्ष के नीचे जाप करने से शनि देव होते हैं प्रसन्न : पं. कुंडल तिवारी



**हैदरनगर।** सनातन धर्म में नववर्ष की तीसरे जेष्ठ मास का अद्वितीय महत्व माना गया है। इस मास में श्री राम और हनुमान जी का प्रथम मिलन हुआ था। बीर हनुमान वृद्ध ब्राह्मण के रुप में मिलने से इस मास में पड़ने वाले मंगलवार को बुढवा मंगल कहा जाता है। इसी रुप में इनकी विधि - विधान से पूजन किया जाता है। इस दिन वट सावित्री पूजन भी सौभाग्यवती महिलाएं करती हैं। इस व्रत की महत्ता पर एक चर्चा में पं. कुंडल तिवारी ने कहा कि जेष्ठ मास में वट सावित्री व बुढ़वा मंगल के अलावे इस मास की अमावस्या तिथी शनिदेव का प्राकट्य दिवस व शनि जयंती के रुप में मनाये जाते हैं। उन्होंने कहा कि सूर्य देव के पुत्र - पुत्रियों के नाम - शनि, यमराज, वैवस्वत, मनु, स्वर्णिममनु, कर्ण, सुग्रीव, रेवन्त जबकि बहन यमुना, भद्रा, भया, ताप्ती, नास्त्य, दस्त्र भाई-बहन हैं। शनि देव की संतान मांदा और नीला हैं। मान्याता के अनुसार इनकी आठ पत्नियां ध्वजिनी, धामिनी, कंकाली, कलह प्रिया, कंटकी, तुरंगी, महिषी, अजा मानी गई है। जो साढ़ेसाती के समय इनकी नामों की जाप करने से शनिदेव प्रसन्न होकर कष्ट निवारण करते हैं।

## चंदवा में हुए भीषण सड़क हादसा

# एक ही परिवार के तीन की मौत, तीन की हालत नाजुक

नवीन मेल संवाददाता



- लेस्लीगंज से कार में सवार होकर रांची जा रहे थे सभी लोग

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित लाधुप सेन्हा के समीप स्थित फुटबॉल मैदान के पास रविवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। दुर्घटना में आईटेन कार में सवार दो महिला समेत एक पुरूष की मौत हो गई। एक महिला की मौत कुडू अस्पताल में हुई है जबकि अन्य दो लोगों की मौत रांची ले जाने के क्रम में हो गई। मृतकों में शांति देवी,बबिता देवी एंव मनोज कुमार वर्मा (लेस्लीगंज) निवासी शामिल हैं। वंही कार मे सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में पलामू जिले के लेसलीगंज निवासी हरिहर महतो के 42 वर्षीय पुत्र राकेश रौशन,श्रुति कुमारी ज्योति कुमारी के नाम शामिल है। घटना के बाद सभी घायलों को कुडू सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रांची रेफर किया गया। बताया जाता है कि सभी लोग आई टेन कार नंबर जेएच 01 बीयू 6020 में सवार होकर लेसलीगंज से रांची की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सेन्हा फुटबॉल मैदान के समीप आई टेन कार एक अज्ञात स्विफ्ट डिजायर कार से टकराने के बाद असंतुलित हो गई और सामने से आ रही एक 407 कंटेनर वाहन यूपी 65 केटी 6649 से जा टकराई। इस भीषण दुर्घटना में आईटेन कार के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से कुडू सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जंहा से प्राथमिक उपचार के पश्चात रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पाकर चंदवा व कुडू पुलिस घटनास्थल और कुडू अस्पताल पहुंच मामले की पड़ताल में जुट गई है। कार में सवार लगभग एक वर्षीय बालक पूरी तरह से सुरक्षित है।

ज्ञात हो कि उक्त स्थल पर पहले भी सड़क दुर्घटनाएं घटित होती रही है। बीते चार फरवरी को भी उसी स्थान पर दो ट्रको के बीच आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई थी जिसमें दो लोगों की जान चली गई। बताया जाता है कि उक्त स्थान पर सड़क थोड़ी घुमावदार है और ज्यादातर एक्सीडेंट ओवरटेक करने की वजह से ही होती हैं।

### निःसंतान दंपतियों के लिए लगा निशुल्क परामर्श शिविर, 32 दंपती पहुंचे

**हुसैनाबाद।** जपला-नबीनगर रोड स्थित न्यू वनांचल हॉस्पिटल परिसर में रविवार को निःसंतान दंपतियों के लिए सीड्स ऑफ इनोसेंस आईवीएफ एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर रांची के द्वारा निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. करुणा निधि ने दंपतियों को निशुल्क परामर्श प्रदान किया। डॉक्टर करुणा निधि ने टेस्ट ट्यूब बेबी पद्धति के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि यह पद्धति निःसंतान दंपतियों के लिए एक महत्वपूर्ण समाधान है।खासतौर पर जिन महिलाओं के अंडे नहीं बनते, उम्रदराज महिलाओं के लिए, जिनकी ट्यूब ब्लॉक हो, माहवारी बंद हो गई हो, बच्चेदानी में टीबी या गांठ हो, या सामान्य रिपोर्ट के बावजूद संतान सुख नहीं मिल पा रहा हो, उनके लिए यह एक सफल उपाय हो सकता है। इसके अलावा, जिन पुरुषों के वीर्य में शुक्राणु की कमी हो या जिनका शुक्राणु बिल्कुल नहीं हो, उनके लिए भी आईवीएफ तकनीक के द्वारा संतान

# एसडीएम ने अवैध बालू परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर पकड़ा

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने रविवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान कोटमा निवासी ट्रैक्टर ड्राइवर सुनील चंद्रवंशी को एक बिना नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टर से अवैध बालू परिवहन करते हुये पकड़ा, ड्राइवर की निशानदेही पर ट्रैक्टर मालिक जाकिर अंसारी को भी मौके पर बुलाया गया। पूछताछ के उपरांत दोनों पर नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु अंचल अधिकारी मेराल एवं थाना प्रभारी मेराल को मौके पर ही उन्होंने दूरभाष से सूचना देते हुये निर्देशित किया। एसडीएम के निर्देश पर कुछ ही देर में अंचल अधिकारी मेराल यशवन्त नायक भी मौके पर पहुंच गए, इस पर एसडीएम ने बालू लदे ट्रैक्टर को उन्हें अग्रेतर कानूनी कार्रवाई हेतु निर्देशित करते हुए सौंप दिया। बालू के साथ पकड़े गए उक्त दोनों लोगों ने एसडीएम द्वारा की गई पूछताछ में बताया कि वे लोग काफी दिनों से यूरिया नदी से अवैध बालू उठाकर इसे नियमित रूप से अलग-अलग स्थानों पर मांग के अनुरूप ग्राहकों को सप्लाई करते हैं। इस पर एसडीएम ने खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को अवैध खनन के विरुद्ध लगातार सजगता से कार्रवाई करने का निर्देश दिया ताकि इस प्रकार के आदतन बालू माफिया लोग हतोत्साहित हों।

### बिना नंबर के ट्रैक्टरों की धर पकड़ के लिए चलाएं अभियान

अवैध बालू के साथ पकड़े गये इस ट्रैक्टर के मालिक जाकिर अंसारी से जब पूछा गया कि उन्होंने ट्रैक्टर में नंबर प्लेट क्यों नहीं लगायी है तो इस पर वह कोई उत्तर नहीं दे पाया। संजय कुमार ने कहा कि अवैध बालू परिवहन में ज्यादातर संलिप्त ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट के सड़क पर दौड़ रहे हैं जो कि चलती फिरती मौतों की तरह हैं क्योंकि ऐसे वाहन अक्सर एक्सीडेंट करके भाग जाते हैं उनको ट्रेस करना आसान नहीं होता है। इसलिए उन्होंने सभी थाना प्रभारियों, अंचल अधिकारियों एवं परिवहन विभाग के कर्मियों को बिना नंबर प्लेट सड़क पर दौड़ रहे किसी भी प्रकार के मोटराइज्ड वाहनों की धर पकड़ कर निर्धारित प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## पेज एक के शेष

### जनजातीय समुदाय की...

पूजन-दर्शन कर समस्त देशवासियों के लिए मंगल कामना की। बिरसा मुंडा संग्रहालय भ्रमण के बाद वे जमशेदपुर में सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गए।

### भारत बनेगा औद्योगिक...

दोहराया और कहा कि देश अब किसी भी आतंकी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगा। जिस तरह सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई की, उससे स्पष्ट हो गया कि भारत केवल अपनी रक्षा नहीं करेगा, बल्कि दुनिया के अंदर जो आतंकवाद है, उस आतंकवाद को समाप्त करने के लिए नई नीति और नई कार्य योजना से काम करेगा। हमने यह भी साबित कर दिया कि इस देश के अंदर कोई भी देश आतंकवाद फैलाने का काम करेगा, तो उसका परिणाम 'ऑपरेशन सिंदूर' से भी गंभीर होगा। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने दुनिया को यह बता दिया कि 'सिंदूर' की भी कीमत होती है। आतंकवाद के खिलाफ भारत ने एक नई शैली में युद्ध लड़ा और पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया, जो हमारे जवानों की शौर्यगाथा को दर्शाता है। पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा और सांसद विद्युत वरण महतो ने भी व्यापारिक संगठनों के योगदान की सराहना की और उन्हें भारत की प्रगति का महत्वपूर्ण भागीदार बताया। समारोह की शुरुआत चैंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों के स्वागत और पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो भी मौजूद थे। शहर के कई प्रमुख उद्यमी, व्यापारी, अधिकारी और समाजसेवी भी समारोह में शामिल हुए। इससे पहले सोनारी एयरपोर्ट पहुंचने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का भव्य स्वागत किया गया और वहां से वे सीधे लोयोला स्कूल सभागार पहुंचे।

### किसान जागरूक होंगे...

किसान जागरूक बनें और गांव के प्रत्येक व्यक्ति तक विभाग की योजनाओं की जानकारी साझा करें, यह जरूरी है। ऐसा करके झारखंड के किसान भी केरल और महाराष्ट्र की तरह खुद को कृषि के क्षेत्र में सफल साबित कर सकते है। मंत्री ने कहा कि आज किसानों को आधुनिकता के दौर में विज्ञान और ज्ञान को अपनाना होगा। कृषि के क्षेत्र में उन्नत तकनीक से फसल की पैदावार में बढ़ोतरी तय है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि निदेशालय में जीर्णोद्धार के बाद तैयार कांफ्रेंस हॉल का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। ृषि निदेशक ताराचंद ने कहा कि झारखंड की 80 प्रतिशत आबादी खेती और किसानी से जुड़ी हुई है। राज्य में खरीफ की फसल को ही मुख्य फसल के तौर पर जाना जाता है। इस साल बीज वितरण के लिए 5 सरकारी कंपनियों को बीज मुहैया कराने का काम दिया गया है, ताकि बीज का वितरण पूरे राज्य में एक साथ शुरू हो सके। बीज दिवस के मौके पर रातु, बुढ़मू, कांके, मांडर, चान्हो और ओरमांझी प्रखंड के दो किसानों को बीज उपलब्ध कराया गया।

### किसानों का विकास...

66 लाख 24 हजार रुपए प्रस्तावित किए हैं। साथ ही, राज्य सरकार ने किसानों के लिए कई योजनाएं भी शुरू की हैं।

### कोकर में फर्नीचर...

इस अगलगी में लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। जानकारी के अनुसार, रविवार होने की वजह से दुकान पूरी तरह बंद थी। आसपास कुछ लोग अपने-अपने कामों में लगे थे, तभी अचानक दुकान से धुआं निकलने लगा। थोड़ी ही देर में आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं, तब जाकर लोगों को पता चला कि दुकान में आग लग गई है। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक आग चारों तरफ फैल गई। आग की लपटों ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना पर सदर थाने की टीम सबसे पहले मौके पर पहुंची। उसके बाद दमकल के कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने में जुट गईं। देर शाम तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर लगभग काबू पा लिया गया था। इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार के अनुसार, आग पर करीब-करीब काबू पा लिया गया है। अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' है...

यह माओवादी हिंसा से मुक्त सामान्य जीवन की ओर बढ़ते गांवों का प्रतीक है। इसी तरह, छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में शैक्षिक सफलता और खेल व विज्ञान के क्षेत्र में बच्चों की भागीदारी ने साबित किया कि परिवर्तन संभव है। प्रधानमंत्री ने जानकारी दी कि इस वर्ष 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' से जुड़ा मुख्य आयोजन विशाखापट्टनम में होगा, जिसमें वे स्वयं भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि 'योग' सिर्फ 'हेल्दी लाइफस्टाइल' नहीं, बल्कि 'कलेक्टिव वेलबीइंग' का माध्यम भी है। आंध्र प्रदेश सरकार के 'योगआंध्र' अभियान की सराहना करते हुए उन्होंने बताया कि 10 लाख लोगों का एक 'योग पूल' तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने डब्ल्यूएचओ के साथ हुए समझौता ज्ञापन का जिक्र करते हुए कहा कि अब 'ट्रेडिशनल मेडिसिन' को एक 'साइंटिफिक ग्लोबल फ्रेमवर्क' में शामिल किया जाएगा, जिससे आयुष को दुनिया भर में नई पहचान मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विश्व मधुमक्खी दिवस' के अवसर पर शहद उत्पादन में भारत की प्रगति को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि बीते 11 वर्षों में देश में 'स्वीट रिवोल्यूशन' आया है, जिससे शहद उत्पादन 60 प्रतिशत बढ़ा है। 'राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन मिशन' और 'शहद मिशन' के तहत हजारों किसानों को प्रशिक्षण, उपकरण और बाजार से जुड़ाव मिला। छत्तीसगढ़ का 'सोन हनी' जैसे स्थानीय ब्रांडों ने वैश्विक पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ने लोगों से स्थानीय उद्यमियों से शहद खरीदने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स की सफलता पर खुशी जताई, जिसकी मेजबानी बिहार के पांच शहरों ने की। पांच हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया और बिहार की खेल भावना की सराहना की। यह पहला आयोजन था, जिसे ओलंपिक चैनल के माध्यम से वैश्विक स्तर पर दिखाया गया। महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थान शीर्ष विजेता रहे। कुल 26 नए रिकॉर्ड बने, जिसमें कई खिलाड़ियों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। बिहार ने भी 36 पदक जीते। प्रधानमंत्री ने कहा, जो खेलता है, वही खिलता है और ऐसे आयोजनों को भारतीय खेलों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक बताया। प्रधानमंत्री ने गुजरात के गिर के शेरों की बढ़ती आबादी से जुड़ी खबर साझा करते हुए कहा कि यह संरक्षण और जनभागीदारी का परिणाम है। गुजरात के गिर वन में एशियाटिक शेरों की संख्या पांच वर्षों में 674 से बढ़कर 891 हो गई है। प्रधानमंत्री ने इसे समाज की 'ओनरशिप' की भावना का उदाहरण बताया और वन अधिकारियों, खासकर महिलाओं की भागीदारी, आधुनिक तकनीक और जनसहभागिता को इसका श्रेय दिया। 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने सिक्किम के डॉ चेवांग नोरबू भूटिया द्वारा स्थापित 'क्राफ्टेड फाइबर' ब्रांड की सराहना की। उन्होंने पारंपरिक बुनाई को आधुनिक फैशन से जोड़ते हुए कहा कि इसने स्थानीय महिलाओं, पशुपालकों और स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाया है। उत्तराखंड के हल्द्वानी निवासी जीवन जोशी ने पोलियो के बावजूद चीड़ के पेड़ों की छाल से 'बगेट' नाम की अनोखी कला विकसित की। प्रधानमंत्री ने उन्हें जीवंत प्रेरणा बताते हुए उनके साहस और रचनात्मकता की भूरी-भूरी प्रशंसा की। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले की ग्रामीण महिलाएं अब ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल कर खेती में क्रांति ला रही हैं। प्रधानमंत्री ने उन्हें 'स्काई वॉरियर्स' कहकर संबोधित किया और बताया कि तकनीक और संकल्प मिलकर बड़े बदलाव ला सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीबीएसई की 'शुगर बोर्ड' पहल की जानकारी दी, जिससे बच्चे चीनी की खपत के प्रति जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने इसे स्वस्थ जीवनशैली की ओर एक बड़ा कदम बताया। प्रधानमंत्री ने आइटीबीपी की माउंट मकालू चढ़ाई टीम के पर्यावरण की दृष्टि से किए गए विशेष कार्य का उल्लेख किया। उन्होंने यहां से 150 किलो गैर-अपघटनीय कचरा नीचे लाकर स्वच्छता का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री ने पेपर वेस्ट और रीसाइक्लिंग की आवश्यकता पर बल दिया और बताया कि कैसे देशभर में स्टार्टअप्स इस दिशा में अभिनव प्रयास कर रहे हैं।

### लालू प्रसाद ने...

लोक जीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद। दरअसल, एक दिन पहले शनिवार को तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया अकाउंट का कथित पोस्ट वायरल हुआ था। सोशल मीडिया पर दावा किया गया था कि यह पोस्ट तेज प्रताप यादव ने किया है, जिसमें उन्हें एक युवती के साथ देखा गया था। इसमें लिखा गया था, मैं तेज प्रताप यादव और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं, उनका नाम अनुष्का यादव है। हम दोनों पिछले 12 सालों से एक-दूसरे को जानते हैं और प्यार भी करते हैं। हम लोग पिछले 12 साल से एक रिलेशनशिप में रह रहे हैं। हालांकि, इस पोस्ट से जुड़े स्क्रीनशॉट के वायरल होने के कुछ घंटे बाद तेज प्रताप यादव की तरफ से सफाई भी आई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, मेरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को है एवं मेरे तस्वीरों को गलत तरीके से एडिट कर मुझे और मेरे परिवार वालों को परेशान और बदनाम किया जा रहा है, मैं अपने शुभचिंतकों और फॉलोअर्स से अपील करता हूं कि वे सतर्क रहें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने कतर की शूरा काउंसिल से मुलाकात की

# पाक प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ समर्थन मांगा



**दोहा (आईएएनएस)**

रविवार को भारत के सभी प्रमुख दलों के सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल कतर की राजधानी दोहा पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) की सांसद सुप्रिया सुले ने किया। उन्होंने कतर की शूरा काउंसिल से मुलाकात की, जिसमें पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत का मजबूत और एकीकृत संदेश दिया गया और परिषद को ऑपरेशन सिंदूर के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। इस प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के राजीव प्रताप रूडी, अनुराग ठाकुर और वी. मुरलीधरन, कांग्रेस के मनीष तिवारी और आनंद शर्मा, तेलगु देशम पार्टी के श्री कृष्ण देवरायलु, आम आदमी पार्टी के विक्रमजीत सिंह साहनी और पूर्व राजनयिक सैयद अकबरुद्दीन शामिल थे। यह दल कतर के बाद दक्षिण अफ्रीका, इथियोपिया और मिस्र की यात्रा भी करेगा। इस पूरी यात्रा का उद्देश्य भारत की विदेश नीति को मजबूती देना और आतंकवाद के खिलाफ भारत की स्थिति को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मजबूत करना है।

अपनी मुलाकातों के हिस्से के रूप में, प्रतिनिधिमंडल ने कतर के विधायी निकाय को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी, जो कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से की गई एक सटीक सैन्य कार्रवाई थी। उन्होंने दुनिया से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। इससे पहले दिन में प्रतिनिधिमंडल ने दोहा स्थित भारतीय दूतावास परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने न्यूयॉर्क में आतंकवाद से लड़ने के भारतीय संकल्प को दोहराया



**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)**

कांग्रेस नेता शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने न्यूयॉर्क में प्रमुख थिंक टैंक, अकादमिक नेताओं और मीडिया के समक्ष अपनी बात रखी। इस बातचीत में प्रतिनिधिमंडल ने दृढ़ता के साथ भारत के आतंकवाद से लड़ने के संकल्प को रेखांकित किया। इसकी पुष्टि न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर की। वाणिज्य दूतावास के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, "शशि थरूर के नेतृत्व में राजनयिक आउटरीच यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क पहुंचे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। भारतीय प्रतिनिधियों ने "आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता और एकीकृत राष्ट्रीय संकल्प का दृढ़ संदेश दिया और आतंकवाद का मुकाबला करने, इसके नेटवर्क को समाप्त करने और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए मजबूत अंतरराष्ट्रीय तंत्र की वकालत की।" इसके साथ ही भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क पर ताबड़तोड़ एक्शन

## यूपी में 20 व्हाट्सएप ग्रुप व 500 फोन नंबर एटीएस के रडार पर

**नई दिल्ली** । उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते (यूपी एटीएस) ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में वाराणसी के नवापुरा से मोहम्मद तुफैल को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, तुफैल के व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र के 500 से अधिक मोबाइल नंबर अब निगरानी में हैं। जांच में पता चला कि पाकिस्तान से जुड़े कई वॉट्सऐप ग्रुप में शामिल होने के बाद तुफैल को फैसलाबाद की नफीसा नाम की महिला से संपर्क करने का निर्देश दिया गया। धीरे-धीरे वह हनी ट्रैप में फंस गया। तुफैल नियमित रूप से नफीसा से चैट करता था और उसे संवेदनशील जगहों की तस्वीरें भेजने लगा।

## यूक्रेन पर रूस का अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला, 13 की मौत

**रूस**। रूसी सेना ने कल रात यूक्रेन पर अपना सबसे बड़ा हवाई हमला किया। रात भर चले इस विनाशकारी हमले में रूसी सेना ने यूक्रेनी शहरों पर 367 ड्रोन और मिसाइलें दागीं। कीव, खार्किव, मायकोलाइव, टेरनोपिल और खमेलनित्सकी में हुए हमलों में तीन बच्चों समेत 13 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय गवर्नर के अनुसार, दक्षिणी यूक्रेन के मायकोलाइव में, एक रूसी ड्रोन हमले में 77 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। हमले में एक आवासीय अपार्टमेंट की इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिसमें विस्फोट से एक बड़ा छेद हो गया और मलबा जमीन पर बिखरा हुआ था।

सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के हेल्थ इंश्योरेंस का मामला

# उद्योगपतियों से कपिल सिब्बल ने मांगे 50 करोड़ रुपए

- सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन में हुआ विरोध



**ब्यूरो**

**नई दिल्ली** । सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बार के सदस्यों के लिए सामूहिक चिकित्सा बीमा पॉलिसी के लिए कुछ बड़े उद्योगपतियों से 50 करोड़ रुपये जुटाए हैं, लेकिन उनकी इस करनी का एसोसिएशन के भीतर एक वर्ग ने विरोध किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह जो सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन का बीते सप्ताह नए अध्यक्ष बने हैं का कहना है कि एससीबीए के नए अध्यक्ष के रूप में मेरा पहला प्रयास कार्यकारी समिति की बैठक में इस नीति पर चर्चा करना होगा। मेरा व्यक्तिगत विचार है कि इस नीति पर निश्चित रूप से फिर से बातचीत करने या इसे समाप्त करने की आवश्यकता है, क्योंकि हम 2 लाख रुपये के कवर के लिए जो प्रीमियम दे रहे हैं, वह 5 लाख रुपये के कवर के लिए दिए जाने वाले प्रीमियम से बहुत ज्यादा है। एससीबीए की आम सभा की बैठक में विकास सिंह ने अपना विरोध जताया था। यह पूछे जाने पर कि क्या सिब्बल के प्रयास से हितों के टकराव का मुद्दा उठता है, तो इस पर विकास सिंह ने कहा कि यह इस बात पर निर्भर करता है कि ये सीएसआर फंड हैं या नहीं। विकास सिंह ने कहा कि यदि यह सीएसआर निधि नहीं है तो इसमें कोई विवाद नहीं है, क्योंकि यह धन एसोसिएशन को दिया जाता है, किसी व्यक्ति को नहीं।

वहीं इस मामले में कपिल सिब्बल ने कहा है कि यहां हितों का कोई टकराव नहीं है। सवाल ही कहां है? दान एसोसिएशन को दिया जाता है, किसी सदस्य को नहीं। इसके अलावा, व्यक्तिगत रूप से, मैं इनमें से कई कंपनियों के खिलाफ़ या उनके पक्ष में पेश हो चुका हूं और फिर से पेश हो सकता हूँ। मैं उन पर आरोप लगाता हूँ। हमारा पेशेवर करियर हमारी दोस्ती पर आधारित नहीं है।इस मामले में कपिल सिब्बल ने कहा कि मुकेश अंबानी (रिलायंस इंडस्ट्रीज) ने 10 करोड़ रुपये का योगदान दिया, जबकि अनिल अंबानी (रिलायंस समूह), गौतम अडानी (अडानी समूह), एन चंद्रशेखरन ( टाटा संस), समीर मेहता (टोरेंट समूह), जीएम राव (जीएमआर समूह), कुमार मंगलम बिड़ला (आदित्य बिड़ला समूह), अनिल अग्रवाल (वेदांता) और लक्ष्मी मित्तल (आर्सेलर मित्तल) ने 5-5 करोड़ रुपये दिए।सिब्बल ने कहा कि कॉर्पोरेट्स को आयकर अधिनियम की धारा 80जी के तहत कर छूट मिलेगी। निर्दिष्ट संस्थाओं को दिए गए दान को धारा 80जी के तहत कर योग्य आय से घटाया जा सकता है। एससीबीए के नए अध्यक्ष सिंह ने कहा कि उनका प्रयास यह सुनिश्चित करना होगा कि यह नीति केवल बार के जरूरतमंद सदस्यों या बुजुर्ग माता-पिता का समर्थन करने वाले सदस्यों के लिए उपलब्ध हो। इस बारे में विकास सिंह ने कहा कि इसे हमारे जैसे लोगों के लिए उपलब्ध नहीं कराया जाना चाहिए। पिछली कार्यकारी समिति द्वारा घोषित नीति, मेरे, सिब्बल आदि सहित सभी के लिए है। इस तरह के पैसे का उपयोग कभी भी इसके लिए नहीं किया जा सकता है यह सब मेरी कार्यकारी समिति के साथ चर्चा करने के बाद ही किया जाएगा। कपिल सिब्बल के अनुसार सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले 95 प्रतिशत वकील अच्छी कमाई नहीं करते हैं। वे पूरे देश से दिल्ली में प्रैक्टिस करने आते हैं। उनमें से ज्यादातर की कमाई अच्छी नहीं होती। उन्हें किराए, अपने परिवार पर पैसे खर्च करने पड़ते हैं और अगर वे बीमार पड़ जाते हैं, तो उन्हें मेडिकल बिल का भुगतान करना पड़ता है। सिब्बल ने कहा कि एससीबीए के लगभग 2,700-2,800 सदस्य हैं जिनके पास वोटिंग अधिकार हैं, और वे स्वास्थ्य कवर के लिए पात्र होंगे।

### सिब्बल ने कैसे अपने पुराने क्लाइंट्स से जुटाए 50 करोड़ रु.

21 मई को एससीबीए द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कपिल सिब्बल ने बताया कि उन्होंने पैसे कैसे जुटाए। सिब्बल ने कहा कि मैंने उन लोगों से पैसे इकट्ठा करना शुरू किया, जिनकी मैंने पिछले 52 सालों से सेवा की है। मैंने वेदांता के अनिल अग्रवाल को फोन किया। वे तुरंत सहमत हो गए और हमें 5 करोड़ रुपए का योगदान दिया। मैंने अपने एक प्रिय मित्र अनिल अंबानी को फोन किया और उनके पास हां कहने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। कपिल सिब्बल ने कहा कि मैंने गौतम अडानी को फोन किया और कहा कि अब आपके लिए योगदान देने का समय आ गया है क्योंकि आप कमोबेश भारत के बादशाह हैं और आपके लिए 5 करोड़ रुपये बहुत कम हैं। उन्होंने कहा कि अगर आपको और चाहिए तो मैं और दूंगा, लेकिन ये रहे 5 करोड़ रुपये। इसलिए उन्होंने 5 करोड़ रुपये दिए। उन्होंने कहा, "श्री कुमार मंगलम बिड़ला, मेरे पुराने मित्र हैं। उन्होंने कई सालों तक बिड़ला साम्राज्य की सेवा की... कभी उनसे कुछ नहीं मांगा। इसलिए मैंने कहा, आपसे 5 करोड़ रुपये और चाहिए, और उन्होंने हां कह दिया। कपिल सिब्बल ने बताया कि राशि जुटाने के बाद क्या किया गया। उन्होंने कहा कि मैंने अपोलो समूह से संपर्क किया, जो मेरे क्लाइंट भी हैं। मैं परिवार के मुखिया को जानता हूं, अपोलो समूह का मुखिया मेरा पुराना दोस्त है। इसलिए मैंने कहा कि देखो, हम चाहते हैं कि तुम इसे संभालो। उन्होंने बाजार को देखा और नेशनल इंश्योरेंस कंपनी नामक एक कंपनी को पकड़ा। और हमने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी से बात करना शुरू किया कि हमारे युवा वकीलों को किस तरह के लाभ मिल सकते हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं... इस देश में कोई भी बीमा पॉलिसी इतनी सारी सुविधाएं नहीं देती जितनी यह देती है।भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एससीबीए को 50 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि निस्संदेह, यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है जो कानूनी समुदाय के कल्याण के लिए गहरी चिंता को दर्शाती है।

## ट्रंप बनाम हार्वर्ड विश्वविद्यालय : अंतरराष्ट्रीय छात्र दाखिले पर राष्ट्रपति का नया हमला



**एजेंसी । नई दिल्ली**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय पर अपने हमले तेज़ कर दिए हैं। उन्होंने अपने प्रशासन के उस कदम का बचाव किया, जिसके तहत अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को विश्वविद्यालय में दाखिला देने की हार्वर्ड की क्षमता पर रोक लगाने की कोशिश की जा रही थी। यह नया हमला एक अमेरिकी न्यायाधीश द्वारा शुक्रवार को ट्रंप प्रशासन की इस कार्रवाई को निलंबित करने के बाद आया है। न्यायाधीश ने ट्रम्प प्रशासन को हार्वर्ड विश्वविद्यालय की विदेशी छात्रों को नामांकित करने की क्षमता को रद्द करने से रोक दिया है, जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के अनुरूप शिक्षा में प्रथाओं को ढालने के व्हाइट हाउस के प्रयासों को बढ़ावा दे रहा था।

एप्पल पर टैरिफ संकट

### टैरिफ के बिना बिक्री : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब अपने बयान से पलट गए है। डोनाल्ड ट्रम्प ने एप्पल कंपनी से कहा है कि वो भारत में अपने प्लांट लगाने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र है। इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी भी दे डा ली है जो कि एप्पल कंपनी के लिए है। डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी कि अगर ऐसा होता है तो कंपनी को संयुक्त राज्य अमेरिका में अपने उत्पाद बेचने पर टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में परमाणु ऊर्जा से संबंधित कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करते समय ये टिप्पणियां कीं।

केरल में लाइबेरिया का कार्गो शिप डूबा

## नेवी-कोस्टगार्ड ने बचाईं 24 जानें कंटेनर्स में खतरनाक केमिकल थे



**कोच्चि । एजेंसी**

केरल में कोच्चि तट पर लाइबेरिया का कार्गो शिप एमएमसी एल्सा 3 डूब गया। इंडियन कोस्ट गार्ड और नेवी ने सभी 24 क्रू मेंबर्स को बचा लिया गया। शिप पर लदे 640 कंटेनर्स में कैल्शियम कार्बाइड, डीजल, फर्नेस ऑयल समेत कुछ खतरनाक केमिकल्स भरे थे। शिप 23 मई को केरल के ही विझिनजाम पोर्ट से कोच्चि के लिए रवाना हुआ था। 24 मई को दोपहर करीब 1:25 बजे कोच्चि तट से 38 समुद्री मील की दूरी पर करीब 26 डिग्री तक झुकने की खबर दी गई। इमरजेंसी की सूचना मिलते ही कोच्चि में आईसीजी के मरीन रेस्क्यू सब सेंटर ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। देर शाम तक रूस, यूक्रेन, जॉर्जिया और फिलीपींस के 24 क्रू मेंबर्स में से 21 को बचा लिया गया। बाकी तीन सीनियर क्रू मेंबर शिप को डूबने से बचाने की कोशिश के लिए शिप पर ही रहे। हालांकि, शिप का झुकाव बढ़ता रहा और आज वह डूब गया। नेवी शिप आईएनएस सुजाता ने बाकी तीन क्रू मेंबर्स को भी बचा लिया। शिप के एक तरफ झुकने की वजह का अभी पता नहीं चला है।

## पाक को चीन से हथियार, भारत अब भी रूस पर निर्भर

**नई दिल्ली** । अमेरिका की रक्षा खुफिया की एक नई रिपोर्ट में यह बताया गया है कि पाकिस्तान, अपने अस्तित्व के लिए भारत को एक खतरे के तौर पर देखता है। इस वजह से वह अपने परमाणु हथियारों को आधुनिक बनाने और सैन्य क्षमता बढ़ाने के लिए चीन से आर्थिक और सैन्य समर्थन ले रहा है। वहीं, भारत, पाकिस्तान को सिर्फ एक सुरक्षा चुनौती मानता है जिसे संभाला जा सकता है। भारत असली खतरा चीन को मानता है और अपनी सैन्य तैयारियां भी उसी के हिसाब से करता है। मेक इन इंडिया के बावजूद भारत अभी भी रूसी हथियारों पर निर्भर है। यूनाइटेड स्टेट्स डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी की वर्ल्ड थ्रेट असेसमेंट 2025 रिपोर्ट में कहा गया है।

जस्टिस नागरत्ना का सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम का हिस्सा बनना तय

## बन सकती हैं देश की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली**। जस्टिस बीवी नागरत्ना देश की पहली महिला चीफ जस्टिस



बनने की कतार में शामिल हो गईं। जस्टिस अभय एस ओका के सेवानिवृत होने के बाद लगभग यह साफ हो चुका है। नागरत्ना अब 5वीं सबसे वरिष्ठ जज होने के नाते आधिकारिक रूप से कॉलेजियम का हिस्सा बन जाएंगी, और 29 अक्टूबर, 2027 को देश की चीफ जस्टिस के रूप में सेवानिवृत्त होने तक इसका हिस्सा रहेंगी।कॉलेजियम में अब सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस नागरत्ना शामिल होंगे। सीजेआई गवई सोमवार को शीर्ष न्यायालय में रिक्तियों को संबोधित करने और कई उच्च न्यायालयों में महत्वपूर्ण नियुक्तियां करने के लिए अपनी पहली कॉलेजियम बैठक बुला सकते हैं। जस्टिस ओका की सेवानिवृत्ति के बाद शीर्ष अदालत में तीन न्यायाधीशों का पद रिक्त हो जाएगा।कॉलेजियम प्रणाली के तहत, जो सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद 1993 में अस्तित्व में आई, सुप्रीम कोर्ट के पांच शीर्ष न्यायाधीश व 25 उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति, स्थानांतरण तथा पदोन्नति की सिफारिश करते हैं। इस व्यवस्था के तहत सरकार कॉलेजियम को सिफारिश लौटा सकती है। कॉलेजियम द्वारा दोबारा सिफारिश दोहराए जाने पर सरकार आमतौर पर सिफारिश स्वीकार कर लेती है। लेकिन ऐसे मामले भी आए हैं जब सरकार ने फाइल को फिर से लौटा दिया है या सिफारिशों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। 30 अक्टूबर 1962 को जन्मी जस्टिस नागरत्ना पूर्व मुख्य न्यायाधीश ई.एस. वेंकटरमैया की पुत्री हैं। उन्होंने 28 अक्टूबर 1987 को बेंगलुरु में एक वकील के रूप में पंजीकरण कराया और संविधान, वाणिज्य, बीमा और सेवा से संबंधित क्षेत्रों में प्रैक्टिस की।18 फरवरी, 2008 को उन्हें कर्नाटक हाई कोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया तथा 17 फरवरी, 2010 को वे स्थायी न्यायाधीश बनीं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में उनका कार्यकाल 29 अक्टूबर, 2027 तक रहेगा और 23 सितंबर, 2027 के बाद पहली महिला मुख्य न्यायाधीश के रूप में उनका कार्यकाल एक महीने से अधिक का हो सकता है।




## दुबई में होने वाले अरब मीडिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे सैफ अली खान

शिखर सम्मेलन में 6,000 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे, जिनमें प्रमुख मंत्री, प्रधान संपादक, मीडिया दिग्गज, कंटेंट निर्माता, प्रभावशाली हस्तियां, शिक्षाविद और संयुक्त अरब अमीरात व अरब दुनिया के मीडिया तकनीक पेशेवर शामिल हैं। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान यहां अरब मीडिया शिखर सम्मेलन (एएमएस) 2025 में भाग लेंगे। इस सम्मेलन में मनोरंजन, पत्रकारिता एवं डिजिटल दुनिया की अन्य प्रभावशाली हस्तियां भी शामिल होंगीं। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में ब्रिटिश मीडिया जगत के दिग्गज पियर्स मॉर्गन भी शामिल होंगे।

**प्रतिभागी**
- 6,000 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

**खास आकर्षण**
- तीसरे और अंतिम दिन अभिनेता सैफ अली खान एक संवाद सत्र में भाग लेंगे।
- मॉर्गन सम्मेलन के इन्फ्लुएंसर सत्र का हिस्सा बनेंगे।
- एजेंडे की घोषणा शुक्रवार को दुबई प्रेस क्लब में की गई।


